जैन स्तोक मंजूषा
भाग–५

१. शक्रेन्द्र और ईशानेन्द्र के लोकपालों एवं उनकी राजधानियों का थोकड़ा

(भगवतीसूत्र, शतक तीसरा, उद्देशा सातवां; शतक चौथा, उद्देशा आठवां)

१–अहो भगवन्! शक्रेन्द्रजी के कितने लोकपाल हैं? हे गौतम! चार लोकपाल हैं–सोम, यम, वरुण, वैश्रमण। सौधर्मावतंसक विमान से पूर्वादि दिशाओं में असंख्यात योजन जाने पर अनुक्रम से इन चारों के विमान आते हैं। इनका यन्त्र और कितनाक वर्णन सूर्याभविमान के समान है। मेरुपर्वत से दक्षिणदिशा में जितना भी काम होता है, वह सब इन चारों लोकपालों की जानकारी में होता है।

चारों लोकपालों के विमान, विमानों की लम्बाई–चौड़ाई, परिधि तथा राजधानी का वर्णन इस प्रकार है–

सोम लोकपाल का सन्ध्याप्रभ विमान और सोमा राजधानी है। यम लोकपाल का वरशिष्ट विमान और जमा राजधानी है। वरुण लोकपाल का सयंजल विमान और वरुण राजधानी है। वैश्रमण लोकपाल का वल्गु विमान और वैश्रमणा राजधानी है। सब लोकपालों के विमानों की लम्बाई–चौड़ाई १२॥ लाख योजन है और परिधि ३९५२८४८ योजन झाझेरी (कुछ ज्यादा) है। राजधानी की लम्बाई–चौड़ाई और परिधि जम्बूद्वीप प्रमाण है। उपलेणका (चबूतरा) १६००० –१६००० योजन है। सब के *३४१–३४१ महल झूमकारूप हैं।

शक्रेन्द्र के लोकपाल सोम और यम की स्थिति एक

---

* बीच में मूल प्रासाद है, उसके चारों तरफ चार महल मूल से आधे लम्बे चौड़े ऊँचे हैं। चारों के चौतरफ १६ महल उनसे आधे, उन सोलह के चौतरफ ६४ महल उनसे आधे, उन चौसठ महल के चौतरफ २५६ महल, उनसे आधे = १+४+१६+६४+२५६=३४१महल का झूमका ऊपर लिखे अनुसार है।

पल्योपम और पल्योपम के तीसरे भाग अधिक की है। वरुण की स्थिति देश-ऊणी (कुछ कम) दो पल्योपम की है। वैश्रमण की स्थिति दो पल्योपम की है। सब लोकपालों के पुत्रवत् (पुत्रस्थानीय), आज्ञाकारी देवों की स्थिति १ पल्योपम की है।

सोम लोकपाल के आज्ञाकारी देव, देवियों के नाम- सोमकायिक, सोमदेवकायिक, विद्युत्कुमार, विद्युत्कुमारी, अग्निकुमार, अग्निकुमारी, वायुकुमार, वायुकुमारी, चन्द्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र, तारा। पुत्रवत् देवों के नाम-मंगल, विकोलिक, लोहिताक्ष, शनिश्चर, चन्द्र, सूर्य, शुक्र, बुध, बृहस्पति, राहु।

यम लोकपाल के आज्ञाकारी देव, देवियों के नाम-- यमकायिक, यमदेवकायिक, प्रेतकायिक, प्रेतदेवकायिक, असुरकुमार, असुरकुमारी, कंदर्प, नरकपाल (परमाधार्मिक)। पुत्रवत् देवों के नाम-अम्ब, अम्बरिस, श्याम, शबल, रुद्दे (रुद्र) उवरुद्दे (उपरुद्र), काल, महाकाल, असिपत्र, धनुष, कुम्भ, बालू, वैतरणी, खरस्वर, महाघोष।

वरुण लोकपाल के आज्ञाकारी देव, देवियों के नाम- वरुणकायिक, वरुणदेवकायिक, नागकुमार, नागकुमारी, उदधिकुमार, उदधिकुमारी, स्तनितकुमार, स्तनितकुमारी। पुत्रवत् देवों के नाम- कर्कोटक, कर्दमक, अञ्जन, शंखपाल, पुण्ड्र, पलाश, मोद, जय, दधिमुख, अयंपुल, कातरिक।

वैश्रमण लोकपाल के आज्ञाकारी देव, देवियों के नाम-- वैश्रमणकायिक, वैश्रमणदेवकायिक, सुवर्णकुमार, सुवर्णकुमारी, द्वीपकुमार, द्वीपकुमारी, दिशाकुमार, दिशाकुमारी, वाणव्यन्तर, वाणव्यन्तरी। पुत्रवत् देवों के नाम--पूर्णभद्र, मणिभद्र, शालिभद्र, सुमनोभद्र, चक्ररक्ष, पूर्णरक्ष, सद्वान, सर्वयश, सर्वकाम, समद्ध, अमोघ, असंग। ग्रामदाह यावत् सन्निवेशदाह, धनक्षय, जनक्षय,

जैन स्तोक मंजूषा

(भाग-५, ६, ७)

प्रकाशनः

श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ,

समता भवन, बीकानेर (राजस्थान)

कुलक्षय आदि काम सोम लोकपाल के जाणपणा (जानकारी) में होते हैं। डिंबादि अनेक प्रकार के युद्ध और अनेक प्रकार के रोग यम लोकपाल के जाणपणा में होते हैं। अतिवृष्टि और अनावृष्टि, सुकाल, दुष्काल, झरना, तालाब, पानी का प्रवाह आदि वरुण लोकपाल के जाणपणा में होते हैं। लोह की खान, सोना, चांदी, सीसा, ताम्बा, रत्नों की खान, गड़ा हुवा धन वैश्रमण लोकपाल के जाणपणा में होते हैं।

ईशानेन्द्रजी के ४ लोकपाल हैं–सोम, यम, वरुण, वैश्रमण। ईशानावतंस विमान से उत्तरदिशा में इनके ४ विमान हैं–सुमन, सर्वतोभद्र, वल्गु, सुबल। सोम और यम की स्थिति दो पल्योपम में पल का तीसरा भाग ऊणी है। वैश्रमण की स्थिति दो पल्योपम की है। वरुण की स्थिति दो पल्योपम और पल का तीसरा भाग अधिक है। मेरुपर्वत से उत्तरदिशा में होने वाले सब काम इनके जाणपणा में होते हैं। सब लोकपालों के पुत्रवत् (पुत्र–स्थानीय), आज्ञाकारी देवों की स्थिति १ पल्योपम की है। शेष सारा अधिकार पूर्ववत् जान लेना चाहिए।

२. अधिपति देवों का थोकड़ा

(भगवतीसूत्र, शतक तीसरा, उद्देशा आठवां)

१–अहो भगवन्! असुरकुमार आदि भवनपति देवों में कितने अधिपति हैं? हे गौतम! असुरकुमार आदि दस भवनपतियों की एक–एक जाति में १०–१० अधिपति हैं, एक–एक जाति में दो–दो इन्द्र हैं। एक–एक इन्द्र के चार–चार लोकपाल हैं।

२–अहो भगवन्! वाणव्यन्तर देवों में कितने अधिपति हैं? हे गौतम! वाणव्यन्तर देवों में यावत् गन्धर्व तक दो–दो इन्द्र हैं और वे ही अधिपति हैं। वाणव्यन्तर देवों में लोकपाल नहीं होते।

जैन स्तोक मंजूषा

(भाग-५, ६, ७)

* प्रथम संस्करण

दिसम्बर, 1996 प्रतियां 2200

* मूल्य -36/- रुपये

* अर्द्ध मूल्य- 18/- रुपये

* प्रकाशक-

श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन

समता भवन, बीकानेर-334005 (राज.)

* मुद्रक-

कल्याणी प्रिण्टर्स

मालगोदाम रोड,

बीकानेर (राज.)

फोन : 526890

३–अहो भगवन्! ज्योतिषी देवों में कितने अधिपति हैं? हे गौतम! ज्योतिषी देवों में चन्द्र और सूर्य ये दो अधिपति हैं और ये दो इन्द्र हैं। इनमें लोकपाल नहीं होते।

४–अहो भगवन्! वैमानिक देवों में कितने अधिपति हैं? हे गौतम! पहले, दूसरे देवलोक में १० अधिपति हैं। इसी तरह तीसरे, चौथे में १०, पांचवें से आठवें तक में ५–५ (एक–एक इन्द्र, चार–चार लोकपाल), नवमा, दसवां में ५, ग्यारहवां, बारहवां में ५ अधिपति हैं। नवग्रैवेयक और अनुत्तर विमानों में अधिपति नहीं होते। वे सब अहमिन्द्र हैं। दक्षिणदिशा के लोकपालों के जो नाम कहे हैं, वे ही उत्तरदिशा के लोकपालों के नाम हैं। किन्तु तीसरे के स्थान में चौथा और चौथे के स्थान में तीसरा नाम कहना चाहिए। इनके नाम ठाणांग सूत्र के चौथे ठाणे में हैं।

३. देवता देवी की परिषद्, परिवार स्थिति का थोकड़ा

(भगवतीसूत्र, शतक तीसरा, उद्देशा दसवां)

१–अहो भगवन्! भवनपति और वैमानिक देवों में कितनी परखदा (परिषद्–सभा) हैं? हे गौतम! तीन–तीन परिषद् हैं–समिया (शमिका–शमिता), चण्डा, जाया। इनमें से समिया आभ्यन्तर परिषद् है। इससे इन्द्र महाराज सलाह पूछते हैं, विचार करते हैं। चण्डा मध्यम परिषद् है, इससे इन्द्र महाराज अपना विचार कहते हैं और नक्की (तय) करते हैं। जाया बाहर की परिषद् है, इसको इन्द्र महाराज अपना विचारा हुआ काम कह कर आज्ञा देते हैं। आभ्यन्तर परिषद् बुलाने से आती है, मध्यम परिषद् बुलाने से और बिना बुलाने से भी आती है, बाह्य परिषद् बिना बुलाये ही आती है।

प्रकाशकीय

गणधरों द्वारा ग्रंथित आगम ग्रन्थों का अध्ययन और अनुशीलन जन सामान्य के लिए दुरुह है। किन्तु कोई भी जिज्ञासु पाठक सूक्ष्मार्थ प्रतिपादक इन विशालकाय ग्रन्थों से सरलता से तत्त्वज्ञान प्राप्त कर सके इसलिए शास्त्रों में आये हुए मूल पाठों के आधार पर 'स्तोकों-थोकड़ों' का संकलन हुआ इनमें विशेष रूप से भगवती सूत्र और प्रज्ञापना सूत्र के स्तोकों का संकलन दृष्टिगत होता है। इन स्तोकों की वाचना, पृच्छना, परियट्टणा और अनुप्रेक्षा करके अनेक भव्य आत्माओं ने तलस्पर्शी तत्त्वज्ञान रहस्य प्राप्त किया है।

भगवती और प्रज्ञापना सूत्र के थोकड़ों का सर्वप्रथम व्यवस्थित प्रकाशन श्री अगरचन्द भैरुंदान सेठिया जैन पारमार्थिक संस्था द्वारा हुआ। इसमें श्रद्धेय स्व. आचार्य श्री गणेशीलालजी म.सा. के शिष्य शास्त्रमर्मज्ञ पं. रत्न श्री पन्नालालजी म.सा. तथा सुश्रावक श्री हीरालालजी मुकीम को सैंकड़ों थोकड़े कंठस्थ थे उनको भी जेठमलजी सेठिया ने लिपिबद्ध करवाया। तत्पश्चात् भगवती सूत्र के थोकड़ों के नौ भागों में तथा प्रज्ञापना सूत्र के थोकड़ों के तीन भागों में विभाजित कर प्रकाशित करवाया। अनेक संत-सती एवं मुमुक्षु भव्य जन इन थोकड़ों से लाभान्वित हुए।

इन थोकड़ों को कंठस्थ करने से तथा चिन्तन, मनन अन्वेषण करने से शास्त्रों के गहन विषयों पर भी

२–अहो भगवन्! वाणव्यन्तर देवों में कितनी परिषद् हैं? हे गौतम! तीन परिषद् हैं–इसा, तुडिया, दढरया (दृढरथा)।

३–अहो भगवन्! ज्योतिषी देवों में कितनी परिषद्.हैं? हे गौतम! तीन परिषद् हैं–तुम्बा, तुडिया और पर्वा।

इनका (वाणव्यन्तर और ज्योतिषी देवों की परिषदाओं का) काम भवनपति और वैमानिक देवों में कहा, उसी तरह जानना चाहिए।

अब संख्या और स्थिति का अधिकार चलता है, सो कहते हैं–

चमरेन्द्रजी की आभ्यन्तर परिषद् में २४,००० देव और ३५० देवियाँ, मध्यम परिषद् में २८,००० देव और ३०० देवियाँ, बाह्य परिषद् में ३२,००० देव और २५० देवियाँ हैं। देवों की स्थिति क्रम से २॥ पल, २ पल और १॥ पल है। देवियों की स्थिति क्रम से १॥ पल, १ पल और आधा पल है।

बलीन्द्रजी की तीनों परिषद् में क्रम से २०,००० २४,००० और २८,००० देव हैं और ४५०, ४०० और ३५० देवियाँ हैं। देवों की स्थिति क्रम से ३॥ पल, ३ पल और २॥ पल है। देवियों की स्थिति २॥ पल, २ पल और १॥ पल है।

दक्षिणदिशा के नवनिकाय के देवों की तीनों परिषद् में क्रम से ६०,०००, ७०,००० और ८०,००० देव हैं और १७५, १५० और १२५ देवियाँ हैं। देवों की स्थिति क्रम से आधा पल झाझेरी, आधा पल और देश–ऊणी आधा पल है। देवियों की स्थिति क्रम से देश–ऊणी आधा पल, पाव पल झाझेरी और पाव पल की है।

उत्तरदिशा के नवनिकाय के देवों की तीनों परिषद् में क्रम से ५०,०००, ६०,००० और ७०,००० देव हैं और २२५, २०० और १७५ देवियाँ हैं। देवों की स्थिति क्रम से देश–ऊणी एक पल,

सरलता से अधिकार प्राप्त हो जाता है। इस बात का परीक्षण जब समता विभूति समीक्षण ध्यान योगी आचार्य भगवन श्री नानालालजी म.सा. तथा शास्त्रज्ञ, तरुणतपस्वी अवधूत साधक श्रद्धेय युवाचार्य श्री रामलालजी म.सा. ने किया तो एक योजना बनी कि विद्यार्थी जीवन के प्रारम्भ में ही थोकड़े स्मरण करने के संस्कार डालना आवश्यक है। इधर श्री साधुमार्गी जैन धार्मिक परीक्षा बोर्ड द्वारा भी नवीन पाठ्यक्रम निर्धारण की मांग जब परम श्रद्धेय आचार्य श्री जी म.सा. एवं परम श्रद्धेय युवाचार्य श्री जी म.सा. के समक्ष रखी गयी तब आचार्य देव ने नवीन पाठ्यक्रम निर्धारण के लिए श्री युवाचार्य प्रवर को संकेत किया। संकेतानुसार श्रद्धेय युवाचार्य प्रवर ने उपस्थित सन्त-सती वर्ग के परामर्श से नवीन पाठ्यक्रम का निर्माण किया और उसमें अपने पूर्व चिन्तन का अनुसरण करते हुए थोकड़ों को भी एक महत्त्वपूर्ण स्थान दिया। अपनी विलक्षण प्रज्ञा से श्रद्धेय युवाचार्य श्री जी म. सा. ने विद्यार्थियों के परीक्षा स्तर को दृष्टि में रखते हुए उनके अनुकूल थोकड़ों की नवीन संयोजना की।

श्रद्धेय युवाचार्य प्रवर की इस संयोजना को विद्यार्थियों की सुविधा के लिए प्रकाशित करवाने का निर्णय श्री अ.भा. साधुमार्गी जैन धार्मिक परीक्षा बोर्ड ने लिया और वह जैन स्तोक मंजूषा के रूप में पाठकों के समक्ष प्रस्तुत है।

सन् 1996

धनराज बेताला

संयोजक

श्री साधुमार्गी जैन धार्मिक परीक्षा बोर्ड, बीकानेर

है या पच्चक्खाणापच्चक्खाणी है? हे गौतम! समुच्चय जीव पच्चक्खाणी भी है, अपच्चक्खाणी भी है, पच्चक्खाणापच्चक्खाणी भी है। नारकी, देवता, पांच स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय ये २२ दंडक अपच्चक्खाणी। तिर्यंचपंचेन्द्रिय में भांगा पावे २–अपच्चक्खाणी और पच्चक्खाणापच्चक्खाणी। मनुष्य में भांग पावे तीनों ही, समुच्चय जीव माफक कह देना।

२–अहो भगवन्! क्या जीव पच्चक्खाण को जानता है, अपच्चक्खाण को जानता है, पच्चक्खाणापच्चक्खाण को जानता है? हे गौतम! १६ दण्डक (नारकी, देवता, तिर्यंच पंचेन्द्रिय, मनुष्य) के समदृष्टि पंचेन्द्रिय जीव तीनों ही भांगों को (पच्चक्खाण को, अपच्चक्खाण को और पच्चक्खाणा–पच्चक्खाण को) जानते हैं। शेष ८ दंडक (पांच स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय) के जीव तीनों ही भांगों को नहीं जानते हैं।

३–अहो भगवन्! क्या जीव पच्चक्खाण करता है, अपच्चक्खाण करता है, पच्चंक्खाणापच्चक्खाण करता है? हे गौतम! समुच्चय जीव, मनुष्य तीनों ही भांगों को करते हैं। तिर्यंच पंचेन्द्रिय २ भागों को (अपच्चक्खाण और पच्चक्खाणा–पच्चक्खाण को) करता है। शेष २२दंडक के जीव सिर्फ एक भांगा (अपच्चक्खाण) करते हैं।

४–अहो भगवान्! क्या जीव पच्चक्खाण में आयुष्य बांधते हैं या अपच्चक्खाण में आयुष्य बांधते हैं? या पच्चक्खाणापच्चक्खाण में आयुष्य बांधते हैं? हे गौतम! समुच्चय जीव और वैमानिक देवों में उत्पन्न होने वाले जीव पच्चक्खाण आदि तीनों भांगों में आयुष्य बांधते हैं। शेष २३ दंडक के जीव अपच्चक्खाण में आयुष्य बांधते हैं। पच्चक्खाण की गति वैमानिक ही है।

अर्थ सहयोगी

देशनोक निवासी श्री मोतीलालजी दुगड़ आचार्य श्री हुक्मीचन्दजी म.सा. एवं श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ बीकानेर के स्थापना काल से ही एकनिष्ठ सुश्रावक हैं। श्रीमद् जवाहराचार्य, श्री गणेशाचार्य, श्री नानेशाचार्य एवं युवाचार्य श्री राममुनि के श्रद्धालु भक्तों में श्री दुगड़जी का परिवार अग्रणी है। शासननिष्ठ श्री मोतीलालजी दुगड़ के चार पुत्रों-श्री सुन्दरलाल जी दुगड़, श्री सोहनलाल जी दुगड़, श्री पूनमचन्दजी दुगड़ एवं श्री कौशल कुमार दुगड़ में श्री सुन्दरलालजी ज्येष्ठ पुत्र हैं तथा संघ एवं समाज के कर्मठ कार्यकत्ताओं में महत्त्वपूर्ण स्थान रखते हैं।

श्री सुन्दरलालजी दुगड़ जैन समाज के उन युवा उद्योगपतियों में प्रमुख हैं, जिन्होंने विगत एक दशक में अपने अथक परिश्रम, कौशल, प्रतिभा तथा उदारता से न केवल औद्योगिक जगत में विशिष्ठ स्थान बनाया है अपितु अपनी धर्मनिष्ठा,सदाचारिता एवं दुःखकातरता से शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में भी अनुकरणीय आदर्श स्थापित किया है।

श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ के पूर्व उपाध्यक्ष श्री सुन्दरलालजी दुगड़ अनेक सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक तथा सेवा संस्थानों के सम्प्रति ट्रस्टी, अध्यक्ष, मंत्री आदि विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं एवं घनिष्ठ रूप से सम्बद्ध हैं। श्री दुगड़ ने भवन निर्माण का कार्यारम्भ कर व्यवसाय जगत में प्रवेश किया एवं आर.डी. बिल्डर्स की स्थापना की, किन्तु

५. तमस्काय का थोकड़ा

(भगवतीसूत्र, शतक छठा, उद्देशा पांचवां)

१–अहो भगवन्! तमस्काय किस की बनी हुई है? हे गौतम! तमस्काय पानी की बनी हुई है।

२–अहो भगवन्! तमस्काय कहाँ से उठी है (शुरू हुई है) और इसका अन्त कहाँ हुआ है? हे गौतम! इस जम्बूद्वीप के बाहर असंख्याता द्वीप समुद्रों का उल्लंघन कर आगे जाने पर अरुणवरद्वीप आता है। उसकी वेदिका के बाहर के चरमान्त से ४२ हजार योजन अरुणोदकसमुद्र में जाने पर वहाँ जल के उपरिभाग से तमस्काया उठी है। * एक प्रदेशी श्रेणी १७२१ योजन ऊंची गई है। पीछे तिरछी विस्तृत होती हुई पहला दूसरा तीसरा चौथा, इन चार देवलोकों को ढक कर पांचवें ब्रह्मदेवलोक के तीसरे रिष्ट विमान पाथड़े तक चली गई है। यहाँ इसका अन्त है।

३–अहो भगवन्! तमस्काय का क्या संठाण (संस्थान) है? हे गौतम! नीचे तो शरावला (मिट्टी के दीपक) के आकार है, ऊपर कूकड़पींजरा के आकार है।

---

* यहाँ 'एक प्रदेशी श्रेणी' का मतलव एक प्रदेश वाली श्रेणी ऐसा नहीं करना चाहिए, किन्तु यहाँ एक प्रदेशी श्रेणी का मतलव 'समभित्ति' रूप श्रेणी अर्थात् नीचे से लेकर ऊपर तक एक समान भींत (दीवाल) रूप श्रेणी है। यहाँ 'एक प्रदेश वाली श्रेणी' ऐसा अर्थ करना ठीक नहीं बैठ सकता है, क्योंकि तमस्काय स्तिबुकाकार जलजीव रूप है। उन जीवों के रहने के लिये असंख्यात आकाशप्रदेशों की आवश्यकता है। एक प्रदेश वाली श्रेणी का विस्तार बहुत थोड़ा होता है। उसमें वे जलजीव कैसे रह सकते हैं? इसलिए यहाँ एक प्रदेश वाली श्रेणी ऐसा अर्थ घटित नहीं होता है, किंतु 'समभित्ति रूप श्रेणी' यह अर्थ घटित होता है।

अपनी दूरदर्शिता कार्यकुशलता त्वरित निर्णय क्षमता तथा प्रतिभा के बल पर आज दैनिक बंगला अखबार सोनार बंगला एवं जूट आदि मिलों का संचालन कर रहे हैं। आर. डी. बिल्डर्स नामक इनकी कम्पनी आर. डी. इण्डस्ट्रीज लि. में परिवर्तित होकर औद्योगिक जगत में पैर जमाकर इनके गतिशील चुम्बकीय व्यक्तित्व की कहानी कह रही है।

युवा उद्योग रत्न श्री सुन्दरलालजी दुगड़ समय की नब्ज पहचानने वाले प्रगतिशील विचारों के धनी हैं। 'दिया दूर नहीं जात' के पथ का अनुसरण करने वाले श्री दुगड़ ने अपनी जन्मभूमि देशनोक में समता-शिक्षा-सेवा संस्थान की स्थापना में प्रमुख भूमिका का निर्वहन किया है। कपासन (उदयपुर) में आचार्य नानेश रूप रेखा प्राणी रक्षालय की स्थापना भी इनके अनुदान से हुई है।

हंसमुख, मिलनसार, विनम्र श्री दुगड़ का व्यक्तित्व प्रदर्शन, विज्ञापन एवं पाखंड से सर्वथा दूर सरलता सादगी और उदारता से समन्वित कलकत्ता के जैन अजैन समाज में अत्यन्त लोकप्रिय है। अनेक राजनेताओं से घनिष्ठ सम्बन्ध होने पर भी ये एक निरभिमानी निष्काम कर्मठ कार्यकर्त्ता के रूप में जाने पहचाने जाते हैं; धर्म और सेवा का कलकत्ता में ऐसा कोई संस्थान तथा संगठन नहीं है जो इनके उदार सहयोग एवं सक्रिय व्यक्तित्व से लाभान्वित नहीं होता हो।

श्री दुगड़ जी के अर्थ सहयोग से प्रकाशित यह पुस्तक इनकी प्रशस्त एवं प्रगाढ़ धर्म भावना का प्रतीक है। इस सहयोग हेतु हम इनके हृदय से आभारी हैं।

४–अहो भगवन्! तमस्काय की लम्बाई– चौड़ाई और परिधि कितनी कही गई है? हे गौतम! तमस्काय दो प्रकार की कही गई है । एक तो संख्याता विस्तार वाली और दूसरी असंख्याता विस्तार वाली संख्याता विस्तार वाली तमस्काय की लम्बाई–चौड़ाई संख्याता हजार योजन की है और परिधि असंख्याता हजार योजन की है। असंख्याता विस्तार वाली तमस्काय की लम्बाई–चौड़ाई असंख्याता हजार योजन की है और परिधि असंख्याता हजार योजन की है।

५–अहो भगवन्! तमस्काय कितनी मोटी है? हे गौतम! कोई महर्द्धिक देव, जो तीन चुटकी बजावे, उतने समय में इस जम्बूद्वीप की २१ बार परिक्रमा करे, ऐसी शीघ्र गति से छह मास तक चले तो संख्याता विस्तार वाली तमस्काय का पार पावे, किन्तु असंख्याता विस्तार वाली तमस्काय का पार नहीं पावे, ऐसी मोटी तमस्काय है।

६–अहो भगवन्! तमस्काय में घर, दूकान, ग्रामादि हैं? हे गौतम! नहीं हैं।

७–अहो भगवन्! तमस्काय में गाज, बीज, बादल, बरसात है? हे गौतम! है।

अनुक्रमणिका

भाग-५

क्र. सं.		पेज सं.
१.	शकेन्द्र और ईशानेन्द्र के लोकपालों और उनकी राजधानियाँ	१
२.	अधिपति देवों	३
३.	देवता देवी की परिषद् परिवार, स्थिति	४
४.	पच्चक्खाण	७
५.	तमस्काय	९
६.	आठ कृष्णराजि और लोकान्तिक देव	१२
७.	मारणान्तिक समुद्घात करके मरने उपजने का	१७
८.	सैंतालीस बोलों की बंधी	१८
९.	करिंसु शतक	२६
१०.	समज्जिया शतक	२७
११.	पट्ठविंसु निट्ठविंसु	२८
१२.	समवसरण	३०
१३.	उपयोग	३९
१४.	पुद्गल परावर्तन	४१
१५.	पुद्गल परावर्तन	५२
१६.	कषाय के त्रेपन बोल	५४
१७.	आत्मा	५८
१८.	उत्पन्न संख्या के उनतालीस बोल	६३
१९.	स्थिति द्वार	७२

भाग-६

१.	जीव पर्याय	८२
२.	अजीव पर्याय	१०२
३.	भाषा-पद	११४
४.	लेश्या के १२४२ भंगों	१२६
५.	लेश्या के ४६ अल्पाबहुत्व	१३०
६.	लेश्या	१४१
७.	लेश्या परिणाम	१४४
८.	लेश्या परिणाम	१५३
९.	लेश्या	१५५
१०.	कर्म प्रकृतियों का आबाधाकाल	१५६
११.	आहार पद	१६९
१२.	आहार पद	१७६

८–अहो भगवन्! तमस्काय में गाज, बीज, बादल, बरसात कौन करते हैं? हे गौतम! देव, असुरकुमार, नागकुमार करते हैं।

९–अहो भगवन्! क्या तमस्काय में बादर पृथ्वीकाय और बादर अग्निकाय है? हे गौतम! नहीं है, परन्तु विग्रहगति– समापन्न (विग्रहगति करते हुए) बादर पृथ्वीकाय और बादर अग्निकाय के जीव हो सकते हैं।

१०–अहो भगवन्! क्या तमस्काय में चन्द्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र, तारा हैं? हे गौतम! चन्द्र, सूर्य आदि नहीं हैं किन्तु तमस्काय के पास में चन्द्र–सूर्य की प्रभा पड़ती है, परन्तु वह अप्रभा सरीखी है।

११–अहो भगवन्! तमस्काय का वर्ण कैसा है? हे गौतम! तमस्काय का वर्ण काला भयंकर, डरावना है। कितनेक देव तमस्काय को देखते ही क्षोभ पाते हैं और अगर कोई देवता तमस्काय में प्रवेश करता है तो शरीर और मन की चंचलता से जल्दी उसको पार कर जाता है।

१२–अहो भगवन्! तमस्काय के कितने नाम हैं? हे गौतम! तमस्काय के *१३ नाम हैं–१ तम, २ तमस्काय, ३. अन्धकार,

---

* यहाँ तमस्काय के १३ नाम कहे गये हैं। उनका अर्थ इस प्रकार है–१. अन्धकार रूप होने से इसको 'तम' कहते हैं। २. अन्धकार का ढिगला (समूह) रूप होने से इसे 'तमस्काय' कहते हैं। ३. तमो रूप होने से इसे अन्धकार कहते हैं।४. महातमो रूप होने से इसे 'महा–अन्धकार' कहते हैं। ५ – ६, लोक में इस प्रकार का दूसरा अन्धकार न होने से इसे 'लोकान्धकार' और 'लोकतमिस्त्र' कहते हैं।७ – ८, तमस्काय में किसी प्रकार का उद्योत (प्रकाश) न होने से वह देवों के लिए भी अन्धकार रूप है, इसलिए इसको देव–अन्धकार और देवतमिस्त्र कहते हैं।९. बलवान् देवता के भय से भागते हुए देवता के लिए यह एक प्रकार का जंगल रूप होने से यह शरणभूत है,

१३.	परिचारण पद	१८५
१४.	सात-समुद्घात	१९०
१५.	कषाय-समुद्घात	२०१
१६.	छद्मस्थ	२०४
१७.	केवली	२०८
१८.	प्रयोग पद	२१४
१९.	पाँच गति	२२०
	भाग-७	
१.	दिसाणुवाय	२२६
२.	१०२ बोल का बासठिया	२३२
३.	जीवादि छः बोलों की अल्प बहुत्व	२४६
४.	खेत्ताणुवाय	२४६
५.	अठानवें बोलों का बासठिया	२६०
६.	बद्ध मुक्त शरीर	२६८
७.	पाँच भाव इन्द्रिय	२७६
८.	आठ द्रव्येन्द्रिय	२८०
९.	पाँच भावेन्द्रिय	२८९
१०.	काया स्थिति	२९६
११.	शरीर-पद	३१०
१२.	मारणान्तिक समुद्घात	३१६
१३.	कर्म बाँधते हुए बाँधने का	३१८
१४.	कर्म बाँधते हुए वेदने का	३२१
१५.	कर्म वेदते हुए बाँधने का	३२२
१६.	कर्म वेदते हुए वेदने का	३२७
१७.	ज्ञान लब्धि	३२९
१८.	पदवी द्वार	३४०
१९.	सीझना द्वार	३४४
२०.	सिद्धों की तेतीस अल्पबहुत्व	३४८
२१.	पांच संस्थान	३५०
२२.	संस्थान के वीस बोल	३५१
२३.	संस्थान के कडजुम्मा	३५९
२४.	आकाश प्रदेशों की श्रेणी	३६२
२५.	द्रव्य	३६६
२६.	अजीव के कडजुम्मा	३६९
२७.	अजीव कम्पमान	३७३
२८.	सर्व से और देश से कम्पमान-अकम्पमान	३७७

४.महा–अन्धकार, ५.लोक–अन्धकार, ६.लोकतमिस्र, ७.देव–अन्धकार, ८. देवतमिस्र, ९. देव–अरण्य, १०. देवव्यूह, ११. देवपरिघ, १२. देवप्रतिक्षोभ, १३. अरुणोदकसमुद्र।

१३–अहो भगवन्! तमस्काय क्या पृथ्वी का परिणाम है, पानी का परिणाम है, जीव का परिणाम है अथवा पुद्गल का परिणाम है? हे गौतम! तमस्काय पृथ्वी का परिणाम नहीं है, किन्तु पानी का, जीव का और पुद्गल का परिणाम है।

१४–अहो भगवन्! क्या सब प्राणी भूत जीव सत्त्व तमस्काय में पृथ्वीकायपणे यावत् त्रसकायपणे पहले उत्पन्न हुए हैं? हे गौतम! सब प्राणी भूत जीव सत्त्व अनेक बार अथवा अनन्त बार तमस्काय में पृथ्वीकायपणे यावत् त्रसकायपणे उत्पन्न हुए हैं, परन्तु बादर पृथ्वीकायपणे और बादर तेजस्कायपणे उत्पन्न नहीं हुए हैं।

६. आठ कृष्णराजि और लोकान्तिक देवों का थोकड़ा

(भगवतीसूत्र, शतक छठा. उद्देशा पांचवां)

१–अहो भगवन्! कृष्णराजियाँ कितनी कही गई हैं? हे गौतम! कृष्णराजियाँ ८ कही गई हैं।

इसलिए इसको 'देव–अरण्य' कहते हैं। १०. जिस प्रकार चक्रव्यूह का भेदन करना कठिन होता है, उसी प्रकार यह तमस्काया देवताओं के लिये दुर्भेद्य है, उसका पार करना कठिन है, इसलिए इसको 'देवव्यूह' कहते हैं। ११. तमस्काय को देखकर देवता भयभीत होते हैं, इसलिए वह उनके गमन में बाधक है, अतः इसको 'देवपरिघ' कहते हैं। १२. तमस्काय देवताओं के लिए क्षोभ का कारण है, इसलिए इसको 'देवप्रतिक्षोभ' कहते हैं। १३. तमस्काय अरुणोदकसमुद्र के पानी का विकार है, इसलिए इसको 'अरुणोदकसमुद्र कहते हैं।

२–अहो भगवन्! ये कृष्णराजियाँ कहां पर हैं? हे गौतम! ये पांचवें देवलोक के तीसरे रिष्ट पड़तल में हैं। पूर्व में दो, पश्चिम में दो, उत्तर में दो और दक्षिण में दो, इस तरह चार दिशाओं में ८ कृष्णराजियाँ समचौरस अखाड़ा के आकार हैं। पूर्वदिशा की आभ्यन्तर कृष्णराजि ने दक्षिणदिशा की बाह्य कृष्णराजि को स्पर्शी है। इसी तरह चारों दिशा में परस्पर स्पर्शी हैं। पूर्व और पश्चिम की बाह्य कृष्णराजि छहखुणी (छह कोणों वाली, षट्कोण) है *। दक्षिण और उत्तर की बाह्य कृष्णराजि तिखुणी (त्रिकोण) है। बाकी आभ्यन्तर की चारों ही कृष्णराजियाँ चोखुणी (चतुष्कोण) हैं।

३–अहो भगवन्! कृष्णराजियों की लम्बाई–चौड़ाई और परिधि कितनी है? हे गौतम! संख्याता योजन की चौड़ी हैं, असंख्याता योजन की लम्बी हैं और असंख्याता योजन की परिधि है।

४–अहो भगवन्! कृष्णराजियाँ कितनी मोटी हैं? हे गौतम! कोई महाऋद्धि का देवता जो तीन चुटकी बजावे उतने में इस जम्बूद्वीप की २१परिक्रमा करे, ऐसी तीव्रगति से अर्द्धमास (१५ दिन) तक जावे तो भी कोई कृष्णराजि का पार पावे और कोई का पार नहीं पावे, ऐसी कृष्णराजियाँ मोटी हैं।

५–अहो भगवन्! क्या कृष्णराजियों में घर, दूकान आदि हैं? हे गौतम! नहीं हैं।

६–अहो भगवन्! क्या कृष्णराजियों में ग्रामादि हैं? हे गौतम! नहीं हैं।

---

* गाथा इस प्रकार है–

पुव्वाऽवरा छलंसा, तंसा पुण दाहिणुत्तरा वज्झा।
अब्भिंतर चउरंसा, सव्वा वि य कण्हराईओ॥

४ शुक्लपक्षी, ५ समदृष्टि, ६ सज्ञानी, ७ केवलज्ञानी, ८ नोसंज्ञा, ९ अवेदी, १० अकषायी, ११ साकार–उपयोग, १२ अनाकार–उपयोग) तीन भांगे पाये जाते हैं–पहला, दूसरा और चौथा। तेरहवें गुणस्थान के दो समय बाकी रहते पहला भांगा पाया जाता है और एक समय बाकी रहते दूसरा भांगा पाया जाता है और चौदहवें गुणस्थान में चौथा भांगा पाया जाता है। अलेशी और अयोगी में सिर्फ एक चौथा भांगा पाया जाता है। बाकी ३३ बोलों में पहला और दूसरा, ये दो भांगे पाये जाते हैं। २३ दण्डक में जिसमें जितने–जितने बोल पाये जाते हैं, उन सब में पहला और दूसरा, ये दो भांगे पाये जाते हैं।

आयुष्यकर्म की अपेक्षा समुच्चय जीव के ४७ में से ९ बोलों में इस प्रकार भांगे पाये जाते हैं–कृष्णपक्षी में पहला और तीसरा, ये दो भांगे पाये जाते हैं। मिश्रदृष्टि, अवेदी, अकषायी इन तीन बोलों में तीसरा और चौथा, ये दो भांगे पाये जाते हैं। अलेशी, अयोगी, केवलज्ञानी, इन तीन बोलों में एक चौथा भांगा पाया जाता है। मन–पर्ययज्ञान और नोसंज्ञा, इन दो बोलों में पहला, तीसरा और चौथा, ये तीन भांगे पाये जाते हैं। बाकी ३८ बोलों में चारों भांगे पाये जाते हैं। नारकी में ३५ बोल पाये जाते हैं। उनमें से कृष्णलेशी और कृष्णपक्षी में पहला और तीसरा, ये दो भांगे पाये जाते हैं। मिश्रदृष्टि में तीसरा और चौथा, ये दो भांगे पाये जाते हैं। बाकी ३२ बोलों में चारों ही भांगे पाये जाते हैं। भवनपति से लेकर नव ग्रैवेयक तक जितने–जितने बोल पाये जायें, उतने–उतने कह देने चाहिए। कृष्णपक्षी में पहला और तीसरा,ये दो भांगे पाये जाते हैं। मिश्रदृष्टि में (भवनपति से लेकर बारहवें देवलोक तक) तीसरा और चौथा, ये दो भांगे पाये जाते हैं। बाकी बोलों में चारों ही भांगे पाये जाते हैं। चार अनुत्तर विमान के देवों में चारों ही भांगे पाये जाते हैं।

७–अहो भगवन्! क्या कृष्णराजियों में गाज, बीज आदि है, बरसात बरसती है? हाँ, गौतम! गाज, बीज आदि है, बरसात भी बरसती है।

८–अहो भगवन्! यह गाज, बीज, बरसात कौन करता है? हे गौतम! यह देव (वैमानिक देव) करता है, किन्तु असुरकुमार, नागकुमार नहीं करते हैं।

९–अहो भगवन्! क्या कृष्णराजियों में बादर अप्काय, बादर अग्निकाय और बादर वनस्पतिकाय है? हे गौतम! नहीं है, याने विग्रहगतिसमापन्न (वाटेवहता) जीव सिवाय नहीं है।

१०–अहो भगवन्! क्या कृष्णराजियों में सूर्य, चन्द्र, ग्रह, नक्षत्र, तारा हैं? हे गौतम! नहीं हैं।

११–अहो भगवन्! क्या कृष्णराजियों में सूर्य, चन्द्रमा की प्रभा (कान्ति) है? हे गौतम! नहीं है।

१२–अहो भगवन्! कृष्णराजियों का वर्ण कैसा है? हे गौतम! कृष्णराजियों को देख कर देवता भी भय खावे, ऐसा उनका काला वर्ण है।

१३–अहो भगवन्! कृष्णराजियों के कितने नाम हैं? हे गौतम! कृष्णराजियों के ८ *नाम हैं–१ कृष्णराजि, २ मेघराजि, ३ मघा, ४ माघवती, ५ वातपरिघा, ६ वातपरिखोभा, ७ देवपरिघा, ८

* यहाँ पर कृष्णराजि के ८ नाम कहे गये हैं। उनका अर्थ इस प्रकार है–१. काले पुद्गलों की रेखा को 'कृष्णराजि' कहते हैं। २. काले मेघ की रेखा के तुल्य होने से इसको 'मेघराजि' कहते हैं। ३. 'मघा' छठी नारकी का नाम है। छठी नारकी के समान अन्धकार वाली होने से इसको 'मघा' कहते हैं। ४. 'माघवती' सातवीं नरक का नाम है। सातवीं नारकी के समान अन्धकार वाली होने से इसको 'माघवती' कहते हैं। ५. कृष्णराजि वायु के समूह के समान गाढ़ अन्धकार वाली है, परिघ (आगल) के समान दुर्लंघ्य (मुश्किल से उल्लंघन करने योग्य) होने से इसको 'वातपरिघा' कहते हैं। ६.

सर्वार्थसिद्ध के देवों में दूसरा, तीसरा और चौथा, ये तीन भांगे पाये जाते हैं। पृथ्वी, पानी, वनस्पति के २७ बोलों में से तेजोलेश्या में एक तीसरा भांगा पाया जाता है। कृष्णपक्षी में पहला और तीसरा, ये दो भांगे पाये जाते हैं। बाकी २५ बोलों में चारों ही भांगे पाये जाते हैं। तेजस्काय और वायुकाय में २६ बोल होते हैं, उन सब में पहला और तीसरा, ये दो भांगे पाये जाते हैं। तीन विकलेन्द्रिय में ३१ बोल होते हैं। उनमें से समदृष्टि, सज्ञानी, मतिज्ञानी, श्रुतज्ञानी इन चार बोलों में सिर्फ एक तीसरा भांगा पाया जाता है। बाकी २७ बोलों में पहला और तीसरा, ये दो भांगे पाये जाते हैं।

तिर्यंचपञ्चेन्द्रिय में ४० बोल होते हैं, उनमें से कृष्णपक्षी में पहला और तीसरा, ये दो भांगे पाये जाते हैं। मिश्रदृष्टि में तीसरा और चौथा, ये दो भांगे पाये जाते हैं। समदृष्टि, सज्ञानी, मतिज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी, इन पांच बोलों में पहला, तीसरा और चौथा, ये तीन भांगे पाये जाते हैं। बाकी ३३ बोलों में चारों भांगे पाये जाते हैं।

मनुष्य में ४७ बोल होते हैं, उनमें से अलेशी, केवलज्ञानी और अयोगी, इन तीन बोलों में सिर्फ एक चौथा भांगा पाया जाता है। मिश्रदृष्टि, अवेदी, अकषायी, इन तीन बोलों में तीसरा और चौथा, ये दो भांगे पाये जाते हैं। समदृष्टि, सज्ञानी, मतिज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी, नोसंज्ञा, इन सात बोलों में पहला, तीसरा और चौथा, ये तीन भांगे पाये जाते हैं। कृष्णपक्षी में पहला और तीसरा, ये दो भांगे पाये जाते हैं। बाकी ३३ बोलों में चारों ही भांगे पाये जाते हैं।

यह पहला औधिक उद्देश सम्पूर्ण हुआ।

अब ग्यारह उद्देशों के नाम कहे जाते हैं–१ औधिक (सामान्य), २ अणंतरोववन्नए–अनन्तरोपपन्न (एक समय के उत्पन्न हुए), ३ परंपरोववन्नए–परम्परोपपन्न (जिनको उत्पन्न हुए बहुत समय हो गया है), ४ अनन्तरावगाढ़ (पहले समय के अवगाहे हुए),

देवपरिखोभा।

१४–अहो भगवन्! क्या कृष्णराजियाँ पृथ्वी का परिणाम हैं? पानी का परिणाम हैं ? जीव का परिणाम हैं या पुद्गल का परिणाम हैं? हे गौतम! कृष्णराजियाँ पानी का परिणाम नहीं हैं, परन्तु पृथ्वी का, जीव का और पुद्गल का परिणाम हैं।

१५–अहो भगवन्! क्या कृष्णराजियों में सब प्राणी भूत जीव सत्त्व पहले उत्पन्न हुए हैं? हे गौतम! सब प्राणी भूत जीव सत्त्व अनेक बार अथवा अनन्ती बार उत्पन्न हुए हैं, किन्तु बादर अप्कायपने, बादर तेजस्काय पने और बादर वनस्पतिपने उत्पन्न नहीं हुए हैं।

१६–अहो भगवन्! लोकान्तिक देवों के विमान कहाँ हैं? हे गौतम! कृष्णराजियों के ८ आन्तरों में लोकान्तिक देवों के ८ विमान हैं–१. अर्ची, २. अर्चिमाली, ३. वैरोचन, ४. प्रभंकर, ५. चन्द्राभ, ६. सूर्याभ, ७. शुक्राभ, ८. सुप्रतिष्टाभ और बीच में रिष्टाभ विमान है। इन विमानों में अनुक्रम से १. सारस्वत, २. आदित्य, ३. वह्नि, ४. वरुण, ५. गर्दतोय, ६. तुषित, ७. अव्याबाध, ८. आग्नेय, ९. रिष्ट, ये नौ जाति के देव परिवारसहित रहते हैं।

इन देवों का *परिवार–सारस्वत और आदित्य देव के ७

कृष्णराजि वायु के समूह के समान गाढ़ अन्धकार वाली होने से परिक्षोभ (भय) उत्पन्न करने वाली है, इसलिए इसको 'वातपरिखोभा' कहते हैं। ७. दुर्लंघ्य होने से कृष्णराजि देवताओं के लिए 'परिघ' आगल के समान है, इसलिए इसको 'देवपरिघा' कहते हैं। ८. देवताओं को भी क्षोभ (भय) उत्पन्न करने वाली होने से कृष्णराजि को 'देवपरिखोभा' कहते हैं।

* परिवार देवों की गाथा–

पढमजुगलम्मि सत्तओसयाणि, बीयम्मि चउद्दससहस्सा।
तइए सत्तसहस्सा, णव चेव सयाणि सेसेसु॥

५ परम्परावगाढ़ (बहुत समय के अवगाहे हुए), ६ अनन्तराहारक (पहले समय के आहारक), ७ परम्पराहारक (बहुत समय के आहारक), ८ अनन्तरपर्याप्तक (पहले समय के पर्याप्त), ९ परम्पर-पर्याप्तक (बहुत समय के पर्याप्तक), १० चरम (उसी भव में मोक्ष जानेवाले), ११ अचरम (बहुत भवों के बाद मोक्ष जानेवाले अथवा नहीं जानेवाले)।

दूसरा उद्देशा-अणंतरोववन्नए, चौथा उद्देशा-अनन्तरावगाढ़, छठा उद्देशा-अनन्तराहारक, आठवां उद्देशा-अनन्तरपर्याप्त, इन चार उद्देशों में नारकी से लेकर बारहवें देवलोक तक ४७ बोल की बन्धी के थोकड़े में जितने-जितने बोल पाया जाना बताया है, उनमें तीन, तीन बोल कम कर देना। (औधिक में ४७ बोल कहे गये हैं, उनमें से मिश्रदृष्टि, मनयोगी, वचनयोगी, ये तीन बोल कम कर देने चाहिए)। क्योंकि ये पहले समय के उत्पन्न हुए हैं, इसलिये इनमें उक्त तीन बोल नहीं पाये जाते। नव ग्रैवेयक में ३० बोल पाये जाते हैं। ३२ में से मनयोग, वचनयोग कम हुए और पांच अनुत्तर विमान में २४ बोल पाये जाते हैं। इनमें भी मनयोग, वचनयोग कम हुए।

पांच स्थावर में, औधिक उद्देशे में जितने बोल कहे हैं, उतने कह देने चाहिए। तीन विकलेन्द्रियों में ३० बोल पाये जाते हैं। तिर्यंचपञ्चेन्द्रिय में ३५ बोल पाये जाते हैं (औधिक में ४० बोल कहे गये हैं, उनमें से मिश्रदृष्टि, विभंगज्ञान, अवधिज्ञान, मनयोग, वचनयोग, ये पांच बोल कम कर देने चाहिए)। मनुष्य में ३६ बोल पाये जाते हैं (औधिक में ४७ बोल कहे गये हैं, उनमें से अलेशी, मिश्रदृष्टि, विभंगज्ञान, मनःपर्ययज्ञान, केवलज्ञान, नोसंज्ञा, अवेदी, अकषायी, मनयोगी, वचनयोगी, अयोगी, ये ११ बोल कम कर देने चाहिए)। इस प्रकार २४ ही दण्डक में सात कर्मों की अपेक्षा (आयुष्य को छोड़ कर) ये बोल कहे गये हैं, उन सब में पहला और दूसरा, ये दो, दो भांगे पाये जाते हैं।

आयुष्यकर्म की अपेक्षा मनुष्य को छोड़ कर बाकी २३

देव स्वामी, ७०० देव का परिवार है। वह्नि और वरुण देव के १४ देव स्वामी और १४००० देव का परिवार है। गर्दतोय और तुषित देव के ७ देव स्वामी और ७००० देव का परिवार है। अव्याबाध, आग्नेय और रिष्ट देव के ९ देव स्वामी और ९०० देव का परिवार है। सब प्राणी भूत जीव सत्त्व अनेक बार अथवा अनन्ती बार लोकान्तिक देवपने उत्पन्न हुए हैं, किन्तु लोकान्तिक देवीपने उत्पन्न नहीं हुए हैं×।

अहो भगवन्! लोकान्तिक विमानों में कितनी स्थिति कही गई है? हे गौतम! लोकान्तिक विमानों में ८ सागरोपम की स्थिति कही गई है।

अहो भगवन्! लोकान्तिक विमानों से लोकान्त (लोक का अन्त) कितना दूर है? हे गौतम! लोकान्तिक विमानों से असंख्य हजार योजन की दूरी पर लोकान्त है।

७. मारणान्तिकसमुद्घात करके मरने, उपजने का थोकड़ा

(भगवतीसूत्र, शतक छठा, उद्देशा छठा)

१—अहो भगवन्! पृथ्वियां कितनी कही गई हैं? हे गौतम! पृथ्वियां सात कही गई हैं—रत्नप्रभा यावत् तमतमाप्रभा।

२—अहो भगवन्! रत्नप्रभा में कितने नरकावास कहे गये हैं? हे गौतम! रत्नप्रभा में ३० लाख नरकावास कहे गये हैं। इस तरह सब के नरकावासा कह देना यावत् पांच अनुत्तर विमान तक कह देना चाहिए।

× लोकान्तिक देवों का विस्तृत वर्णन 'जीवाभिगमसूत्र' के देवोद्देशक में है।

दण्डक में सिर्फ एक तीसरा भांगा पाया जाता है (सात कर्मोंकी अपेक्षा जिस दण्डक में जितने–जितने बोल कहे गये हैं, उतने–उतने बोल यहाँ भी कह देने चाहिए)। मनुष्य में ३६ बोल कहे गये हैं, उनमें से कृष्णपक्षी में एक तीसरा भांगा पाया जाता है। बाकी ३५ बोलों में तीसरा और चौथा, ये दो भांगे पाये जाते हैं।

तीसरा उद्देशा—परम्परोववन्नए, पांचवां उद्देशा—परम्परागाढ़, सातवां उद्देशा—परम्पराहारक, नवमा उद्देशा—परम्परपर्यासक और दशवां उद्देशा—चरम, ये पांच उद्देशा औघिक की तरह कह देना चाहिए। किन्तु इतना फर्क है कि यहाँ समुच्चय जीव का बोल नहीं कहना चाहिए। ग्यारहवां अचरम उद्देशा—चरम उद्देशा की तरह कह देना चाहिए, किन्तु इतनी विशेषता है कि यहाँ ४४ बोल ही कहने चाहिए (पहले ४७ बोल कहे गये हैं, उनमें से अलेशी, केवलज्ञानी और अयोगी, ये तीन बोल यहाँ नहीं कहने चाहिए) पहले चार भांगे कहे गये हैं, उनमें से चौथा भांगा यहाँ नहीं कहना चाहिए। सर्वार्थ–सिद्ध और समुच्चय जीव का बोल नहीं कहना चाहिए।

९. करिंसु शतक का थोकड़ा *

(भगवतीसूत्र , शतक सत्ताईसवां, उद्देशा ग्यारहवां)

१—अहो भगवन्! क्या जीव ने १—पापकर्म किये, करता है, करेगा? २—पापकर्म किये, करता है, नहीं करेगा? ३—पापकर्म

* जैसे छब्बीसवें शतक के प्रश्न में 'बंधि' पद आया है, इसलिए छब्बीसवें शतक का नाम 'बंधिशतक' कहा गया है। इसी तरह यहाँ सत्ताईसवें शतक के पहले प्रश्न में 'करिंसु' पद आया है, इसलिए इस सत्ताईसवें शतक का नाम 'करिंसु शतक' कहा गया है। यद्यपि कर्म का बन्ध और 'कर्मकरणे में कोई फर्क नहीं है तथापि सामान्य रूप से कर्म बांधना 'कर्मबन्ध' कहलाता है और 'करण' के द्वारा 'संक्रम' आदि रूप में परिणमाना' कर्मकरण कहलाता है। यह विशेषता बतलाने के लिए ही 'बन्ध' और 'करण' का पृथक्–पृथक् नेर्देश किया गया है।

३–अहो भगवन्! जो जीव मारणान्तिकसमुद्घात करके रत्नप्रभानरक में नारकीपने उत्पन्न होते हैं तो क्या वे जीव वहाँ जाकर आहार करते हैं? आहार को परिणमाते हैं? और शरीर बांधते हैं? हे गौतम! कितनेक जीव* वहाँ जाकर आहार लेते हैं, परिणमाते हैं, शरीर बांधते हैं और कितने जीव+ वहाँ जाकर वापिस अपने पहले के शरीर में आ जाते हैं और फिर दूसरी बार मारणान्तिकसमुद्घात करके मर कर वापिस रत्नप्रभानरक में नैरयिकपने उत्पन्न होकर आहार लेते हैं, परिणमाते हैं और शरीर बांधते हैं। इसी तरह यावत् तमतमाप्रभा तक कह देना चाहिए।

जिस तरह रत्नप्रभा का कहा, उसी तरह १८ दण्डक में (१३ दण्डक देवता के, ३ दण्डक तीन विकलेन्द्रिय के, तिर्यंच पंचेन्द्रिय और मनुष्य, इन १८ दण्डक में) कह देना चाहिए।

पांच स्थावर मेरुपर्वत से छह दिशाओं में अंगुल के असंख्यातवें भाग से असंख्यात हजार योजन लोकान्त तक एक प्रदेशी श्रेणी (विदिशा) को छोड़ कर चाहे जहाँ उत्पन्न होते हैं। इनमें भी पूर्वोक्त प्रकार से दो–दो अलावा (आलापक) कहना। इस तरह पांच स्थावर के छह दिशा संबंधी ६० आलापक हुए और त्रस के १९ दण्डकों के ३८ आलापक हुए। ये सब मिलाकर ९८ आलापक हुए। ठिकाणा (स्थान) की अपेक्षा तो अनेक आलापक होते हैं।

---

*जो जीव यहां से मर कर जाते हैं, वे वहां जाकर आहार करते हैं यावत् शरीर बांधते हैं।

+ जो जीव मारणान्तिकसमुद्घात करके विना मरे ही यानी उस जीव के कितनेक आत्मप्रदेश रत्नप्रभा नरक में जाते हैं, वहाँ जाकर आहार लिये विना ही अपने पहले के शरीर में वापिस आते हैं, फिर दूसरी वार मारणान्तिकसमुद्घात करके मर कर वापिस रत्नप्रभानरक में उत्पन्न होकर आहार लेते हैं, परिणमाते हैं यावत् शरीर बांधते हैं।

किये, नहीं करता है, करेगा? ४–पापकर्म किये, नहीं करता है, नहीं करेगा? हे गौतम! किसी जीव ने पापकर्म किया, करता है, करेगा। किसी जीव ने पापकर्म किया, करता है, नहीं करेगा। किसी जीव ने पापकर्म किया, नहीं करता है, करेगा। किसी जीव ने पापकर्म किया, नहीं करता है, नहीं करेगा।

२–अहो भगवन्! क्या सलेशी जीव ने पापकर्म किये, करता है, करेगा? हे गौतम! यह सारा वर्णन छब्बीसवें 'बंधीशतक' की तरह ८ कर्म और एक समुच्चय पापकर्म, ये ९ दण्डक और ११ उद्देशा कह देना चाहिए।

१०. समज्जिया शतक का थोकड़ा

(भगवतीसूत्र, शतक अट्ठाईसवां, उद्देशा ग्यारहवां)

१–अहो भगवन्! जीवों ने किस गति में पापकर्मों का समर्जन किया यानी बांधे और किस गति में समाचरण किया यानी भोगे? हे गौतम! १–सब जीवों ने * तिर्यंचयोनि में पापकर्मों का उपार्जन किया और तिर्यंचगति में ही भोगे। २– अथवा सब जीवों ने तिर्यंचयोनि में बांधे और नैरयिकयोनि में भोगे। ३–अथवा सब जीवों ने तिर्यंचयोनि में बांधे और मनुष्ययोनि में भोगे। ४–अथवा सब जीवों ने तिर्यंचयोनि में बांधे और देवयोनि में भोगे। ५–अथवा सब जीवों ने तिर्यंचयोनि में बाँधे और मनुष्ययोनि में भोगे। ६–अथवा सब जीवों ने तिर्यंचयोनि में बांधे, नरकयोनि में और देवयोनि में भोगे।

---

* तिर्यंचयोनि बहुत जीवों का आश्रय है। इसलिए तिर्यंचयोनि सब जीवों की माता है। इसलिए नारकी आदि सब जीव तिर्यंचयोनि से आकर उत्पन्न हुए हों इस अपेक्षा से यह समझना चाहिए कि पहले सब जीव तिर्यंचयोनि में थे और वहाँ उन्होंने नरकगति आदि के हेतुभूत कर्मों का उपार्जन किया था।

ठिकाणा संबंधी अनेक आलापकों में पहला आलापक देश से समुद्घात इलिकागति का है और दूसरा आलापक सर्व से समुद्घात डेडका (मेंढ़क) गति का है।

८. सैंतालीस बोलों की बंधी का थोकड़ा

(भगवतीसूत्र, शतक छब्बीसवां, उद्देशा ग्यारहवां)

जीवा य लेस्स पक्खिय, दिट्ठि, अन्नाण नाण सण्णाओ।
वेय कसाय उवओग, जोग एक्कारस वि ठाणा ॥ १ ॥

अर्थ–१ समुच्चय जीव, ८ लेश्या (६ लेश्या, १ सलेशी, १ अलेशी), २ पाक्षिक (कृष्णपाक्षिक, शुक्लपाक्षिक), ३ दृष्टि (सम्यग्दृष्टि, मिथ्यादृष्टि, मिश्रदृष्टि), ४ अज्ञान (३ अज्ञान, १ समुच्चय अज्ञान), ६ ज्ञान (५ ज्ञान, १ समुच्चय ज्ञान), ५ संज्ञा (४ संज्ञा, १ नोसंज्ञा), ५ वेद (३ वेद, १ सवेदी, १ अवेदी), ६ कषाय (४ कषाय, १ सकषायी, १ अकषायी), ५ योग (मनयोग, वचनयोग, काययोग, सयोगी, अयोगी), २ उपयोग (साकार–उपयोग, अनाकार–उपयोग), ये सब ४७ बोल हुए।

१–नारकी में ३५ बोल पाये जाते हैं–(समुच्चय जीव का १, लेश्या का ४, पक्ष का २, दृष्टि का ३, ज्ञान का ४, अज्ञान का ४, संज्ञा का ४, वेद का २, कषाय का ५, योग का ४, उपयोग का २, ये ३५ बोल)।

भवनपति, वाणव्यन्तर में ३७ बोल पाये जाते हैं (नारकी में कहे हुए ३५ बोलों में एक लेश्या और एक वेद–नपुंसक वेद इनमें नहीं है पर स्त्रीवेद व पुरुषवेद हैं। ये २ बोल बढ़ गये)। ज्योतिषी देवों में और पहले, दूसरे देवलोक में ३४ बोल पाये जाते हैं। (ऊपर कहे हुए ३७ में से ३लेश्या घट गईं)। तीसरे देवलोक से बारहवें

७–अथवा सब जीवों ने तिर्यंचयोनि में बांधे, मनुष्ययोनि में और देवयोनि में भोगे। ८–अथवा सब जीवों ने तिर्यंचयोनि में बांधे, नरकयोनि में, मनुष्ययोनि में और देवयोनि में भोगे।+

शेष सारा अधिकार ११ उद्देशा, ४७ बोल, समुच्चय जीव, २४ दण्डक में जहाँ जो–जो बोल पाये जावें, वहाँ समुच्चय पापकर्म और आठकर्म में आठ, आठ भांगे कह देना चाहिए।

११. पट्ठविंसु निट्ठविंसु का थोकड़ा

(भगवतीसूत्र, शतक उनतीसवां, उद्देशा ग्यारहवां)

गाथा–

जीवा य लेस्स पक्खिय दिट्ठि अन्नाण नाण सण्णाओ।
वेय कसाय उवओग जोग एक्कारस वि ठाणा ॥१॥

अर्थ–१ समुच्चय जीव, ८ लेश्या (६ लेश्या, १ सलेशी, १ अलेशी), २ पाक्षिक (कृष्णपाक्षिक, शुक्लपाक्षिक), ३ दृष्टि (समदृष्टि, मिथ्यादृष्टि, मिश्रदृष्टि), ४ अज्ञान (३ अज्ञान, १ समुच्चय अज्ञान), ६ ज्ञान (५ ज्ञान, १ समुच्चय ज्ञान), ५ संज्ञा (४ संज्ञा, १ नोसंज्ञा), ५ वेद (३ वेद, १ सवेदी, १ अवेदी), ६ कषाय (४ कषाय, १ सकषायी १ अकषायी), २ उपयोग (साकार–उपयोग, अनाकार–उपयोग), ये सब मिलाकर ४७ बोल हुए।

१–अहो भगवन्! क्या बहुत जीवों ने पापकर्म भोगना समकाल (एक साथ) शुरू किया और समकाल (एक साथ) पूरा

+ इनमें असंयोगी १, दो संयोगी ३, तीन संयोगी ३, चार संयोगी १, ये ८ भांगे होते हैं। पहला भांगा जीव तिर्यंचगति से निकल कर दूसरी गति में गया ही नहीं। दूसरा, तीसरा और चौथा भांगा–दो गति के सिवाय तीसरी गति में गया ही नहीं। पांचवां, छठा, सातवां भांगा–तीन गति के सिवाय चौथी गति में गया ही नहीं। आठवां भांगा–जीव चारों गतियों में गया। इनमें मूल स्थान तिर्यंचगति है।

देवलोक तक ३३ बोल पाये जाते हैं। (ऊपर कहे हुए ३४ में से एक वेद (स्त्रीवेद) कम हो गया)। नव ग्रैवेयक में ३२ बोल पाये जाते हैं (३३ में से एक दृष्टि (मिश्रदृष्टि) कम हो गई।) पांच अनुत्तर विमान में २६ बोल पाये जाते हैं (ऊपर कहे हुए ३२ में से १ पक्ष (कृष्णपक्ष), १ दृष्टि (मिथ्यादृष्टि), ४ अज्ञान, ये ६ बोल कम हो गये)। पृथ्वी, पानी, वनस्पति में २७ बोल पाये जाते हैं (समुच्चय जीव का १, लेश्या के ५, पक्ष के २, दृष्टि का १ (मिथ्यादृष्टि), अज्ञान के ३, संज्ञा के ४, वेद के २, कषाय के ५, योग के २, उपयोग के २, ये सब २७ हुए)। तेउ, वायु में २६ बोल पाये जाते हैं (ऊपर कहे हुए २७ में से एक लेश्या कम हो गई)। तीन विकलेन्द्रिय में ३१ बोल पाये जाते हैं (ऊपर के २६ में १ दृष्टि–समदृष्टि, ३ ज्ञान के और १ योग–वचन का, ये ५ बोल बढ़ गये)। तिर्यंचपञ्चेन्द्रिय में ४० बोल पाये जाते हैं (४७ में से १ अलेशी, २ ज्ञान (मनपर्यय और केवल), १ नोसंज्ञा, १ अवेदी, १ अकषायी, १ अयोगी, ये ७ बोल कम हो गये)। मनुष्य में ४७ बोल पाये जाते हैं।

अहो भगवन्! क्या जीवों ने पापकर्म बांधा, बांधते हैं, बांधेंगे? हे गौतम! जीवों में बन्ध की अपेक्षा ४ भांगे होते हैं– * १ कितनेक जीवों ने पापकर्म बांधा था, बांधते हैं, बांधेंगे। २ कितनेक जीवों ने पापकर्म बांधा था, बांधते हैं, नहीं बांधेंगे। ३ कितनेक जीवों ने पापकर्म बांधा था, अब नहीं बांधते हैं, आगे बांधेंगे। ४ कितनेक जीवों ने पापकर्म बांधा था, अब नहीं बांधते हैं, आगे नहीं बांधेंगे।

---

* इनमें से पहला भांगा अभव्य की अपेक्षा से है। दूसरा भांगा उन जीवों की अपेक्षा से है जो क्षपकश्रेणी को प्राप्त होने वाले हैं। तीसरा भांगा उन जीवों की अपेक्षा से है जिन्होंने मोहनीयकर्म का उपशम किया है अर्थात् जो उपशमश्रेणी को प्राप्त हुए हैं। चौथा भांगा उन जीवों की अपेक्षा से है जिन्होंने मोहनीयकर्म का क्षय कर दिया है।

किया? २–अथवा समकाल में भोगना शुरू किया और विषमकाल में (भिन्न समय में) पूरा किया? ३–अथवा विषमकाल में भोगना शुरू किया और समकाल में पूरा किया? ४–अथवा विषमकाल में भोगना शुरू किया और विषमकाल में पूरा किया? हे गौतम! १–कितनेक जीवों ने पापकर्म भोगना समकाल में (एक साथ) शुरू किया और समकाल में पूरा किया। २–कितनेक जीवों ने पापकर्म भोगना समकाल में शुरू किया और विषमकाल में पूरा किया। ३–कितनेक जीवों ने पापकर्म भोगना विषमकाल में शुरू किया और समकाल में पूरा किया। ४–कितनेक जीवों ने पापकर्म भोगना विषमकाल में शुरू किया और विषमकाल में पूरा किया। अहो भगवन्! इसका क्या कारण है? हे गौतम! जीव चार प्रकार के हैं–यथा–१–एक साथ आयुष्य का उदयवाले सम (एक साथ) उत्पन्न हुए, २– एक साथ आयुष्य का उदय वाले और विषमकाल में (भिन्न काल में) उत्पन्न हुए, ३– विषमकाल में आयुष्य का उदयवाले और समकाल में उत्पन्न हुए, ४– विषमकाल में आयुष्य का उदयवाले और विषमकाल में उत्पन्न हुए। १–जो जीव साथ में आयुष्य के उदयवाले हैं और सम (एक साथ) उत्पन्न हुए हैं, उन्होंने आयुकर्म एक साथ भोगना शुरू किया और एक साथ पूरा किया। ये जीव एक साथ पाप भोगना शुरू करते हैं और एक साथ क्षय करते हैं। २–जो जीव एक साथ में आयुष्य के उदयवाले हैं और विषम (भिन्न काल में) उत्पन्न हुए हैं, उन्होंने आयुकर्म एक साथ भोगना शुरू किया और विषमकाल में पूरा किया*। ये जीव एक साथ पाप भोगना शुरू करते हैं और क्षय जुदा, जुदा समय में करते हैं।

---

* जैसे मनुष्यभव में दो जीवों ने एक साथ नरकायु बांधी। एक ने अन्तर्मुहूर्त रहते आयु बांधी और एक ने इससे अधिक समय रहते आयु बांधी। प्रदेश की अपेक्षा से दोनों जीवों ने एक साथ आयु भोगना शुरू किया। किन्तु दोनों नरक में भिन्न–भिन्न काल में उत्पन्न हुए। जिसने अन्तर्मुहूर्त रहते आयु बांधी थी, वह पहले उत्पन्न हुआ और दूसरा बाद में। दोनों नरकायु का क्षय भी भिन्न–भिन्न काल में करेंगे। तत्त्व केवलीगम्य।

४७ बोलों में से २० बोलों में (१ समुच्चय जीव, १×सलेशी, १ शुक्ललेशी, १+ शुक्लपक्षी, १>समदृष्ट, १ सज्ञानी, १ मतिज्ञानी, १ श्रुतज्ञानी, १ अवधिज्ञानी, १ मनः—पर्ययज्ञानी, १* नोसंज्ञा, १ अवेदी, १ < सकषायी, १ लोभकषाय, १ सयोगी, १

× सलेशी जीव में चार भांगे होते हैं—क्योंकि शुक्ललेश्या वाले जीव पापकर्म
के बंधक भी होते हैं। कृष्णादि पांच लेश्या वालों में पहले के दो भांगे ही पाये
जाते हैं। क्योंकि उनमें वर्तमान काल में मोहनीय रूप पापकर्म का क्षय या
उपशम नहीं है, इसलिए उनमें अन्त के दो भांगे नहीं होते हैं।

+ जिन जीवों का संसारपरिभ्रमण अर्द्धपुद्‌गलपरावर्तन से अधिक बाकी है,
उनको कृष्णपाक्षिक कहते हैं और जिन जीवों का संसारपरिभ्रमण
अर्द्धपुद्‌गलपरावर्तन से अधिक बाकी नहीं है, किन्तु अर्द्धपुद्‌गलपरावर्तन में
ही मोक्ष चले जावेंगे, उन्हें शुक्लपाक्षिक कहते हैं। कृष्णपाक्षिक में पहले के
दो भांगे ही होते हैं। कृष्णपाक्षिक में दूसरा भांगा कृष्णपाक्षिक से शुक्लपाक्षिक
बनने वाले जीव की अपेक्षा घटित होता है, क्योंकि उस जीव ने कृष्णपाक्षिकपणे
बांधा था, बांधता है पर भविष्य में शुक्लपाक्षिक हो जाने से कृष्णपाक्षिपणे नहीं
बांधेगा। शुक्लपाक्षिक में चार भांगे पाये जाते हैं—पहला भांगा तो नववें
गुणस्थान में दो समय बाकी रहने तक है। दूसरा भांगा नववें गुणस्थान में एक
समय बाकी रहने तक है। तीसरा भांगा उपशमश्रेणी में गिरने की अपेक्षा से
है। चौथा भांगा क्षपकपणा की अपेक्षा से है।

> सम्यग्‌दृष्टि में शुक्लपाक्षिक की तरह चार भांगे पाये जाते हैं।

* आहार आदि की संज्ञा की आसक्ति वाले जीवों में क्षपकपणा और
उपशमकपणा नहीं होता है। इसलिए उनमें पहला और दूसरा, ये दो भांगे
ही पाये जाते हैं। नोसंज्ञा अर्थात् आहारादि की आसक्तिरहित जीवों में
मोहनीयकर्म का क्षय तथा उपशम सम्भव होने से चारों भांगे पाये जाते हैं।

< सकषायी में चार भांगे होते हैं। पहला भांगा अभव्य जीव की अपेक्षा से होता
है। दूसरा भांगा उस भव्य जीव की अपेक्षा से होता है जिसका मोहनीयकर्म
क्षय होनेवाला है। तीसरा भांगा उपशम सूक्ष्मसम्पराय की अपेक्षा से है। चौथा
भांगा क्षपक सूक्ष्मसम्पराय की अपेक्षा से है। इसी तरह लोभकषायी में चार
भांगे समझने चाहिए। क्रोधकपायी में पहला और दूसरा, ये दो भांगे ही पाये
जाते हैं। पहला भांगा अभव्य की अपेक्षा से है और दूसरा भांगा भव्य विशेष
की अपेक्षा से है। तीसरा और चौथा भांगा नहीं होता, क्योंकि जब क्रोध का
उदय होता है तब अबन्धकपणा नहीं होता है।

३–जो जीव विषमकाल में आयुष्य के उदयवाले हैं और समकाल में उत्पन्न हुए हैं, उन्होंने विषमकाल में आयुकर्म भोगना शुरू किया और समकाल में पूरा किया। ये जीव पाप भोगना जुदे, जुदे काल में शुरू करते हैं और क्षय एक साथ करते हैं। ४–जो जीव विषमकाल में आयुष्य के उदयवाले हैं और विषमकाल में उत्पन्न हुए हैं, उन्होंने विषमकाल में आयुकर्म भोगना शुरू किया और विषमकाल में पूरा किया। वे जीव जुदे, जुदे काल में पाप भोगना शुरू करते हैं और जुदे, जुदे काल में ही क्षय करते हैं।

२–अहो भगवन्! क्या सलेशी जीवों ने एक साथ कर्म भोगना शुरू किया और एक साथ पूरा किया? इत्यादि पूर्ववत् प्रश्न पूछना चाहिए। हे गौतम! कितनेक सलेशी जीवों ने एक साथ कर्म भोगना शुरू किया और एक साथ पूरा किया, इत्यादि सब पूर्ववत् कह देना चाहिए। सलेशी से अनाकार–उपयोग तक ४७ बोलों में पूर्वोक्त चार–चार भांगे कह देने चाहिए। जिस तरह समुच्चय जीव का कहा, उसी तरह २४ ही दण्डक में जितने–जितने बोल पाये जावें, उतने–उतने कह देने चाहिए।

जिस तरह यह पहला उद्देशा कहा गया, उसी तरह ११ ही उद्देशे कह देने चाहिए, किन्तु विशेषता यह है कि दूसरा, चौथा, छठा और आठवां, इन चार उद्देशों में दो, दो भांगे (पहला भांगा और दूसरा भांगा) ही कहने चाहिए। शेष तीसरा, पांचवां, सातवां, नवां, दशवां और ग्यारहवां, इन ६ उद्देशों में पहले की तरह ही चार–चार भांगे कहना चाहिए।

१२. समवसरण का थोकड़ा

(भगवतीसूत्र, शतक तीसवां, उद्देशा पहला)

गाथा

जीवा य लेस्स पक्खिय दिट्ठि, अन्नाण नाण सण्णाओ।
वेय कसाय उवओग जोग, एक्कारस वि ठाणा ॥१॥

मनयोगी, १ वचनयोगी, १ काययोगी, १ साकार–उपयोग, १ अनाकार–उपयोग, २०, समुच्चय पाप और मोहनीय कर्म में समुच्चय जीव, मनुष्य की अपेक्षा चारों भांगे पाये जाते हैं। नवमें गुणस्थान के दो समय बाकी रहते एक पहला भांगा पाया जाता है। एक समय बाकी रहते एक दूसरा भांगा पाया जाता है। उपशममोह में (ग्यारहवें गुणस्थान में) एक तीसरा भांगा पाया जाता है। क्षीणमोह में (बारहवें गुणस्थान में) एक चौथा भांगा पाया जाता है। १ अलेशी, १ अयोगी, १ केवली में एक चौथा भांगा पाया जाता है।

अकषायी में तीसरा और चौथा ये दो भांगे पाये जाते हैं। ये सब २४ बोल हुए। बाकी २३ बोलों में पहला और दूसरा ये दो भांगे पाये जाते हैं। बाकी २३ दण्डक में जितने–जितने बोल पाये जाते हैं, पहला और दूसरा ये दो–दो भांगे पाये जाते हैं।

ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, नाम, गोत्र, अन्तराय इन पांच कर्मों में समुच्चय जीव, मनुष्य की अपेक्षा १८ बोलों में (ऊपर २० कहे, उनमें से सकषायी और लोभकषायी ये दो बोल छोड़ कर) चारों भांगे पाये जाते हैं। दसवें गुणस्थान के दो समय बाकी रहते तो पहला भांगा पाया जाता है। एक समय बाकी रहते एक दूसरा भांगा पाया जाता है। उपशममोह (ग्यारहवें गुणस्थान) में एक तीसरा भांगा पाया जाता है।

क्षीणमोह (बारहवें गुणस्थान) में एक चौथा भांगा पाया जाता है। अलेशी, अयोगी, केवली में एक चौथा भांगा पाया जाता है। अकषायी में तीसरा और चौथा, ये दो भांगे पाये जात हैं। बाकी २५ बोलों में पहला और दूसरा, ये दो, दो भांगे पाये जाते हैं। बाकी २३ दण्डक में जिसमें जितने–जितने बोल पाये जाते हैं उन सब में पहला और दूसरा, ये दो, दो भांगे पाये जाते हैं। जैसे नारकी में ३५ बोल पाये जाते हैं, उनमें पहला दूसरा, ये दो भांगे पाये जाते हैं। इसी तरह भवनपति, वाणव्यन्तर में ३७ बोलों में पहला दूसरा,

अर्थ–१ समुच्चय जीव, ८ लेश्या (६ लेश्या, १ सलेशी, १ अलेशी), २ पाक्षिक (कृष्णपाक्षिक, शुक्लपाक्षिक), ३ दृष्टि (समदृष्टि, मिथ्यादृष्टि, मिश्रदृष्टि), ४ अज्ञान (३ अज्ञान, १ समुच्चय अज्ञान), ६ ज्ञान (५ ज्ञान, १ समुच्चय ज्ञान), ५ संज्ञा (४ संज्ञा, १ नोसंज्ञा), ५ वेद (३ वेद, १ सवेदी, १ अवेदी), ६ कषाय (४ कषाय, १ सकषायी, १ अकषायी), २ उपयोग (साकार–उपयोग, अनाकार–उपयोग), ५ योग (३ मन, वचन, काया का योग, १ सयोगी, १ अयोगी)। ये सब मिलाकर ४७ बोल हुए।

१–अहो भगवन्! समवसरण (मत) कितने प्रकार का है? हे गौतम! चार प्रकार का है–*१ क्रियावादी, २ अक्रियावादी, ३ अज्ञानवादी, ४ विनयवादी।

समुच्चय जीव में ४७ बोल पाये जाते हैं। कृष्णपाक्षिक, मिथ्यादृष्टि और चार अज्ञान में तीन समवसरण (क्रियावादी को छोड़ कर) पाये जाते हैं। चारों गति का आयुष्य बांधते हैं। ये भव्य, अभव्य दोनों होते हैं। मिश्रदृष्टि में दो समवसरण (अज्ञानवादी विनयवादी) पाये जाते हैं। आयुष्य का अबंध है। नियमा भव्य हैं। समदृष्टि में और चार ज्ञान में एक समवसरण (क्रियावादी) पाया जाता है। नारकी,

---

* १ क्रियावादी–आत्मा का अस्तित्व मानने वाले तथा ज्ञान और क्रिया से मोक्ष मानने वाले। इनके १८० भेद हैं।
२ अक्रियावादी–आत्मा आदि का अस्तित्व न मानने वाले। इनके ८४ भेद हैं।
३ अज्ञानवादी–अज्ञान से मोक्ष मानने वाले। इनके ६७ भेद हैं।
४ विनयवादी–सब का विनय करने से ही मोक्ष मानने वाले। जैसे–कुत्ता, बिल्ली, गाय, भैंस आदि सब का विनय करने से मोक्ष मानने वाले। इनके ३२ भेद हैं।
इन चारों के सब मिलाकर ३६३ मत होते हैं। यद्यपि ये सभी मिथ्यादृष्टि हैं, किन्तु यहाँ क्रियावादी का जो वर्णन है, वह सम्यक् अस्तित्व मानने वाले सम्यग्दृष्टियों का है।, इसलिये इन्हें समदृष्टि समझना चाहिये।

ये दो भांगे पाये जाते हैं। इस तरह बाकी सब दण्डक में कह देना चाहिए।

वेदनीयकर्म * समुच्चय जीव मनुष्य की अपेक्षा १२ बोलों में (१ समुच्चयजीव, २ × सलेशी, ३ + शुक्ललेशी,

---

* वेदनीयकर्म में पहला भांगा अभव्य की अपेक्षा होता है तथा तेरहवें गुणस्थान में दो समय बाकी रहते भी पहला भांगा पाया जाता है। जो भव्य जीव मोक्ष जाने वाला है, उसकी अपेक्षा से दूसरा भांगा होता है तथा तेरहवें गुणस्थान में एक समय बाकी रहते भी दूसरा भांगा पाया जाता है। तीसरा भांगा सम्भव नहीं है, क्योंकि जो जीव एक वक्त वेदनीयकर्म के अबंधक हो जाते हैं वे फिर कभी भी वेदनीयकर्म का बन्ध नहीं करते हैं। चौथा भांगा अयोगीकेवली के पहले समय की अपेक्षा से होता है।

×सलेशी जीव में पूर्वोक्त हेतु से तीसरे भांगे को छोड़कर बाकी तीन भांगे पाये जाते हैं। किन्तु कोई शंका करते हैं कि चौथा भांगा (पहले बांधा था, अब नहीं बांधता है और आगे भी नहीं बांधेगा) सलेशी में घटित नहीं हो सकता है। यह भांगा तो अलेशी (लेश्या-रहित), अयोगी में ही घटित हो सकता है। क्योंकि लेश्या तेरहवें गुणस्थान तक होती है और वहाँ तक वेदनीयकर्म का बंध भी होता है।

इसका समाधान इस प्रकार है कि इस सूत्र के वचन से अयोगी अवस्था के प्रथम समय में घंटालालान्याय (जैसे घंटा बजा चुकने पर भी उसके झणकार की आवाज पीछे तक रहती है, उसी तरह) से परम शुक्ललेश्या सम्भवित है। इसीलिए सलेशी में चौथा भांगा घटित हो सकता है।

+शुक्ललेश्या वाले में सलेशी की तरह तीन भांगे होते हैं। शैलेशी अवस्था में रहे हुए केवली और सिद्ध लेश्यारहित होते हैं। इनमें सिर्फ एक चौथा भांगा ही होता है।

कृष्णादि पांच लेश्या वाले जीवों में और कृष्णपाक्षिक जीवों में अयोगीपने का अभाव है। इसलिए इनमें पहले के दो भांगे ही पाये जाते हैं। शुक्लपाक्षिक में अयोगीपना हो सकता है, इसलिए उसमें पहला, दूसरा और चौथा, ये तीन भांगे पाये जाते हैं।

देवता–मनुष्य का और तिर्यंच, मनुष्य–वैमानिकदेव* का आयुष्य बांधते हैं। ये नियमा भव्य होते हैं। कृष्णलेश्या, नीललेश्या, कापोतलेश्या में चारों समवसरण पाये जाते हैं। जिसमें क्रियावादी नारकी, देवता–मनुष्य का आयुष्य बांधते हैं और क्रियावादी तिर्यंच, मनुष्य इन लेश्याओं में आयु नहीं बांधते। नियमा भव्य होते हैं। बाकी तीन समवसरण वाले चारों गति का आयुष्य बांधते हैं। भव्य, अभव्य दोनों होते हैं। तेजोलेश्या, पद्मलेश्या और शुक्ललेश्या में चारों समवसरण पाये जाते हैं। जिसमें क्रियावादी देवता– मनुष्य का और मनुष्य, तिर्यंच (क्रियावादी) वैमानिक का आयुष्य बांधते हैं। नियमा भव्य होते हैं। बाकी तीन समवसरण वाले देवता–तिर्यंच और मनुष्य का आयुष्य बांधते हैं तथा मनुष्य तिर्यंच नारकी को छोड़कर बाकी तीन गति का आयुष्य बांधते हैं। भव्य, अभव्य दोनों हैं। मनःपर्ययज्ञान और नोसंज्ञा में एक समवसरण (क्रियावादी) पाया जाता है। वैमानिक का आयुष्य बांधते हैं। नियमा भव्य होते हैं। अवेदी, अकषायी, अलेशी, केवलज्ञानी और अयोगी में एक समवसरण (क्रियावादी) पाया जाता है, आयुष्य का अबंध है। नियमा भव्य होते हैं। बाकी २२ बोलों में चारों समवसरण पाये जाते हैं। जिसमें क्रियावादी नारकी, देवता तो मनुष्य का और मनुष्य व तिर्यंच वैमानिकदेव का आयुष्य बांधते हैं। नियमा भव्य होते हैं। बाकी तीन समवसरण वाले चारों गति का आयुष्य बांधते हैं। भव्य, अभव्य दोनों होते हैं।

नारकी में ३५ बोल पाये जाते हैं। कृष्णपाक्षिक, मिथ्यादृष्टि और चार अज्ञान में तीन समवसरण (क्रियावादी को छोड़कर) पाये जाते हैं। मनुष्य और तिर्यंच का आयुष्य बांधते हैं। भव्य, अभव्य दोनों

---

* यहाँ जो वैमानिक देव का आयुष्य बांधना बताया गया है, वह विशिष्ट सम्यग्दृष्टि क्रियावादी की अपेक्षा से है। विशेष खुलासा सद्धर्ममंडन पृष्ठ ४० से ४२ पर देखें।

होते हैं। मिश्रदृष्टि में दो समवसरण (विनयवादी, अज्ञानवादी) पाये जाते हैं। आयुष्य का अबन्ध है। नियमा भव्य हैं। समदृष्टि और चार ज्ञान (तीन ज्ञान और एक समुच्चय ज्ञान) में एक समवसरण (क्रियावादी) पाया जाता है। एक मनुष्यगति का आयुष्य बांधते हैं। नियमा भव्य होते हैं। बाकी २३ बोलों में चारों समवसरण पाये जाते हैं। जिसमें क्रियावादी मनुष्यगति का आयुष्य बांधता है। नियमा भव्य होते हैं। बाकी तीन समवसरण वाले मनुष्यगति और तिर्यंचगति का आयुष्य बांधते हैं। भव्य,अभव्य दोनों होते हैं।

८. आत्मा बहुत, नोआत्मा बहुत, अवक्तव्य बहुत।

परमाणुपुद्गल में भांगा मिलते हैं ३ असंयोगी। दोप्रदेशी स्कन्ध में भांगा मिलते हैं ६, असंयोगी ३, दोसंयोगी ३ (१, ५, ९) *। तीनप्रदेशी स्कन्ध में भांगा मिलते हैं १३, असंयोगी ३, दोसंयोगी ९ (४,८,१२, चौथा, आठवां, बारहवां, ये तीन भांगे छोड़ कर बाकी ९ भांगे), तीनसंयोगी १ (पहला) भांगा पाया जाता है ×।

चारप्रदेशी स्कन्ध में भांगा मिलते हैं १९, असंयोगी ३, दोसंयोगी १२, तीनसंयोगी ४ (१,२,३,५)। पांचप्रदेशी स्कन्ध में भांगा मिलते है २२, असंयोगी ३, दोसंयोगी १२, तीनसंयोगी ७ (आठवां भांगा छोड़ कर बाकी ७ भांगे)। छहप्रदेशी स्कन्ध में भांगा मिलते हैं २३। इसी तरह सातप्रदेशी स्कन्ध में, आठप्रदेशी स्कन्ध में यावत् अनन्तप्रदेशी स्कन्ध तक तेईस--तेईस भांगे पाये जाते हैं।

---

* दोप्रदेशी स्कन्ध में ६ भांगे होते हैं। इनमें पहले के तीन भांगे सकल (सव) स्कन्ध की अपेक्षा से होते हैं। बाकी के तीन भांगे देश की अपेक्षा से होते हैं। द्विप्रदेशी स्कन्ध होने से उसके एक देश की स्वपर्याय के द्वारा सत्‌रूप विवक्षा की जाये और दूसरे देश की परपर्याय के द्वारा असत्‌रूप विवक्षा की जाये तो द्विप्रदेशी स्कनध में चौथा भांगा यानी दो संयोगी का पहला भांगा (कथंचित् आत्मा रूप और कथंचित् नोआत्मा रूप) पाया जाता है। जव द्विप्रदेशी स्कन्ध के एक देश की स्वपर्याय के द्वारा सत्‌रूप विवक्षा की जाये और दूसरे देश की सत् और असत् उभय रूप से विवक्षा की जाये तव पांचवां भांगा यानी दो संयोगी का पांचवां भांगा (कथंचित् आत्मा और कथंचित् अवक्तव्य) पाया जाता है। जव द्विप्रदेशी स्कन्ध के एक देश परपर्याय के द्वारा असत्‌रूप विवक्षा की जाये और दूसरे देश की उभयरूप विवक्षा की जाये तव छट्ठा भांगा याने दोसंयोगी का नववां भांगा (नोआत्मा और अवक्तव्य) पाया जाता है।

× तीनप्रदेशी स्कन्ध में १३ भांगे पाये जाते हैं। उनमें असंयोगी तीन भांगे सकल स्कन्ध की अपेक्षा से होते हैं। दोसंयोगी नौ भांगे–१–२–३–५–६–७–९–१०–११ (समुच्चय दोसंयोगी के १२ भांगों में से चौथा, आठवां, वारहवां ये तीन भांगे छोड़ कर) तीनसंयोगी – आत्मा एक, नोआत्मा एक, अवक्तव्य एक, यह भांगा पाया जाता है।

मिश्रदृष्टि वाले उपजते भी नहीं और उवटते अथवा चवते भी नहीं। सत्ता में समदृष्टि और मिथ्यादृष्टि पाये जाते हैं, मिश्रदृष्टि की भजना (कभी पाये जाते हैं और कभी नहीं पाये जाते हैं)। इसी तरह नव ग्रैवेयक तक कह देना। इतनी विशेषता है कि सत्ता में भी *मिश्रदृष्टि नहीं है।

सातवीं नारकी में मिथ्यादृष्टि ही उत्पन्न होते हैं और मिथ्यादृष्टि ही उद्वर्तते हैं। सम्यग्दृष्टि और मिश्रदृष्टि उत्पन्न नहीं होते हैं और उद्वर्तते नहीं हैं। सत्ता में समदृष्टि और मिथ्यादृष्टि ये दो दृष्टि वाले पाये जाते हैं, मिश्रदृष्टि की भजना।

पांच अनुत्तर विमान में समदृष्टि ही उत्पन्न होते हैं, समदृष्टि ही च्यवन को प्राप्त होते हैं और समदृष्टि ही सत्ता में रहते हैं। मिथ्यादृष्टि और मिश्रदृष्टि, ये दो दृष्टि वाले न तो उत्पन्न होते हैं, न च्यवन को प्राप्त होते हैं और न सत्ता में पाये जाते हैं।

१९. स्थितिद्वार

(पन्नवणासूत्र, चौथा पद)

इस थोकड़े में अधोलोक, तिर्यक्लोक और ऊर्ध्वलोक के जीवों की स्थिति का वर्णन है। पहले सामान्य रूप से जीवों की स्थिति बताकर बाद में उनके पर्याप्त, अपर्याप्त भेद कर स्थिति का वर्णन किया गया है।

---

* श्री भगवतीजी सूत्र के तेरहवें शतक के दूसरे उद्देशे में दृष्टि के लिए नव ग्रैवेयक में असुरकुमार की भोलावन दी है किन्तु असुरकुमारों में तो तीनों ही दृष्टि पाई जाती हैं और नव ग्रैवेयक में दो ही दृष्टि पाई जाती हैं ऐसा श्री जीवाजीवाभिगम सूत्र में और श्री पन्नवणा सूत्र के उन्नीसवें पद में कहा गया है। इसलिये ऐसा मालूम होता है कि श्री भगवतीसूत्र लिखनेवालों ने भोलावन तो दे दी है किन्तु 'नवरं' करके जो विशेषता बतलानी चाहिए थी, वह नहीं बतलाई, ऐसा संभव होता है। तत्त्व केवलीगम्य।

समुच्चय नैरयिकों की स्थिति जघन्य दस हजार वर्ष, उत्कृष्ट ३३ सागरोपम की है। अपर्याप्त नैरयिकों की स्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की है। पर्याप्त नैरयिकों की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त कम दस हजार वर्ष की, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त कम तेतीस सागरोपम की है।

रत्नप्रभा नारकी के नैरयिकों की स्थिति जघन्य दस हजार वर्ष की, उत्कृष्ट एक सागरोपम की है। अपर्याप्त रत्नप्रभा नारकी के नैरयिकों की स्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की है। पर्याप्त रत्नप्रभा नारकी के नैरयिकों की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त कम दस हजार वर्ष की, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त कम एक सागरोपम की है। शेष छह नारकी के नैरयिकों की स्थिति इस प्रकार है—

नाम	जघन्यस्थिति	उत्कृष्टस्थिति
१. शर्कराप्रभा	१. सागरोपम	३. सागरोपम
२. बालुकाप्रभा	३. सागरोपम	७. सागरोपम
३. पंकप्रभा	७. सागरोपम	१०. सागरोपम
४. धूमप्रभा	१०. सागरोपम	१७. सागरोपम
५. तमःप्रभा	१७. सागरोपम	२२. सागरोपम
६. तमस्तमप्रभा	२२. सागरोपम	३३. सागरोपम

इन छहों नारकी के अपर्याप्त नैरयिकों की स्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की है और पर्याप्त नैरयिकों की स्थिति ऊपर बताई गई जघन्य, उत्कृष्ट स्थिति से अन्तर्मुहूर्त कम है। ये ८×३ = २४ आलापक हुए।

समुच्चय देवता की स्थिति नैरयिकों के समान ही है। समुच्चय देवियों की स्थिति जघन्य दस हजार वर्ष की, उत्कृष्ट ५५ पल्योपम की। अपर्याप्त देवियों की स्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की। पर्याप्त देवियों की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त कम दस हजार वर्ष

जैसे एक जीव की स्थिति एक हजार वर्ष की है और दूसरे की तीन पल्योपम की है। चूंकि असंख्यात वर्षों का एक पल्योपम होता है इसलिए एक हजार वर्ष से पल्योपम असंख्यातगुण–अधिक है। अतः पहले जीव की स्थिति असंख्यातगुणहीन है और दूसरे की स्थिति असंख्यातगुण–अधिक है। जिन जीवों की स्थिति असंख्यात वर्षों की होती है उनकी स्थिति चतुः–स्थानपतित समझनी चाहिए।

षट्स्थानपतित–आगे वर्ण, गंध, रस और स्पर्श के बीस बोलों के पर्याय की तथा बारह उपयोग के पर्याय की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहेंगे। षट्स्थानपतित का आशय अनन्तभागहीन, असंख्यातभागहीन, संख्यातभागहीन, संख्यातगुणहीन, असंख्यातगुणहीन, अनन्तगुणहीन और अनन्तभाग–अधिक, असंख्यातभाग–अधिक, संख्यातभाग–अधिक, संख्यातगुण–अधिक, असंख्यातगुण–अधिक, अनन्तगुण–अधिक से है। काले वर्ण की अनन्त पर्यायों को असद्भूत स्थापना से दस हजार माना जाय और सर्व जीवों की अनन्त संख्या को सौ मानकर उसमें भाग दिया जाय तो भागफल सौ आवेगा। एक जीव के काले वर्ण की पर्याय दस हजार हैं और दूसरे जीव के काले वर्ण की पर्याय सौ कम यानी ९९०० हैं। चूंकि सर्व जीवों की अनन्त संख्या से भाग देने से भागफल सौ आया है, अतः यह सौ अनन्तवां भाग है। अतः ९९०० काले वर्ण की पर्याय वाला दस हजार काले वर्ण की पर्याय वाले की अपेक्षा अनन्तभागहीन है और दस हजार काले वर्ण की पर्याय वाला अनन्तभाग–अधिक है। इसी तरह काले वर्ण की पर्यायों को दस हजार मानें और लोकाकाश प्रदेशप्रमाण असंख्यात संख्या को पचास मान लें। दस हजार में पचास का भाग देने पर भागफल २०० प्राप्त हुआ। यह दो सौ असंख्यातवां भाग है। एक जीव की काले वर्ण की पर्याय २०० कम ९८०० हैं और दूसरे जीव की दस

की, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त कम ५५ पल्योपम की। समुच्चय भवनपति देवता तथा असुरकुमार देवों की स्थिति जघन्य दस हजार वर्ष की, उत्कृष्ट एक सागरोपम से कुछ अधिक। इनकी देवियों की स्थिति जघन्य दस हजार वर्ष की, उत्कृष्ट साढ़े चार पल्योपम की। नागकुमार आदि शेष नव जाति के भवनपति देवता की स्थिति जघन्य दस हजार वर्ष की, उत्कृष्ट कुछ कम दो पल्योपम की। इनकी देवियों की स्थिति जघन्य दस हजार वर्ष की, उत्कृष्ट कुछ कम एक पल्योपम की। इन सभी के अपर्यास की स्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की है और पर्यास की स्थिति ऊपर जो जघन्य, उत्कृष्ट स्थिति बताई है, उससे अन्तर्मुहूर्त कम है। समुच्चय देवता, समुच्चय भवनपति, दस असुरकुमार, ये बारह और इन बारह की देवियां, ये २४, इनमें प्रत्येक के ३–३ आलापक होने से २४×३ = ७२ हुए।

समुच्चय पृथ्वीकाय और बादर पृथ्वीकाय की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट २२ हजार वर्ष की। इनके अपर्यास की स्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की और पर्यास की जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त कम बावीस हजार वर्ष की। सूक्ष्म पृथ्वीकाय, सूक्ष्म पृथ्वीकाय के अपर्यास और सूक्ष्म पृथ्वीकाय के पर्यास की स्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की है। पृथ्वीकाय के ९ आलापक हुए।

समुच्चय अप्काय और बादर अप्काय की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट सात हजार वर्ष की है। समुच्चय तेजस्काय और बादर तेजस्काय की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट ३ अहोरात्रि की है। समुच्चय वायुकाय और बादर वायुकाय की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट तीन हजार वर्ष की है। समुच्चय वनस्पति और बादर वनस्पति की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट

हजार पर्याय हैं। पहले जीव की पर्याय दूसरे जीव की अपेक्षा असंख्यातभागहीन हैं और दूसरे की पहले की अपेक्षा असंख्यातभाग–अधिक हैं।

काले वर्ण की अनन्त पर्यायों को ऊपर लिखे अनुसार दस हजार मान लें और उत्कृष्ट संख्यात संख्या को दस मान लें। दस हजार में दस का भाग देने पर भागफल १००० प्राप्त हुआ। यह एक हजार संख्यातवां भाग है। एक जीव की काले वर्ण की पर्याय हजार कम ९००० हैं और दूसरे की दस हजार हैं। अतः पहले जीव की काले वर्ण की पर्याय दूसरे की अपेक्षा संख्यातभागहीन हैं और दूसरे की संख्यातभाग–अधिक हैं।

ऊपर काले वर्ण की अनन्त पर्यायों को दस हजार माना है और उसमें सर्वजीव की अनन्त संख्या को सौ मान कर, लोकाकाश प्रदेशप्रमाण असंख्यात संख्या को पचास मानकर, उत्कृष्ट संख्यात को दस मानकर भाग दिया है और भागफल क्रमशः सौ, दो सौ और हजार आया है और सौ को अनन्तवां भाग, दो सौ को असंख्यातवां भाग और हजार को संख्यातवां भाग माना है। कल्पना करो एक जीव की काले वर्ण की पर्याय एक हजार हैं, दूसरे की दस हजार हैं। हजार को दस से गुणा करने पर दस हजार आता है, इसलिए हजार पर्याय वाला संख्यातगुणहीन और दस हजार पर्याय वाला संख्यातगुण–अधिक है। इसीतरह एक जीव की काले वर्ण की पर्याय दो सौ हैं और दूसरे की दस हजार हैं। दो सौ को पचास से गुणा करने पर दस हजार होते हैं, अतः पहले जीव की पर्याय दूसरे की अपेक्षा असंख्यातगुणहीन हैं और दूसरे की असंख्यातगुण–अधिक हैं। इसी प्रकार एक जीव की काले वर्ण की पर्याय सौ और दूसरे की दस हजार हैं। सर्व जीवों की अनन्त संख्या को सौ माना है। सौ को सौ से गुणा करने पर दस हजार होते हैं।

दस हजार वर्ष की है। इन सभी के अपर्याप्त की स्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की है और इनके पर्याप्त की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अपनी–अपनी स्थिति से अन्तर्मुहूर्त कम है।

सूक्ष्म अप्काय, सूक्ष्म तेजस्काय, सूक्ष्म वायुकाय, सूक्ष्म वनस्पतिकाय की, इनके पर्याप्त की और इनके अपर्याप्त की स्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की है। अप्काय, तेजस्काय वायुकाय और वनस्पतिकाय के भी ऊपर लिखे अनुसार ९ आलापक हुए। इस प्रकार ५ स्थावर के ५×९ = ४५ आलापक हुए।

द्वीन्द्रिय की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट बारह वर्ष की है। त्रीन्द्रिय की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट ४९ दिन की है। चतुरिन्द्रिय की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट छह महीने की है।

तीन विकलेन्द्रिय के अपर्याप्त की स्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की है। पर्याप्त की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट अपनी–अपनी स्थिति से अन्तर्मुहूर्त कम है। विकलेन्द्रिय के ३×३ = ९ आलापक हुए।

समुच्चय तिर्यंचपंचेन्द्रिय की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट ३ पल्योपम की। तिर्यंचपंचेन्द्रिय के अपर्याप्त की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की और पर्याप्त की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त कम तीन पल्योपम की है।

सम्मूर्छिम तिर्यंचपंचेन्द्रिय की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट करोड़ पूर्व की। इनके अपर्याप्त की स्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की और पर्याप्त की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त कम करोड़ पूर्व की। गर्भज तिर्यंचपंचेन्द्रिय की तीनों स्थिति समुच्चय तिर्यंचपंचेन्द्रिय के समान हैं। समुच्चय जलचर तिर्यंचपंचेन्द्रिय की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट करोड़ पूर्व

अतः सौ पर्याय वाला दस हजार पर्याय वाले की अपेक्षा अनन्तगुणहीन है और दस हजार पर्याय वाला अनन्तगुण-अधिक है।

पर्याय दो तरह की हैं--जीवपर्याय और अजीवपर्याय। जीवपर्याय असंख्यात न होकर अनन्त हैं। क्योंकि तेईस दंडक के जीव असंख्यात हैं, वनस्पति के जीव अनन्त हैं और सिद्ध भगवान् अनन्त हैं।

नारकी के नैरयिकों की पर्याय संख्यात और असंख्यात न होकर अनन्त हैं। नारकी का एक नैरयिक दूसरे नैरयिक से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित (चउट्ठाणवडिया) है, स्थिति की अपेक्षा चतुः-स्थानपतित है, वर्ण, गंध, रस और स्पर्श के बीस बोल की पर्याय की अपेक्षा एवं नौ उपयोग (३ ज्ञान, ३ अज्ञान, ३ दर्शन) की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित (छट्ठाणवडिया) है। नारकी की तरह देवता के तेरह दण्डक और तिर्यंचपंचेन्द्रिय का १ दण्डक-ये चौदह दण्डक कहना चाहिए, किन्तु ज्योतिषी और वैमानिक देवों में स्थिति त्रिस्थानपतित (तिट्ठाणवडिया) कहनी चाहिए।

पृथ्वीकाय की पर्याय अनन्त हैं। एक पृथ्वीकाय दूसरी पृथ्वीकाय से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा त्रिस्थानपतित है, वर्णादि के बीस बोल की पर्यायों की अपेक्षा तथा तीन उपयोग (दो अज्ञान, एक दर्शन) की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। पृथ्वीकाय की तरह शेष चार स्थावर कहना चाहिए।

द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, इन तीन विकलेन्द्रिय की पर्याय भी अनन्त हैं। द्वीन्द्रिय द्वीन्द्रिय से, त्रीन्द्रिय त्रीन्द्रिय से, चतुरिन्द्रिय चतुरिन्द्रिय से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा

की। इनके अपर्याप्त की स्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की और पर्याप्त की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त कम करोड़ पूर्व की। समुच्चय जलचर तिर्यंचपंचेन्द्रिय की तरह ही सम्मूर्छिम जलचर तिर्यंचपंचेन्द्रिय और गर्भज जलचर तिर्यंचपंचेन्द्रिय की तीन–तीन स्थिति कह देनी चाहिये।

समुच्चय चतुष्पद स्थलचर तिर्यंचपंचेन्द्रिय की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट तीन पल्योपम की। इनके अपर्याप्त की स्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की और पर्याप्त की जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त कम तीन पल्योपम की। सम्मूर्छिम चतुष्पद स्थलचर तिर्यंचपंचेन्द्रिय की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट चौरासी हजार वर्ष की। इनके अपर्याप्त की स्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की और पर्याप्त की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त कम चौरासी हजार वर्ष की। गर्भज चतुष्पद स्थलचर तिर्यंचपंचेन्द्रिय की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट तीन पल्योपम की। इनके अपर्याप्त की स्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की और पर्याप्त की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त कम तीन पल्योपम की है।

समुच्चय उरपरिसर्प स्थलचर तिर्यंचपंचेन्द्रिय तथा गर्भज उरपरिसर्प स्थलचर तिर्यंचपंचेन्द्रिय की तीनों स्थितियां जलचर तिर्यंचपंचेन्द्रिय की तरह कह देनी चाहिए। सम्मूर्छिम उरपरिसर्प स्थलचर तिर्यंचपंचेन्द्रिय की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट त्रेपन हजार वर्ष की। इनके अपर्याप्त की स्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की और पर्याप्त की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त कम त्रेपन हजार वर्ष की है।

समुच्चय भुजपरिसर्प स्थलचर तिर्यंचपंचेन्द्रिय तथा गर्भज भुजपरिसर्प स्थलचर तिर्यंचपंचेन्द्रिय की तीनों स्थितियां जलचर

तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा त्रिस्थानपतित है, वर्णादि के बीस बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय पांच उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा और चतुरिन्द्रिय छह उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है।

मनुष्य की पर्याय अनन्त हैं। मनुष्य, मनुष्य से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा चतःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, वर्णादि के बीस बोल की पर्यायों की अपेक्षा तथा दस उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है तथा केवलज्ञान, केवलदर्शन की पर्यायों की अपेक्षा तुल्य है।

जघन्य अवगाहना वाले नैरयिकों की अनन्त पर्याय हैं। जघन्य अवगाहना वाला नैरयिक जघन्य अवगाहना वाले नैरयिक से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा तुल्य है, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है तथा वर्णादि के बीस बोल तथा नौ उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। उत्कृष्ट अवगाहना वाले नैरयिकों की भी अनन्त पर्याय हैं। उत्कृष्ट अवगाहना वाला नैरयिक उत्कृष्ट अवगाहना वाले नैरयिक से द्रव्य, प्रदेश तथा अवगाहना की अपेक्षा तुल्य है, स्थिति की अपेक्षा द्विस्थानपतित (दुट्ठाणवडिया) है, वर्णादि के बीस बोल तथा ९ उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। मध्यम (अजघन्य-अनुत्कृष्ट) अवगाहना वाले नैरयिकों की भी अनन्त पर्याय हैं। मध्यम अवगाहना वाला नैरयिक मध्यम अवगाहना वाले नैरयिक से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना और स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है तथा वर्णादि के बीस बोल और ९ उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है।

तिर्यंचपंचेन्द्रिय की तरह ही हैं। सम्मूर्छिम भुजपरिसर्प स्थलचर तिर्यंचपंचेन्द्रिय की स्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट बयालीस हजार वर्ष की है। इनके अपर्याप्त की स्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की और पर्याप्त की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त कम बयालीस हजार वर्ष की है।

समुच्चय खेचर तिर्यंचपंचेन्द्रिय तथा गर्भज खेचर तिर्यंचपंचेन्द्रिय की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट पल्योपम के असंख्यातवें भाग की। इनके अपर्याप्त की स्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की और पर्याप्त की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त कम पल्योपम के असंख्यातवें भाग की। सम्मूर्छिम खेचर तिर्यंचपंचेन्द्रिय की जघन्य स्थिति अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट बहत्तर हजार वर्ष की। इनके अपर्याप्त की स्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की और पर्याप्त की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त कम बहत्तर हजार वर्ष की। उक्त प्रकार से तिर्यंचपंचेन्द्रिय के ६×९ = ५४ आलापक हुए।

मनुष्य की तथा गर्भज मनुष्य की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट तीन पल्योपम की। इनके अपर्याप्त की स्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की और पर्याप्त की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त कम तीन पल्योपम की। सम्मूर्छिम मनुष्य की स्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की। सम्मूर्छिम मनुष्य अपर्याप्त ही होते हैं। मनुष्य के इस प्रकार ७ आलापक हुए।

व्यन्तर देवता की स्थिति जघन्य दस हजार वर्ष की, उत्कृष्ट एक पल्योपम की। इनके अपर्याप्त की स्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की और पर्याप्त की स्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त कम दस हजार वर्ष की, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त कम एक पल्योपम की। व्यन्तर देवी की स्थिति जघन्य दस हजार वर्ष की, उत्कृष्ट आधा पल्योपम

जघन्य स्थिति वाले नैरयिकों की अनन्त पर्याय हैं। जघन्य स्थिति वाला नैरयिक जघन्य स्थिति वाले नैरयिक से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा तुल्य है, वर्णादि के बीस बोल तथा ९ उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। उत्कृष्ट स्थिति वाले नैरयिक भी इसी तरह कहना। मध्यम स्थिति वाले नैरयिक भी इसी तरह कहना, किन्तु स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित कहना।

जघन्य गुण काले वर्ण वाले नैरयिकों की अनन्त पर्याय हैं। जघन्य गुण काले वर्ण वाला नैरयिक जघन्य गुण काले वर्ण वाले नैरयिक से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, जघन्य गुण काले वर्ण की पर्याय की अपेक्षा तुल्य है, शेष १९ वर्णादि की पर्यायों की अपेक्षा तथा ९ उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। उत्कृष्ट गुण काले वर्ण वाले नैरयिक भी इसी तरह कहना। मध्यम गुण काले वर्ण वाले नैरयिक भी इसी तरह कहना, अन्तर इतना है कि इनमें वर्णादि बीस बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहना। जिस तरह काले वर्ण वाले नैरयिकों बाबत कहा, उसी तरह शेष १९ वर्णादि के नैरयिकों का भी कहना।

जघन्य मतिज्ञान वाले नैरयिकों की अनन्त पर्याय हैं। जघन्य मतिज्ञान वाला नैरयिक, जघन्य मतिज्ञान वाले नैरयिक से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, वर्णादि बीस बोल की पर्यायों तथा पांच उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। मतिज्ञान की पर्याय की अपेक्षा तुल्य है। उत्कृष्ट

जघन्य एक पल्योपम की, उत्कृष्ट सात पल्योपम की। अपरिग्रहीता देवी की स्थिति जघन्य एक पल्योपम की, उत्कृष्ट पचास पल्योपम की। देवियों के अपर्याप्त की स्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त की और पर्याप्त की जघन्य, उत्कृष्ट स्थिति अपनी–अपनी स्थिति से अंतर्मुहूर्त कम है। पहले देवलोक के ४×३ = १२ आलापक हुए।

दूसरे देवलोक के देवता की स्थिति जघन्य एक पल्योपम से अधिक, उत्कृष्ट दो सागरोपम से अधिक। दूसरे देवलोक के देवियों की स्थिति जघन्य एक पल्योपम से अधिक, उत्कृष्ट पचपन पल्योपम की। परिग्रहीता देवियों की स्थिति जघन्य एक पल्योपम से अधिक, उत्कृष्ट नौ पल्योपम की। अपरिग्रहीता देवियों की स्थिति जघन्य एक पल्योपम से अधिक, उत्कृष्ट पचपन पल्योपम की। दूसरे देवलोक के देवता और देवियों के अपर्याप्त की स्थिति जघन्य उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त की और पर्याप्त की जघन्य, उत्कृष्ट स्थिति अपनी-अपनी स्थिति से अंतर्मुहूर्त कम है। दूसरे देवलोक के ४×३ = १ आलापक हुए।

शेष वैमानिक देवों की स्थिति

नाम		जघन्यस्थिति		उत्कृष्टस्थिति	
तीसरे देवलोक के					
देवता की		दो सागरोपम		सात सागरोपम	
चौथे	"	दो सागरो० से अधिक,		सात सागरोपम अधिक	
पांचवें	"	सात सागरोपम		दस सागरोपम	
छठे	"	दस	"	चौदह	"
सातवें	"	चौदह	"	सतरह	"
आठवें	"	सतरह	"	अठारह	"
नवें	"	अठारह	"	उन्नीस	"
दसवें	"	उन्नीस	"	बीस	"

मतिज्ञान वाले भी इसी तरह कहना। मध्यम मतिज्ञान वाले भी इसी तरह कहना, परन्तु इनमें छह उपयोग की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहना। मतिज्ञान की तरह श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान और तीन अज्ञान भी कहना। जिनके ज्ञान हैं, उनके अज्ञान नहीं होते और जिनके अज्ञान हैं, उनके ज्ञान नहीं होते।

जघन्य चक्षुदर्शन वाले नैरयिकों की अनन्त पर्याय हैं। जघन्य चक्षुदर्शन वाला नैरयिक, जघन्य चक्षुदर्शन वाले नैरयिक से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, बीस वर्णादि की पर्यायों की अपेक्षा तथा ८ उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है, चक्षुदर्शन की पर्यायों की अपेक्षा तुल्य है। इसी तरह उत्कृष्ट चक्षुदर्शन वाले कहना। मध्यम चक्षुदर्शन वाले भी इसी तरह कहना। इनमें ९ ही उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहना। चक्षुदर्शन की तरह अचक्षुदर्शन और अवधिदर्शन भी कहना। इस तरह नारकी के अवगाहना, स्थिति, वर्णादि २० बोल तथा ९ उपयोग, इन ३१ के जघन्य, उत्कृष्ट, मध्यम की अपेक्षा ३१×३ = ९३ आलापक हुए।

नैरयिकों की तरह दस भवनपति देव की पर्याय भी अनन्त हैं। द्रव्य, प्रदेश तथा जघन्य, उत्कृष्ट और मध्यम अवगाहना, स्थिति, वर्णादि २० बोल तथा ९ उपयोग, सभी नैरयिकों की तरह कह देना चाहिए। अन्तर केवल इतना है कि उत्कृष्ट अवगाहना में स्थिति द्विस्थानपतित न कह कर चतुःस्थानपतित कहनी चाहिए। इस प्रकार भवनपति देवों के ९३×१० = ९३० आलापक हुए।

पृथ्वीकाय की पर्याय भी अनन्त हैं। जघन्य अवगाहना वाला पृथ्वीकाय का जीव, जघन्य अवगाहना वाले पृथ्वीकाय के जीव से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की

ग्यारहवें देवलोक	बीस	सागरोपम	इक्कीस	सागरोपम
बारहवें "	इक्कीस	"	बाईस	"
पहले ग्रैवेयक के देवता की	बाईस	"	तेईस	"
दूसरे "	तेईस	"	चौबीस	"
तीसरे "	चौबीस	"	पच्चीस	"
चौथे "	पच्चीस	"	छब्बीस	"
पांचवें "	छब्बीस	"	सत्ताईस	"
छठे "	सत्ताईस	"	अट्ठाईस	"
सातवें "	अट्ठाईस	"	उनतीस	"
आठवें "	उनतीस	"	तीस	"
नवें "	तीस	"	इकतीस	"

चार अनुत्तर विमान के देवता की स्थिति जघन्य इकतीस सागरोपम की, उत्कृष्ट तेतीस सागरोपम की। सर्वार्थसिद्ध के देवता की स्थिति अजघन्य-अनुत्कृष्ट तेतीस सागरोपम की। तीसरे देवलोक से सर्वार्थसिद्ध तक के देवताओं के अपर्याप्त की स्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की और पर्याप्त की जघन्य, उत्कृष्ट स्थिति उपरोक्त अपनी-अपनी स्थिति से अन्तर्मुहूर्त कम है। तीसरे देवलोक से सर्वार्थसिद्ध तक २१×३ = ६३ आलापक हुए।

इस प्रकार २४+७२+४५+९+५४+७+६+३६+६+१२+१२+६३ = ३४६ आलापक हुए।

*****

अपेक्षा तुल्य है, स्थिति की अपेक्षा त्रिस्थानपतित है, वर्णादि बीस बोलों की पर्यायों की अपेक्षा तथा तीन उपयोग (दो अज्ञान, अचक्षुदर्शन) की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। उत्कृष्ट अवगाहना वाले पृथ्वीकाय के जीवों का भी इसी प्रकार कहना। मध्यम अवगाहना वाले पृथ्वीकाय के जीवों के लिए भी इसी तरह कहना, सिर्फ अवगाहना चतुःस्थानपतित कहना।

जघन्य स्थिति वाले पृथ्वीकाय के जीव, जघन्य स्थिति वाले पृथ्वीकाय के जीव से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य हैं, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य हैं, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित हैं, स्थिति की अपेक्षा तुल्य हैं, वर्णादि २० बोलों की पर्याय तथा तीन उपयोग की पर्याय की अपेक्षा षट्स्थानपतित हैं। उत्कृष्ट स्थिति वाले पृथ्वीकाय के जीव भी इसी प्रकार कहना। मध्यम स्थिति वाले पृथ्वीकाय के जीव भी इसी प्रकार कहना, सिर्फ स्थिति त्रिस्थानपतित कहनी चाहिए।

जघन्य गुण काले वर्ण का पृथ्वीकाय का जीव जघन्य गुण काले वर्ण के पृथ्वीकाय के जीव से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा त्रिस्थानपतित है, काले वर्ण की पर्यायों की अपेक्षा तुल्य है, शेष वर्णादि १९ बोल तथा तीन उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। इसी तरह उत्कृष्ट गुण काले वर्ण वाले पृथ्वीकाय के जीव भी कहना। मध्यम गुण काले वर्ण वाले पृथ्वीकाय के जीवों में वर्णादि बीस की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहना, शेष जघन्य गुण काले वर्ण की तरह कह देना चाहिए। काले वर्ण की तरह शेष १९ वर्णादि के बोल कहना चाहिए।

जघन्य मति-अज्ञान वाला पृथ्वीकाय का जीव, जघन्य मति-अज्ञान वाले पृथ्वीकाय के जीव से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है

जैन स्तोक मंजूषा

भाग–६

१. जीवपर्याय का थोकड़ा

(पन्नवणासूत्र, पांचवां पद)

इस थोकड़े में जीव की पर्याय, अवगाहना और स्थिति की अपेक्षा एकस्थानपतित (एगट्ठाणवडिया), द्विस्थानपतित (दुट्ठाणवडिया), त्रिस्थानपतित (तिट्ठाणवडिया) और चतु:स्थानपतित (चउट्ठाणवडिया) बतलाई जाएगी एवं पांच वर्ण, दो गंध, पांच रस और आठ स्पर्श, इन बीस बोल की अपेक्षा तथा बारह उपयोग की अपेक्षा षट्स्थानपतित (छट्ठाणवडिया) कही जाएगी। थोकड़े के प्रारम्भ में इनका खुलासा कर देने से पाठकों को समझने में सरलता होगी।

एकस्थानपतित---एकस्थानपतित का आशय यहां असंख्यातभागहीन और असंख्यातभाग–अधिक है। जैसे एक युगलिक की स्थिति अन्तर्मुहूर्त कम तीन पल्योपम की है और दूसरे की तीन पल्योपम की है। अन्तर्मुहूर्त पल्योपम का असंख्यातवां भाग होता है। अत: पहले की स्थिति असंख्यातभागहीन है और दूसरे की स्थिति असंख्यातभाग–अधिक है। उत्कृष्ट अवगाहना वाले मनुष्य की स्थिति एकस्थानपतित बतलाई जाएगी।

द्विस्थानपतित---द्विस्थानपतित का आशय यहां असंख्यातभागहीन, संख्यातभागहीन और असंख्यातभाग– अधिक, संख्यातभाग–अधिक है। उत्कृष्ट अवगाहना वाले नैरयिकों की स्थिति द्विस्थानपतित आगे कहेंगे। जैसे एक नैरयिक की स्थिति अन्तर्मुहूर्त कम तेतीस सागरोपम की है और दूसरे की स्थिति पूरे

और स्थिति की अपेक्षा त्रिस्थानपतित है, वर्णादि २० बोलों की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है, मति–अज्ञान की पर्यायों की अपेक्षा तुल्य है, श्रुत–अज्ञान और अचक्षुदर्शन की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। उत्कृष्ट मति –अज्ञान वाले पृथ्वीकाय के जीव के लिए भी इसी तरह कहना। मध्यम मति–अज्ञान वाले पृथ्वीकाय के जीव के लिए भी इसी तरह कहना चाहिए। फर्क यह है कि इसमें तीनों उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहना। मति–अज्ञान वाले पृथ्वीकाय के जीव की तरह ही श्रुत–अज्ञान और अचक्षुदर्शन वाले पृथ्वीकाय के जीवों के भी जघन्य, उत्कृष्ट और मध्यम भेद कर वर्णन करना।

पृथ्वीकाय के अवगाहना, स्थिति, वर्णादि २० बोल और ३ उपयोग, ये २५ बोल के जघन्य, उत्कृष्ट, मध्यम की अपेक्षा २५×३ = ७५ आलापक हुए। पृथ्वीकाय की तरह ही शेष चार स्थावर भी कहना चाहिए। इस तरह पांच स्थावर के ५×७५ = ३७५ आलापक हुए।

द्वीन्द्रिय की अनन्त पर्याय हैं। जघन्य अवगाहना वाला द्वीन्द्रिय, जघन्य अवगाहना वाले द्वीन्द्रिय से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा तुल्य है, स्थिति की अपेक्षा त्रिस्थानपतित है, वर्णादि २० बोल की पर्यायों की अपेक्षा तथा पांच उपयोग (दो ज्ञान, दो अज्ञान और अचक्षुदर्शन) की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। उत्कृष्ट अवगाहना वाले द्वीन्द्रिय भी जघन्य अवगाहना वाले द्वीन्द्रिय की तरह कहना, इतना फर्क है कि उत्कृष्ट अवगाहना वाले में ३ उपयोग कहना। मध्यम अवगाहना वाले द्वीन्द्रिय भी जघन्य अवगाहना वाले द्वीन्द्रिय की तरह कहना, अन्तर केवल इतना है कि इनमें अवगाहना चतुःस्थानपतित कहनी चाहिए।

जघन्य स्थिति वाला द्वीन्द्रिय, जघन्य स्थिति वाले द्वीन्द्रिय

तेतीस सागरोपम की है। अन्तर्मुहूर्त तेतीस सागरोपम का असंख्यातवां भाग है, अतः पहले नैरयिक की स्थिति असंख्यातभागहीन और दूसरे की असंख्यातभाग– अधिक है। इसी प्रकार एक नैरयिक की स्थिति पल्योपम कम तेतीस सागरोपम की है और दूसरे की पूरे तेतीस सागरोपम की है। चूंकि पल्योपम सागरोपम का संख्यातवां भाग है अतः पहले नैरयिक की स्थिति संख्यातभागहीन और दूसरे की संख्यातभाग–अधिक हुई।

त्रिस्थानपतित––त्रिस्थानपतित का आशय यहां असंख्यातभागहीन, संख्यातभागहीन, संख्यातगुणहीन तथा असंख्यातभाग–अधिक, संख्यातभाग–अधिक, संख्यातगुण–अधिक से है। आगे अवगाहना और स्थिति त्रिस्थान–पतित कहेंगे। जैसे एक जीव की अवगाहना अंगुल के असंख्यातवें भाग कम पांचसौ धनुष की है और दूसरे की पांचसौ धनुष की है। अंगुल का असंख्यातवां भाग पांचसौ धनुष का असंख्यातवां भाग है। इसलिए पहले जीव की अवगाहना असंख्यातभागहीन है और दूसरे जीव की अवगाहना पहले की अपेक्षा असंख्यातभाग–अधिक है। इसीतरह एक जीव की अवगाहना एक धनुष कम पांचसौ धनुष की है और दूसरे की अवगाहना पांचसौ धनुष की है। एक धनुष, पांचसौ धनुष का संख्यातवां भाग है अतः पहले जीव की अवगाहना संख्यातभागहीन है और दूसरे की पहले की अपेक्षा संख्यातभाग–अधिक है। इसी तरह एक जीव की अवगाहना १२५ धनुष की है और दूसरे जीव की अवगाहना पांचसौ धनुष की है। सवासौ को चार से गुणा करने पर पांचसौ होते हैं। अतः पहले की अवगाहना संख्यातगुणहीन है और उसकी अपेक्षा दूसरे की अवगाहना संख्यातगुण–अधिक है।

स्थिति की अपेक्षा त्रिस्थानपतित इस तरह समझना चाहिए। जैसे एक पृथ्वीकाय के जीव की स्थिति मुहूर्त के असंख्यातवें

से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा तुल्य है, वर्णादि २० बोल की पर्यायों तथा तीन उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। इसी तरह उत्कृष्ट स्थिति वाले द्वीन्द्रिय भी कहना, अन्तर इतना है कि इनमें ५ उपयोग कहना। मध्यम स्थिति वाले द्वीन्द्रिय भी जघन्य स्थिति वाले द्वीन्द्रिय की तरह कहना, अन्तर इतना है कि इनमें स्थिति की अपेक्षा त्रिस्थानपतित कहना तथा इनमें ५ उपयोग कहना।

जघन्य गुण काले वर्ण वाला द्वीन्द्रिय, जघन्य गुण काले वर्ण वाले द्वीन्द्रिय से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा त्रिस्थानपतित है, काले वर्ण की पर्यायों की अपेक्षा तुल्य है, शेष १९ वर्णादि की पर्यायों तथा ५ उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। उत्कृष्ट गुण काले वर्ण वाले द्वीन्द्रिय भी जघन्य गुण काले वर्ण वाले द्वीन्द्रिय की तरह कहना। मध्यम गुण काले वर्ण वाले द्वीन्द्रिय भी जघन्य गुण काले वर्ण वाले द्वीन्द्रिय की तरह कहना, अन्तर यह है कि इनमें वर्णादि २० बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहना।

जघन्य मतिज्ञान वाला द्वीन्द्रिय, जघन्य मतिज्ञान वाले द्वीन्द्रिय से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा त्रिस्थानपतित है, वर्णादि बीस बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है, मतिज्ञान की पर्यायों की अपेक्षा तुल्य है, श्रुतज्ञान और अचक्षुदर्शन की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। जघन्य मतिज्ञान वाले द्वीन्द्रिय की तरह उत्कृष्ट मतिज्ञान वाले द्वीन्द्रिय भी कहना। मध्यम मतिज्ञान वाले द्वीन्द्रिय भी जघन्य मतिज्ञान वाले

भाग कम बावीस हजार वर्ष की है और दूसरे की बावीस हजार वर्ष की है। यहां पहले जीव की स्थिति असंख्यातभागहीन है और उसकी अपेक्षा दूसरे की स्थिति असंख्यातभाग–अधिक है। इसी तरह एक पृथ्वीकाय के जीव की स्थिति मुहूर्त कम बावीस हजार वर्ष की है और दूसरे पृथ्वीकाय के जीव की बावीस हजार वर्ष की है। एक मुहूर्त बावीस हजार वर्ष का संख्यातवां भाग है। अतः पहले जीव की स्थिति संख्यातभागहीन और उसकी अपेक्षा दूसरे जीव की स्थिति संख्यातभाग–अधिक है। इसी प्रकार एक पृथ्वीकाय के जीव की स्थिति एक हजार वर्ष की है और दूसरे पृथ्वीकाय के जीव की स्थिति बावीस हजार वर्ष की है। एक हजार से बावीस हजार बावीस गुणा यानी संख्यातगुण–अधिक है। अतः पहले जीव की स्थिति संख्यातगुणहीन है और दूसरे जीव की स्थिति संख्यातगुण–अधिक है।

चतुःस्थानपतित–चतुःस्थानपतित का आशय यहां असंख्यातभागहीन, संख्यातभागहीन, असंख्यातगुणहीन, संख्यातगुणहीन तथा असंख्यातभाग–अधिक, संख्यातभाग—अधिक, असंख्यातगुण–अधिक, संख्यातगुण–अधिक से है। ऊपर जो त्रिस्थानपतित बताया है उससे चतुःस्थानपतित में असंख्यातगुणहीन और असंख्यातगुण–अधिक बढ़ा है। अतः यहां अवगाहना और स्थिति की अपेक्षा असंख्यातगुणहीन और असंख्यातगुण–अधिक का उदाहरण दिया जाता है। जैसे एक जीव की अवगाहना अंगुल के असंख्यातवें भाग की है और दूसरे की अवगाहना एक अंगुल की है। अंगुल के असंख्यातवें भाग से अंगुल असंख्यातगुणा है। अतः पहले जीव की अवगाहना असंख्यातगुणहीन है और दूसरे जीव की अवगाहना असंख्यातगुण–अधिक है। इसी तरह स्थिति भी असंख्यातगुणहीन और असंख्यातगुण–अधिक समझनी चाहिए।

द्वीन्द्रिय की तरह कहना, अन्तर इतना है कि तीनों उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहना। मतिज्ञान वाले द्वीन्द्रिय की तरह श्रुतज्ञान वाले द्वीन्द्रिय भी कहना। मतिज्ञान वाले, श्रुतज्ञान वाले द्वीन्द्रिय की तरह मति–अज्ञान वाले, श्रुत–अज्ञान वाले द्वीन्द्रिय भी कहना, सिर्फ ज्ञान की जगह अज्ञान कहना। अचक्षुदर्शन वाले द्वीन्द्रिय भी मतिज्ञान वाले द्वीन्द्रिय की तरह कहना। अन्तर इतना है कि जघन्य और उत्कृष्ट अचक्षुदर्शन वाले द्वीन्द्रिय अचक्षुदर्शन की पर्यायों की अपेक्षा तुल्य हैं और दो ज्ञान, दो अज्ञान इन चार उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित हैं तथा मध्यम अचक्षुदर्शन वाले पांच उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित हैं। द्वीन्द्रिय के अवगाहना, स्थिति, वर्णादि २० तथा उपयोग ५, कुल २७ बोल के जघन्य, उत्कृष्ट, मध्यम की अपेक्षा २७×३ = ८१ आलापक हुए। द्वीन्द्रिय की तरह त्रीन्द्रिय भी कहना। इनके भी ८१ आलापक कहना। चतुरिन्द्रिय में चक्षुदर्शन अधिक है, इसलिए २८ बोल हुए। जघन्य, उत्कृष्ट और मध्यम के भेद से २८×३ = ८४ आलापक (भंग) हुए। विकलेन्द्रिय के कुल ८१+८१+८४ = २४६ (भंग) हुए।

तिर्यंचपंचेन्द्रिय की अनन्त पर्याय हैं। जघन्य अवगाहना वाला तिर्यंचपंचेन्द्रिय जघन्य अवगाहना वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा तुल्य है, स्थिति की अपेक्षा त्रिस्थानपतित है, वर्णादि २० बोल की पर्यायों की अपेक्षा और छह उपयोग (दो ज्ञान, दो अज्ञान, दो दर्शन) की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। उत्कृष्ट अवगाहना वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय में उपयोग ९ होते हैं, इन ९ उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है, शेष जघन्य अवगाहना वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय के समान कहना। मध्यम अवगाहना वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय उत्कृष्ट

अवगाहना वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय की तरह कहना, इतना अन्तर है कि अवगाहना और स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित कहना।

जघन्य स्थिति वाला तिर्यंचपंचेन्द्रिय जघन्य स्थिति वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा तुल्य है, बीस वर्णादि की पर्यायों की अपेक्षा और चार उपयोग (दो अज्ञान, दो दर्शन) की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। उत्कृष्ट स्थिति वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय भी जघन्य स्थिति वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय की तरह कहना, फर्क यह है कि इनमें छह उपयोग (दो ज्ञान, दो अज्ञान, दो दर्शन) कहना। मध्यम स्थिति वाला तिर्यंचपंचेन्द्रिय भी जघन्य स्थिति वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय की तरह कहना, अन्तर इतना है कि स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित कहना तथा नव उपयोग कहना।

जघन्य गुण काले वर्ण वाला तिर्यंचपंचेन्द्रिय जघन्य गुण काले वर्ण वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, काले वर्ण की पर्यायों की अपेक्षा तुल्य है, शेष वर्णादि उन्नीस बोल की पर्यायों की अपेक्षा तथा ९ उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। उत्कृष्ट गुण काले वर्ण वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय भी जघन्य गुण काले वर्ण वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय की तरह कहना। इसी तरह मध्यम गुण काले वर्ण वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय भी कहना, अन्तर इतना है कि इनमें बीस वर्णादि की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहना। काले वर्ण वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय की तरह शेष १९ वर्णादि वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय कहना।

जघन्य मतिज्ञान वाला तिर्यंचपंचेन्द्रिय जघन्य मतिज्ञान वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा

अपेक्षा चतुःस्थानपतित, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित और वर्णादि १६ बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित होता है। अनन्तप्रदेशी स्कंध अनन्तप्रदेशी स्कंध से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य, प्रदेश की अपेक्षा षट्स्थानपतित, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित और वर्णादि के बीस बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित होता है।

एकप्रदेशावगाढ़ पुद्‌गल एकप्रदेशावगाढ़ पुद्‌गल से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा षट्स्थानपतित है, अवगाहना की अपेक्षा तुल्य है, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है और वर्णादि १६ बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। इसी प्रकार द्वि–आकाशप्रदेशावगाढ़ यावत् दस–आकाशप्रदेशावगाढ़ पुद्‌गल भी कहने चाहिए। संख्यात–आकाशप्रदेशावगाढ़ पुद्‌गल संख्यात–आकाशप्रदेशावगाढ़ पुद्‌गल से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा षट्स्थानपतित है, अवगाहना की अपेक्षा द्विस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है और वर्णादि के १६ बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। असंख्यात–आकाशप्रदेशावगाढ़ पुद्‌गल असंख्यात–आकाशप्रदेशावगाढ़ पुद्‌गल से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा षट्स्थानपतित है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है तथा वर्णादि २० बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है।

एक समय की स्थिति वाला पुद्‌गल एक समय की स्थिति वाले पुद्‌गल से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा षट्स्थानपतित है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा तुल्य है, वर्णादि के वीस बोल की पर्यायों की अपेक्षा

चतुःस्थानपतित है, वर्णादि २०बोलों की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है, मतिज्ञान की पर्यायों की अपेक्षा तुल्य है, तीन उपयोग (श्रुतज्ञान, चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन) की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। जघन्य मतिज्ञान वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय की तरह उत्कृष्ट मतिज्ञान वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय कहना, अन्तर इतना है कि उत्कृष्ट मतिज्ञान वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय स्थिति की अपेक्षा त्रिस्थानपतित कहना तथा उत्कृष्ट मतिज्ञान की पर्यायों की अपेक्षा तुल्य और शेष ५ उपयोग (श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान और तीन दर्शन) की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहना। मध्यम मतिज्ञान वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय भी जघन्य मतिज्ञान वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय की तरह कहना, इतना अन्तर है कि इनमें छह उपयोग की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहना। मतिज्ञान वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय की तरह ही श्रुतज्ञान वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय कहना। मतिज्ञान की जगह श्रुतज्ञान कहना।

जघन्य अवधिज्ञान वाला तिर्यंचपंचेन्द्रिय, जघन्य अवधिज्ञान वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा त्रिस्थानपतित है, बीस वर्णादि की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है, पांच उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। अवधिज्ञान की पर्यायों की अपेक्षा तुल्य है। जघन्य अवधिज्ञान वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय की तरह उत्कृष्ट अवधिज्ञान वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय कहना। मध्यम अवधिज्ञान वाले भी इसी तरह कहना, अन्तर इतना है कि इनमें छह उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहना। मतिज्ञानी, श्रुतज्ञानी की तरह मति–अज्ञानी, श्रुत–अज्ञानी कहना। अवधिज्ञानी की तरह विभंगज्ञानी कहना।

जघन्य चक्षुदर्शन वाला तिर्यंचपंचेन्द्रिय जघन्य चक्षुदर्शन वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा

अवगाहना वाला दस प्रदेशी स्कंध मध्यम अवगाहना वाले दस प्रदेशी स्कंध से अवगाहना की अपेक्षा जब हीन होता है तो एक प्रदेशहीन, दो प्रदेशहीन, यावत् सात प्रदेशहीन होता है और जब अधिक होता है तो एक प्रदेश अधिक , दो प्रदेश अधिक यावत् सात प्रदेश अधिक होता है। जघन्य अवगाहना वाला संख्यातप्रदेशी स्कंध, जघन्य अवगाहना वाले संख्यातप्रदेशी स्कंध से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा द्विस्थानपतित है, अवगाहना की अपेक्षा तुल्य है, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है और वर्णादि के १६ बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। जघन्य अवगाहना वाले संख्यातप्रदेशी स्कंध की तरह उत्कृष्ट अवगाहना वाला संख्यात-प्रदेशी स्कंध भी कहना। मध्यम अवगाहना वाला संख्यातप्रदेशी स्कंध भी इसी तरह कहना, पर इतना अन्तर है कि अवगाहना की अपेक्षा द्विस्थानपतित कहना।जघन्य अवगाहना वाला असंख्यातप्रदेशी स्कंध जघन्य अवगाहना वाले असंख्यातप्रदेशी स्कंध से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, अवगाहना की अपेक्षा तुल्य है, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, वर्णादि के १६ बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। इसी तरह उत्कृष्ट अवगाहना वाला असंख्यातप्रदेशी स्कंध भी कहना।मध्यम अवगाहना वाला असंख्यातप्रदेशी स्कंध भी इसी तरह कह देना चाहिए। पर फर्क इतना है कि अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित कहना। जघन्य अवगाहना वाला अनन्तप्रदेशी स्कंध, जघन्य अवगाहना वाले अनन्तप्रदेशी स्कंध से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा षट्स्थानपतित है, अवगाहना की अपेक्षा तुल्य है, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, वर्णादि के १६ बोल के पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है, इसी तरह उत्कृष्ट अवगाहना वाला अनन्तप्रदेशी स्कंध भी कह देना, किन्तु इतना अन्तर है कि स्थिति की अपेक्षा

तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, बीस वर्णादि की पर्यायों की अपेक्षा तथा पांच उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है, चक्षुदर्शन की पर्यायों की अपेक्षा तुल्य है। जघन्य चक्षुदर्शन वाले की तरह उत्कृष्ट चक्षुदर्शन वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय भी कहना, अन्तर इतना है कि उत्कृष्ट चक्षुदर्शन वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय में आठ उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहना। मध्यम चक्षुदर्शन वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय भी जघन्य चक्षुदर्शन वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय की तरह कहना, अन्तर इतना है कि इनमें ९ उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहना। चक्षुदर्शन वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय की तरह अचक्षुदर्शन वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय भी कहना।

जघन्य अवधिदर्शन वाला तिर्यंचपंचेन्द्रिय जघन्य अवधिदर्शन वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा त्रिस्थानपतित है, बीस वर्णादि की पर्यायों की अपेक्षा और आठ उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है, अवधिदर्शन की पर्यायों की अपेक्षा तुल्य है। जघन्य अवधिदर्शन वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय की तरह उत्कृष्ट अवधिदर्शन वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय भी कहना। मध्यम अवधिदर्शन वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय भी इसी तरह कहना, इतना अन्तर है कि मध्यम अवधिदर्शन वाले तिर्यंचपंचेन्द्रिय में नौ उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहना। इस तरह अवगाहना, स्थिति, वर्णादि के बीस बोल और ९ उपयोग, इन ३१ बोल के जघन्य, उत्कृष्ट और मध्यम के भेद से ३१×३ = ९३ भंग हुए।

मनुष्य की अनन्त पर्याय कही गई हैं। जघन्य अवगाहना वाला मनुष्य जघन्य अवगाहना वाले मनुष्य से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा तुल्य है, स्थिति

इतना है कि इसमें वर्णादि २० बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहना। काले वर्ण की तरह ही शेष १९ वर्णादि के बोल भी कहना।

जघन्य अवगाहना वाला द्विप्रदेशी स्कंध, जघन्य अवगाहना वाले द्विप्रदेशी स्कंध से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा तुल्य है, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, वर्णादि १६ बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। उत्कृष्ट अवगाहना वाला द्विप्रदेशी स्कंध भी इसी तरह कह देना चाहिए। द्विप्रदेशी स्कंध की मध्यम अवगाहना नहीं होती, क्योंकि द्विप्रदेशी स्कंध की जघन्य अवगाहना एक आकाशप्रदेश की और उत्कृष्ट अवगाहना दो आकाशप्रदेश की होती है। इसकी बीच की कोई अवगाहना नहीं है। इसी तरह जघन्य अवगाहना वाला त्रिप्रदेशी स्कंध, उत्कृष्ट अवगाहना वाला त्रिप्रदेशी स्कंध तथा मध्यम अवगाहना वाला त्रिप्रदेशी स्कंध कह देना चाहिए। जघन्य अवगाहना वाला चतुःप्रदेशी स्कंध जघन्य अवगाहना वाले द्विप्रदेशी स्कंध की तरह कहना। उत्कृष्ट अवगाहना वाला चतुःप्रदेशी स्कंध उत्कृष्ट अवगाहना वाले द्विप्रदेशी स्कंध की तरह कहना। इसी तरह मध्यम अवगाहना वाला चतुःप्रदेशी स्कंध कहना। फर्क यह है कि इसमें अवगाहना की अपेक्षा कथंचित् हीन, कथंचित् तुल्य और कथंचित् अधिक कहना। जब हीन होता है तो एक प्रदेशहीन होता है और जब अधिक होता है तो एक प्रदेश अधिक होता है। इसी तरह जघन्य, उत्कृष्ट अवगाहना वाले पंच प्रदेशी, छह प्रदेशी, सात प्रदेशी, आठ प्रदेशी, नौ प्रदेशी और दस प्रदेशी स्कंध कहना चाहिए। मध्यम अवगाहना वाले पंच प्रदेशी यावत् दस प्रदेशी स्कंध में अवगाहना की अपेक्षा एक–एक प्रदेश बढ़ने से क्रमशः दो, तीन, चार, पांच, छह और सात प्रदेश की हानि और वृद्धि कहनी चाहिए। जैसे–मध्यम

की अपेक्षा त्रिस्थानपतित है, बीस वर्णादि की पर्यायों की अपेक्षा तथा आठ उपयोग (३ ज्ञान, २ अज्ञान और ३ दर्शन) की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। उत्कृष्ट अवगाहना वाले मनुष्य भी इसी तरह कहना, अन्तर इतना है कि स्थिति की अपेक्षा एकस्थानपतित कहना तथा ६ उपयोग (दो ज्ञान, दो अज्ञान, दो दर्शन) कहना। मध्यम अवगाहना वाला मनुष्य, मध्यम अवगाहना वाले मनुष्य से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है,बीस वर्णादि की पर्यायों की अपेक्षा तथा दस उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है, केवलज्ञान, केवलदर्शन की पर्यायों की अपेक्षा तुल्य है।

जघन्य स्थिति वाला मनुष्य जघन्य स्थिति वाले मनुष्य से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा तुल्य है, बीस वर्णादि की पर्यायों तथा चार उपयोग (दो अज्ञान, दो दर्शन) की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। उत्कृष्ट स्थिति वाला मनुष्य भी इसी तरह कहना, अन्तर यह है कि छह उपयोग (दो ज्ञान, दो अज्ञान, दो दर्शन) की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहना। मध्यम स्थिति वाला मनुष्य भी इसी तरह कहना, अन्तर इतना है कि स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित कहना तथा दस उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहना और केवलज्ञान, केवलदर्शन की पर्यायों की अपेक्षा तुल्य कहना।

जघन्य गुण काले वर्ण वाला मनुष्य जघन्य गुण काले वर्ण वाले मनुष्य से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा चतुः स्थानपतित है, काले वर्ण की पर्यायों की अपेक्षा तुल्य है, शेष १९

अवगाहना की अपेक्षा द्विस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा तुल्य है, वर्णादि के सोलह बोल की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। इसी तरह उत्कृष्ट स्थिति वाला संख्यातप्रदेशी स्कंध भी कहना। मध्यम स्थिति वाला संख्यातप्रदेशी स्कंध भी इसी तरह कहना चाहिए, पर इसमें स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित कहना चाहिए। जघन्य स्थिति वाला असंख्यातप्रदेशी स्कंध, जघन्य स्थिति वाले असंख्यात प्रदेशी स्कंध से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा तुल्य है और वर्णादि १६ बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। उत्कृष्ट स्थिति वाला असंख्यातप्रदेशी स्कंध भी इसी तरह कहना। मध्यम स्थिति वाला असंख्यातप्रदेशी स्कंध भी इसी तरह कहना चाहिए। किन्तु इसमें स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित कहना चाहिए। जघन्य स्थिति वाला अनन्तप्रदेशी स्कंध, जघन्य स्थिति वाले अनन्तप्रदेशी स्कंध से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा षट्स्थानपतित है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा तुल्य है, वर्णादि के २० बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। उत्कृष्ट स्थिति वाला अनन्तप्रदेशी स्कंध भी इसी तरह कहना। मध्यम स्थिति वाला अनन्तप्रदेशी स्कंध भी इसी तरह कहना चाहिए, पर इसमें स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित कहना चाहिए।

जघन्य गुण काले वर्ण के परमाणुपुद्गल की अनन्त पर्याय हैं, क्योंकि जघन्य गुण काले वर्ण वाला पुद्गल जघन्य गुण काले वर्ण वाले पुद्गल से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा तुल्य है, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, काले वर्ण की पर्याय की अपेक्षा तुल्य है, दो गंध, पांच रस और दो स्पर्श इन नौ बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है।

वर्णादि की पर्यायों की अपेक्षा तथा दस उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है, केवलज्ञान, केवलदर्शन की पर्यायों की अपेक्षा तुल्य है। जघन्य गुण काले वर्ण वाले मनुष्य की तरह उत्कृष्ट गुण काले वर्ण वाला मनुष्य भी कहना। मध्यम गुण काले वर्ण वाला मनुष्य भी इसी तरह कहना, अन्तर इतना है कि बीस वर्णादि की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहना। काले वर्ण की तरह शेष १९ वर्णादि कहना।

जघन्य मतिज्ञान वाला मनुष्य जघन्य मतिज्ञान वाले मनुष्य से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है। बीस वर्णादि की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है, मतिज्ञान की पर्यायों की अपेक्षा तुल्य है, तीन उपयोग (श्रुतज्ञान और दो दर्शन) की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। जघन्य मतिज्ञान वाले मनुष्य की तरह उत्कृष्ट मतिज्ञान वाला मनुष्य कहना, अन्तर इतना है कि स्थिति की अपेक्षा त्रिस्थानपतित कहना, तीन ज्ञान और तीन दर्शन, इन छह उपयोग की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहना। मध्यम अवधिज्ञान वाला मनुष्य भी उत्कृष्ट मतिज्ञान वाले मनुष्य की तरह कहना, अन्तर इतना है कि स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित कहना, सात उपयोग (चार ज्ञान, तीन दर्शन) की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहना। मतिज्ञान की तरह श्रुतज्ञान कह देना।

जघन्य अवधिज्ञान वाला मनुष्य जघन्य अवधिज्ञान वाले मनुष्य से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा त्रिस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा त्रिस्थानपतित है, बीस वर्णादि की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है, ६ उपयोग (तीन ज्ञान, तीन दर्शन) की पर्यायों की अपेक्षा

तुल्य है। मध्यम अवगाहना वाला अनन्तप्रदेशी स्कंध मध्यम अवगाहना वाले अनन्तप्रदेशी स्कंध से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा षट्स्थानपतित है, अवगाहना और स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है तथा वर्णादि के २० बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है।

जघन्य स्थिति वाला परमाणुपुद्गल, जघन्य स्थिति वाले परमाणुपुद्गल से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा तुल्य है, स्थिति की अपेक्षा तुल्य है, वर्णादि के १६ बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। इसी तरह उत्कृष्ट स्थिति वाले परमाणुपुद्गल भी कहना। मध्यम स्थिति वाले परमाणुपुद्गल भी इसी तरह कहना, किन्तु अन्तर इतना है कि स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित कहना। जघन्य स्थिति वाला द्विप्रदेशी स्कंध जघन्य स्थिति वाले द्विप्रदेशी स्कंध से द्रव्य और प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा कथंचित् हीन, कथंचित् तुल्य और कथंचित् अधिक है। जब हीन होता है तब एक प्रदेश हीन होता है और अधिक होता है तब एक प्रदेश अधिक होता है। स्थिति की अपेक्षा तुल्य है, वर्णादि के १६ बोल की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। उत्कृष्ट स्थिति वाला द्विप्रदेशी स्कंध भी इसी तरह कहना। मध्यम स्थिति वाला द्विप्रदेशी स्कंध भी इसी तरह कहना, पर इसमें स्थिति चतुःस्थानपतित कहना। इसी तरह त्रिप्रदेशी यावत् दसप्रदेशी स्कंध के जघन्य, मध्यम, उत्कृष्ट तीन-तीन आलापक कह देने चाहिए। अन्तर इतना है कि अवगाहना में क्रमशः एक-एक प्रदेश बढ़ाना चाहिए यावत् दस- प्रदेशी में नौ प्रदेश अधिक, नौ प्रदेश हीन कहना चाहिए। जघन्य स्थिति वाला संख्यातप्रदेशी स्कंध, जघन्य स्थिति वाले संख्यातप्रदेशी स्कंध से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा द्विस्थानपतित है,

षट्स्थानपतित है। अवधिज्ञान की पर्यायों की अपेक्षा तुल्य है। उत्कृष्ट अवधिज्ञान वाला मनुष्य भी जघन्य अवधिज्ञान वाले मनुष्य की तरह कहना। मध्यम अवधिज्ञान वाला मनुष्य भी इसी तरह कहना, अन्तर यह है कि अवगाहना की अपेक्षा चतु:स्थानपतित कहना और ७ उपयोग (४ ज्ञान, ३ दर्शन) की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहना। अवधिज्ञान की तरह मन:पर्ययज्ञान भी कहना, अन्तर इतना है कि मध्यम मन:पर्ययज्ञान वाले मनुष्य में अवगाहना त्रिस्थानपतित कहना।

केवलज्ञानी मनुष्य केवलज्ञानी मनुष्य की अपेक्षा द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा चतु:स्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा त्रिस्थानपतित है, बीस वर्णादि पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है, केवलज्ञान, केवलदर्शन की पर्यायों की अपेक्षा तुल्य है। मतिज्ञान की तरह मति–अज्ञान, श्रुत–अज्ञान कहना। अवधिज्ञान की तरह विभंगज्ञान कहना, किन्तु मध्यम अवगाहना में त्रिस्थानपतित कहना।

जघन्य चक्षुदर्शन वाला मनुष्य जघन्य चक्षुदर्शन वाले मनुष्य से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा चतु:स्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा चतु:स्थानपतित है, बीस वर्णादि की पर्यायों की अपेक्षा तथा पांच उपयोग (दो ज्ञान, दो अज्ञान, अचक्षुदर्शन) की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। चक्षुदर्शन की पर्यायों की अपेक्षा तुल्य है। इसी तरह उत्कृष्ट चक्षुदर्शन वाला मनुष्य कह देना, अन्तर इतना है कि स्थिति की अपेक्षा त्रिस्थानपतित कहना और ९ उपयोग (चार ज्ञान, तीन अज्ञान, दो दर्शन) की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहना और चक्षुदर्शन की अपेक्षा तुल्य कहना। मध्यम चक्षुदर्शन वाला मनुष्य भी उत्कृष्ट चक्षुदर्शन वाले मनुष्य की तरह कहना, अन्तर

अवगाहना की अपेक्षा द्विस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा तुल्य है, वर्णादि के सोलह बोल की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। इसी तरह उत्कृष्ट स्थिति वाला संख्यातप्रदेशी स्कंध भी कहना। मध्यम स्थिति वाला संख्यातप्रदेशी स्कंध भी इसी तरह कहना चाहिए, पर इसमें स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित कहना चाहिए। जघन्य स्थिति वाला असंख्यातप्रदेशी स्कंध, जघन्य स्थिति वाले असंख्यात प्रदेशी स्कंध से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा तुल्य है और वर्णादि १६ बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। उत्कृष्ट स्थिति वाला असंख्यातप्रदेशी स्कंध भी इसी तरह कहना। मध्यम स्थिति वाला असंख्यातप्रदेशी स्कंध भी इसी तरह कहना चाहिए। किन्तु इसमें स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित कहना चाहिए। जघन्य स्थिति वाला अनन्तप्रदेशी स्कंध, जघन्य स्थिति वाले अनन्तप्रदेशी स्कंध से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा षट्स्थानपतित है, अवगाहना की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, स्थिति की अपेक्षा तुल्य है, वर्णादि के २० बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है। उत्कृष्ट स्थिति वाला अनन्तप्रदेशी स्कंध भी इसी तरह कहना। मध्यम स्थिति वाला अनन्तप्रदेशी स्कंध भी इसी तरह कहना चाहिए, पर इसमें स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित कहना चाहिए।

जघन्य गुण काले वर्ण के परमाणुपुद्गल की अनन्त पर्याय हैं, क्योंकि जघन्य गुण काले वर्ण वाला पुद्गल जघन्य गुण काले वर्ण वाले पुद्गल से द्रव्य की अपेक्षा तुल्य है, प्रदेश की अपेक्षा तुल्य है, अवगाहना की अपेक्षा तुल्य है, स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित है, काले वर्ण की पर्याय की अपेक्षा तुल्य है, दो गंध, पांच रस और दो स्पर्श इन नौ बोल की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित है।

इतना है कि स्थिति की अपेक्षा चतुःस्थानपतित और दस उपयोग (चार ज्ञान, तीन अज्ञान, तीन दर्शन) की पर्यायों की अपेक्षा षट्स्थानपतित कहना। चक्षुदर्शन की तरह ही अचक्षुदर्शन कहना।

५. अवगाढ़द्वार–पांचों इन्द्रियां असंख्यात आकाश–प्रदेश अवगाह कर रही हैं।

६. स्पृष्ट (लागा) द्वार–एक–एक इन्द्रिय के अनन्त–अनन्त पुद्गल स्पृष्ट (लगे हुए) हैं।

७. अवगाढ़ का अल्पबहुत्वद्वार – १. सब से थोड़े चक्षु –रिन्द्रिय के अवगाहे हुए आकाशप्रदेश, २. श्रोत्रेन्द्रिय के अवगाहे हुए आकाशप्रदेश संख्यातगुणा, ३. घ्राणेन्द्रिय के अवगाहे हुए आकाशप्रदेश संख्यातगुणा, ४. रसनेन्द्रिय के अवगाहे हुए आकाशप्रदेश असंख्यातगुणा, ५. स्पर्शनेन्द्रिय के अवगाहे हुए आकाशप्रदेश संख्यातगुणा।

८. स्पृष्ट का अल्पबहुत्वद्वार– १. सब से थोड़े चक्षुरिन्द्रिय के स्पृष्ट पुद्गल, २. श्रोत्रेन्द्रिय के स्पृष्ट पुद्गल संख्यातगुणा, ३. घ्राणेन्द्रिय के स्पृष्ट पुद्गल संख्यातगुणा, ४. रसनेन्द्रिय के स्पृष्ट पुद्गल असंख्यातगुणा, ५. स्पर्शनेन्द्रिय के स्पृष्ट पुद्गल संख्यातगुणा।

९. अवगाढ़ और स्पृष्ट का सम्मिलित अल्पबहुत्वद्वार– १. सबसे थोड़े चक्षुरिन्द्रिय के अवगाहे हुए आकाशप्रदेश, २. श्रोत्रेन्द्रिय के अवगाहे हुए आकाशप्रदेश संख्यातगुणा, ३. घ्राणेन्द्रिय के अवगाहे हुए आकाशप्रदेश संख्यातगुणा, ४. रसनेन्द्रिय के अवगाहे हुए आकाशप्रदेश असंख्यातगुणा, ५. स्पर्शनेन्द्रिय के अवगाहे हुए आकाशप्रदेश संख्यातगुणा, ६. चक्षुरिन्द्रिय के स्पृष्ट पुद्गल अनन्तगुणा, ७. श्रोत्रेन्द्रिय के स्पृष्ट पुद्गल संख्यातगुणा, ८. घ्राणेन्द्रिय के स्पृष्ट पुद्गल संख्यातगुणा, ९. रसनेन्द्रिय के स्पृष्ट पुद्गल असंख्यातगुणा, १०. स्पर्शनेन्द्रिय के स्पृष्ट पुद्गल संख्यातगुणा।

स्थानों की अपेक्षा द्रव्येन्द्रियां अतीत में अनंत कीं, वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में किसी के होंगी, किसी के नहीं होंगी। जिसके होंगी उसके एकेन्द्रिय की अपेक्षा १, २, ३, द्वीन्द्रिय की अपेक्षा २, ४, ६, त्रीन्द्रिय की अपेक्षा ४, ८, १२, चतुरिन्द्रिय की अपेक्षा ६, १२, १८ और पंचेन्द्रिय की अपेक्षा ८, १६, २४ यावत् संख्यात, असंख्यात, अनन्त होंगी। एक एक संज्ञी मनुष्य ने पांच अनुत्तरविमान के देवता रूप में द्रव्येन्द्रियां अतीत में किसी ने कीं, किसी ने नहीं कीं। जिसने कीं उसने चार अनुत्तरविमान के देव रूप में ८ अथवा १६ कीं और सर्वार्थसिद्ध देवता के रूप में ८ कीं। वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में किसी के होंगी, किसी के नहीं होंगी, जिसके होंगी उसके चार अनुत्तरविमान के देव रूप में ८ अथवा १६ होंगी और सर्वार्थसिद्ध के देव रूप में आठ होंगी।

बहुत नारकी के नैरयिकों ने नारकी से लेकर यावत् नवग्रैवेयक देवता के रूप में तथा औदारिक के दस दंडक रूप में द्रव्येन्द्रियां अतीतकाल में अनंत कीं, वर्तमान में स्वस्थान की अपेक्षा असंख्यात हैं, परस्थान की अपेक्षा नहीं हैं और भविष्य में अनंत होंगी। बहुत नारकी के नैरयिकों ने पांच अनुत्तरविमान के देव रूप में द्रव्येन्द्रियां अतीतकाल में नहीं कीं, वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में असंख्यात होंगी।

बहुत से भवनपति, व्यन्तर, ज्योतिषी, पांच स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय, असंज्ञी तिर्यंचपंचेन्द्रिय, संज्ञी तिर्यंचपंचेन्द्रिय और असंज्ञी मनुष्य के जीवों ने नारकी से लेकर यावत् नवग्रैवेयक देवता और औदारिक के दस दंडक के रूप में द्रव्येन्द्रियां अतीत में अनन्त कीं, वर्तमान में स्वस्थान की अपेक्षा असंख्यात हैं किन्तु वनस्पति में स्वस्थान की अपेक्षा अनंत हैं, परस्थान की अपेक्षा नहीं हैं, भविष्य में अनन्त होंगी। बहुत से भवनपति, व्यन्तर, ज्योतिषी, पांच स्थावर,

१०. कर्कश–गुरुद्वार–एक–एक इन्द्रिय के अनन्त–अनन्त कर्कश–गुरुगुण वाले पुद्गल लगे हुए हैं।

११. लघु–मृदुद्वार–एक–एक इन्द्रिय के अनन्त–अनन्त लघु–मृदुगुण वाले पुद्गल लगे हुए हैं।

१२. कर्कश–गुरु का अल्पबहुत्वद्वार – १. सबसे थोड़े चक्षुरिन्द्रिय के कर्कश–गुरु पुद्गल, २. श्रोत्रेन्द्रिय के कर्कश–गुरु पुद्गल अनन्तगुणा, ३. घ्राणेन्द्रिय के कर्कश–गुरु पुद्गल अनन्तगुणा, ४. रसनेन्द्रिय के कर्कश–गुरु पुद्गल अनन्तगुणा, ५. स्पर्शनेन्द्रिय के कर्कश–गुरु पुद्गल अनन्तगुणा।

१३. लघु–मृदु का अल्पबहुत्वद्वार – १ सबसे थोड़े स्पर्शनेन्द्रिय के लघु–मृदु पुद्गल, २. रसनेन्द्रिय के लघु–मृदु पुद्गल अनन्तगुणा, ३. घ्राणेन्द्रिय के लघु–मृदु पुद्गल अनन्तगुणा, ४. श्रोत्रेन्द्रिय के लघु–मृदु पुद्गल अनन्तगुणा, ५. चक्षुरिन्द्रिय के लघु–मृदु पुद्गल अनन्तगुणा।

१४. कर्कश–गुरु और लघु–मृदु का सम्मिलित अल्पबहुत्वद्वार– १. सबसे थोड़े चक्षुरिन्द्रिय के कर्कश–गुरु पुद्गल, २. श्रोत्रेन्द्रिय के कर्कश–गुरु पुद्गल अनन्तगुणा, ३. घ्राणेन्द्रिय के कर्कश–गुरु पुद्गल अनन्तगुणा, ४. रसनेन्द्रिय के कर्कश–गुरु पुद्गल अनन्तगुणा, ५. स्पर्शनेन्द्रिय के कर्कश–गुरु पुद्गल अनन्तगुणा, ६. स्पर्शनेन्द्रिय के लघु–मृदु पुद्गल अनन्तगुणा, ७. रसनेन्द्रिय के लघु–मृदु पुद्गल अनन्तगुणा, ८. घ्राणेन्द्रिय के लघु–मृदु पुद्गल अनन्तगुणा, ९. श्रोत्रेन्द्रिय के लघु–मृदु पुद्गल अनन्तगुणा, १०. चक्षुरिन्द्रिय के लघु–मृदु पुद्गल अनन्तगुणा।

१५. विषयद्वार – १. श्रोत्रेन्द्रिय जघन्य अंगुल के असंख्यातवें भाग, उत्कृष्ट बारह योजन से प्राप्त, अव्यवहित (अन्तर रहित अर्थात् अन्य शब्द तथा वायु आदि से जिसका सामर्थ्य नष्ट

तीन विकलेन्द्रिय, असंज्ञी तिर्यंचपंचेन्द्रिय, संज्ञी तिर्यंचपंचेन्द्रिय और असंज्ञी मनुष्य के जीवों ने पांच अनुत्तर विमान के देव रूप में द्रव्येन्द्रियां अतीतकाल में नहीं कीं, वर्तमानकाल में नहीं हैं और भविष्य में असंख्यात होंगी, किन्तु वनस्पति की अपेक्षा अनन्त होंगी।

बहुत से संज्ञी मनुष्य के जीवों ने संज्ञी मनुष्य और पांच अनुत्तरविमान के सिवा शेष सभी स्थानों की अपेक्षा द्रव्येन्द्रियां अतीत में अनंत कीं, वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में अनन्त होंगी। बहुत से संज्ञी मनुष्य के जीवों ने स्वस्थान यानी संज्ञी मनुष्य की अपेक्षा द्रव्येन्द्रियां अतीत में अनन्त कीं, वर्तमान में संख्यात हैं और भविष्य में अनन्त होंगी। बहुत से संज्ञी मनुष्य के जीवों ने पांच अनुत्तरविमान के देव रूप में द्रव्येन्द्रियां अतीतकाल में संख्यात कीं, वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में संख्यात होंगी।

पहले देवलोक से लेकर नवग्रैवेयक तक के बहुत देवों ने स्वस्थान की अपेक्षा द्रव्येन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में असंख्यात हैं और भविष्य में अनन्त होंगी। पहले देवलोक से लेकर नवग्रैवेयक तक के बहुत देवों ने चार अनुत्तरविमान के देवता रूप में द्रव्येन्द्रियां अतीत में असंख्यात कीं, वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में असंख्यात होंगी। पहले देवलोक से लेकर नवग्रैवेयक तक के बहुत देवों ने सर्वार्थसिद्ध देवता के रूप में द्रव्येन्द्रियां अतीतकाल में नहीं कीं, वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में असंख्यात होंगी। पहले देवलोक से लेकर नवग्रैवेयक तक के बहुत देवों ने पांच अनुत्तरविमान के सिवाय शेष सभी स्थानों की अपेक्षा द्रव्येन्द्रियां अतीतकाल में अनंत कीं, वर्तमान में स्वस्थान की अपेक्षा हैं, परस्थान की अपेक्षा नहीं हैं और भविष्य में अनंत होंगी।

चार अनुत्तरविमान के बहुत देवों ने स्वस्थान की अपेक्षा द्रव्येन्द्रियां अतीतकाल में असंख्यात कीं, वर्तमान में असंख्यात हैं

नहीं हुआ है), स्पृष्ट, प्रविष्ट (प्रवेश हुआ) शब्द सुनती है। २. चक्षुरिन्द्रिय जघन्य अंगुल के संख्यातवें भाग, उत्कृष्ट कुछ अधिक एक लाख योजन से प्राप्त, दीवाल आदि से अव्यवहित, अस्पृष्ट, अप्रविष्ट रूप देखती है। ३. घ्राणेन्द्रिय जघन्य अंगुल के असंख्यातवें भाग, उत्कृष्ट नौ योजन से प्राप्त अव्यवहित, स्पृष्ट, प्रविष्ट पुद्गलों को सूंघती है। रसनेन्द्रिय और स्पर्शनेन्द्रिय का विषय घ्राणेन्द्रिय की तरह कहना चाहिए।

एकेन्द्रिय के स्पर्शनेन्द्रिय का विषय ४०० धनुष, द्वीन्द्रिय के स्पर्शनेन्द्रिय का विषय ८०० धनुष, त्रीन्द्रिय के स्पर्शनेन्द्रिय का विषय १६०० धनुष, चतुरिन्द्रिय के स्पर्शनेन्द्रिय का विषय ३२०० धनुष, असंज्ञी पंचेन्द्रिय के स्पर्शनेन्द्रिय का विषय ६४०० धनुष और संज्ञी पंचेन्द्रिय के स्पर्शनेन्द्रिय का विषय नौ योजन है। द्वीन्द्रिय के रसनेन्द्रिय का विषय ६४ धनुष, त्रीन्द्रिय के रसनेन्द्रिय का विषय १२८ धनुष, चतुरिन्द्रिय के रसनेन्द्रिय का विषय २५६ धनुष, असंज्ञी पंचेन्द्रिय के रसनेन्द्रिय का विषय ५१२ धनुष और संज्ञी पंचेन्द्रिय के रसनेन्द्रिय का विषय नौ योजन है। त्रीन्द्रिय के घ्राणेन्द्रिय का विषय १०० धनुष, चतुरिन्द्रिय के घ्राणेन्द्रिय का विषय २०० धनुष, असंज्ञी पंचेन्द्रिय के घ्राणेन्द्रिय का विषय ४०० धनुष और संज्ञी पंचेन्द्रिय के घ्राणेन्द्रिय का विषय नौ योजन है। चतुरिन्द्रिय के चक्षुरिन्द्रिय का विषय २९५४ धनुष, असंज्ञी पंचेन्द्रिय के चक्षुरिन्द्रिय का विषय ५९०८ धनुष और संज्ञी पंचेन्द्रिय के चक्षुरिन्द्रिय का विषय एक लाख योजन झाझेरा (अधिक) है। असंज्ञी पंचेन्द्रिय के श्रोत्रेन्द्रिय का विषय ८०० धनुष* और संज्ञी पंचेन्द्रिय के श्रोत्रेन्द्रिय का विषय बारह योजन है।

---

*कोई ८००० धनुष भी कहते हैं। तत्त्व केवलीगम्य।

और भविष्य में असंख्यात होंगी। चार अनुत्तरविमान के बहुत देवों ने सर्वार्थसिद्ध के देवता की अपेक्षा द्रव्येन्द्रियां अतीतकाल में नहीं कीं, वर्तमानकाल में नहीं हैं और भविष्य में संख्यात होंगी। चार अनुत्तरविमान के बहुत देवों ने पहले देवलोक से लेकर नवग्रैवेयक तक के देवों की अपेक्षा द्रव्येन्द्रियां अतीतकाल में अनंत कीं, वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में असंख्यात होंगी। चार अनुत्तरविमान के बहुत देवों ने वैमानिकदेव और संज्ञी मनुष्य के सिवाय शेष सभी स्थानों की अपेक्षा द्रव्येन्द्रियां अतीत में अनंत कीं, वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में नहीं होंगी। चार अनुत्तरविमान के बहुत देवों ने संज्ञी मनुष्य के रूप में द्रव्येन्द्रियां अतीतकाल में अनंत कीं, वर्तमानकाल में नहीं हैं और भविष्य में असंख्यात होंगी।

सर्वार्थसिद्ध के बहुत देवों ने स्वस्थान की अपेक्षा द्रव्येन्द्रियां अतीतकाल में नहीं कीं, वर्तमान में संख्यात हैं और भविष्य में नहीं होंगी। सर्वार्थसिद्ध के बहुत देवों ने चार अनुत्तरविमान के देवरूप में द्रव्येन्द्रियां अतीतकाल में संख्यात कीं, वर्तमानकाल में नहीं हैं और भविष्य में नहीं होंगी। सर्वार्थसिद्ध के बहुत देवों ने चार अनुत्तरविमान और संज्ञी मनुष्य के सिवाय शेष सभी स्थानों की अपेक्षा द्रव्येन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में नहीं होंगी। सर्वार्थसिद्ध के बहुत देवों ने संज्ञी मनुष्य रूप में द्रव्येन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में संख्यात होंगी।

९. पांच भाव–इंद्रियों का थोकड़ा

(पन्नवणासूत्र, १५वां पद)

भाव–इन्द्रियां पांच हैं–श्रोत्रेन्द्रिय, चक्षुरिन्द्रिय, घ्राणेन्द्रिय, रसनेन्द्रिय और स्पर्शनेन्द्रिय। नारकी के नैरयिक, दस भवनपति,

१६. जघन्य उपयोगकाल का अल्पबहुत्व – १. सबसे थोड़ा चक्षुरिन्द्रिय का जघन्य उपयोगकाल, २. श्रोत्रेन्द्रिय का जघन्य उपयोगकाल विशेषाधिक, ३. घ्राणेन्द्रिय का जघन्य उपयोगकाल विशेषाधिक, ४. रसनेन्द्रिय का जघन्य उपयोगकाल विशेषाधिक, ५. स्पर्शनेन्द्रिय का जघन्य उपयोगकाल विशेषाधिक।

१७. उत्कृष्ट उपयोगकाल का अल्पबहुत्व – १. सब से थोड़ा चक्षुरिन्द्रिय का उत्कृष्ट उपयोगकाल, २. श्रोत्रेन्द्रिय का उत्कृष्ट उपयोगकाल विशेषाधिक, ३. घ्राणेन्द्रिय का उत्कृष्ट उपयोगकाल विशेषाधिक, ४. रसनेन्द्रिय का उत्कृष्ट उपयोगकाल विशेषाधिक, ५. स्पर्शनेन्द्रिय का उत्कृष्ट उपयोगकाल विशेषाधिक।

१८. जघन्य–उत्कृष्ट उपयोगकाल का शामिल अल्पबहुत्व– १. सबसे थोड़ा चक्षुरिन्द्रिय का जघन्य उपयोगकाल, २. श्रोत्रेन्द्रिय का जघन्य उपयोगकाल विशेषाधिक, ३. घ्राणेन्द्रिय का जघन्य उपयोगकाल विशेषाधिक, ४. रसनेन्द्रिय का जघन्य उपयोगकाल विशेषाधिक, ५. स्पर्शनेन्द्रिय का जघन्य उपयोगकाल विशेषाधिक, ६. चक्षुरिन्द्रिय का उत्कृष्ट उपयोगकाल विशेषाधिक, ७. श्रोत्रेन्द्रिय का उत्कृष्ट उपयोगकाल विशेषाधिक, ८. घ्राणेन्द्रिय का उत्कृष्ट उपयोगकाल विशेषाधिक, ९. रसनेन्द्रिय का उत्कृष्ट उपयोगकाल विशेषाधिक, १०. स्पर्शनेन्द्रिय का उत्कृष्ट उपयोगकाल विशेषाधिक।

८. आठ द्रव्येन्द्रियों का थोकड़ा

(पन्नवणासूत्र, १५वां पद)

आठ द्रव्येन्द्रियों के नाम– दो कान, दो आंख, दो नाक, एक जिह्वा और एक स्पर्शनेन्द्रिय।

नैरयिक, भवनपति, व्यन्तर, ज्योतिषी, वैमानिक, तिर्यंच–पंचेन्द्रिय और मनुष्य के आठ द्रव्येन्द्रियां होती हैं। पांच स्थावर के

व्यन्तर, ज्योतिषी और वैमानिक इन चौदह दण्डक में तथा तिर्यंच पंचेन्द्रिय और मनुष्य में ये पांचों इन्द्रियां होती हैं। पांच स्थावर में एक स्पर्शनेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय में दो– स्पर्शनेन्द्रिय और रसनेन्द्रिय, त्रीन्द्रिय में तीन–स्पर्शनेन्द्रिय, रसनेन्द्रिय और घ्राणेन्द्रिय तथा चतुरिन्द्रिय में चार इन्द्रियां–स्पर्शनेन्द्रिय, रसनेन्द्रिय, घ्राणेन्द्रिय और चक्षुरिन्द्रिय होती हैं।

एक–एक नारकी के नैरयिक ने भावेन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में पांच हैं और भविष्य में ५, १०, ११ यावत् संख्यात, असंख्यात, अनन्त होंगी। एक–एक असुरकुमार ने भावेन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में पांच हैं और भविष्य में पांच, छह यावत् संख्यात, असंख्यात, अनन्त होंगी। इसी तरह नव निकाय, व्यन्तर, ज्योतिषी और पहले दूसरे देव लोक के एक–एक देवता का कह देना। चार अनुत्तरविमान के एक–एक देवता ने भावेन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में पांच हैं और भविष्य में ५, १०, १५ यावत् संख्यात होंगी। सर्वार्थसिद्ध के एक–एक देवता ने भावेन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में पांच हैं और भविष्य में पांच होंगी। पांच स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय के एक–एक जीव ने भावेन्द्रियां अतीतकाल में अनंत कीं, वर्तमान में एकेन्द्रिय के एक, द्वीन्द्रिय के दो, त्रीन्द्रिय के तीन, चतुरिन्द्रिय के चार हैं और भविष्य में छह, सात यावत् संख्यात, असंख्यात अनन्त होंगी, किन्तु पृथ्वी, पानी, वनस्पति में पांच भी होंगी। तिर्यंचपंचेन्द्रिय असुरकुमार की तरह कहना। एक–एक संज्ञी मनुष्य ने भावेन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में पांच और भविष्य में किसी के होंगी, किसी के नहीं होंगी, जिसके होंगी उसके पांच, छह यावत् संख्यात, असंख्यात, अनन्त होंगी।

बहुत से नारकी के नैरयिकों ने भावेन्द्रियां अतीतकाल

एक द्रव्येन्द्रिय–स्पर्शनेन्द्रिय होती है। द्वीन्द्रिय के दो द्रव्येन्द्रियां होती हैं–जिह्वा और स्पर्शनेन्द्रिय। त्रीन्द्रिय के चार द्रव्येन्द्रियां होती हैं–दो नाक, जिह्वा और स्पर्शनेन्द्रिय। चतुरिन्द्रिय के ये चार और दो आंख–ये छह द्रव्येन्द्रियां होती हैं। इस थोकड़े में एक जीव की अपेक्षा, अनेक जीवों की अपेक्षा, एक जीव में परस्पर? अनेक जीवों में परस्पर अतीत (भूतकाल), वर्तमान (बद्धेल्लगा) और भविष्य (पुरेक्खडा) काल की द्रव्येन्द्रियों का वर्णन किया गया है।

एक नैरयिक ने अतीतकाल में द्रव्येन्द्रियां अनन्त की हैं। वर्तमान काल संबंधी द्रव्येन्द्रियां उसके आठ हैं और भविष्य में आठ अथवा सोलह अथवा सत्रह यावत् संख्यात, असंख्यात, अनन्त होंगी।

एक असुरकुमार देवता ने अतीतकाल में द्रव्येन्द्रियां अनन्त कीं, वर्तमानकाल में आठ हैं और भविष्य में आठ अथवा नौ अथवा सत्रह यावत् संख्यात, असंख्यात, अनन्त होंगी। असुरकुमार की तरह शेष नवनिकाय के भवनपति देव कहना। पृथ्वी, पानी और वनस्पति के एक–एक जीव ने अतीतकाल में द्रव्येन्द्रियां अनन्त कीं, वर्तमान में एक द्रव्येन्द्रिय है और भविष्य मे आठ अथवा नौ यावत् संख्यात, असंख्यात, अनन्त होंगी।

तेजस्काय, वायुकाय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, असंज्ञी तिर्यंचपंचेन्द्रिय और असंज्ञी मनुष्य के एक एक जीव ने अतीतकाल में द्रव्येन्द्रियां अनन्त कीं, वर्तमान में तेजस्काय, वायुकाय के एक, द्वीन्द्रिय के दो, त्रीन्द्रिय के चार, चतुरिन्द्रिय के छह, असंज्ञी तिर्यंचपंचेन्द्रिय और असंज्ञी मनुष्य के आठ द्रव्येन्द्रियां हैं तथा भविष्य में नौ अथवा दस यावत् संख्यात, असंख्यात, अनन्त होंगी।

संज्ञी तिर्यंच के एक–एक जीव ने द्रव्येन्द्रियां अतीतकाल

में अनन्त कीं, वर्तमान में असंख्यात हैं और भविष्य में अनन्त होंगी। भवनपति, व्यन्तर, ज्योतिषी व पहले देवलोक से नवग्रैवयेक तक के बहुत से देवों ने तथा चार स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय और तिर्यंचपंचेन्द्रिय के बहुत से जीवों ने भावेन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में असंख्यात हैं और भविष्य में अनन्त होंगी। वनस्पतिकाय के बहुत जीवों ने भावेन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में अनन्त हैं और भविष्य में अनन्त होंगी। बहुत से संज्ञी मनुष्य और सर्वार्थसिद्ध के देवों ने भावेन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में संख्यात हैं और भविष्य में मनुष्यों में अनन्त होंगी और सर्वार्थसिद्ध के देवों में संख्यात होंगी। चार अनुत्तरविमान के बहुत देवों ने भावेन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में असंख्यात हैं और भविष्य में असंख्यात होंगी।

नारकी के एक–एक नैरयिक ने नैरयिक के रूप में भावेन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में पांच हैं और भविष्य में किसी के होंगी, किसी के नहीं होंगी, जिसके होंगी उसके पांच, दस, पन्द्रह यावत् संख्यात, असंख्यात, अनन्त होंगी। एक–एक नारकी के नैरयिक ने पांच अनुत्तरविमान और संज्ञी मनुष्य के सिवाय शेष सभी स्थानों में भावेन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में किसी के होंगी, किसी के नहीं होंगी, जिसके होंगी उसके एकेन्द्रिय में १, २, ३, द्वीन्द्रिय में २, ४, ६, त्रीन्द्रिय में ३, ६, ९, चतुरिन्द्रिय में ४, ८, १२ और पंचेन्द्रिय में ५, १०, १५ यावत् संख्यात, असंख्यात, अनन्त होंगी। एक–एक नारकी के नैरयिक ने संज्ञी मनुष्य रूप में भावेन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में नहीं हैं, भविष्य में नियमपूर्वक ५, १०, १५, यावत् संख्यात, असंख्यात अथवा अनन्त होंगी। एक–एक नारकी के नैरयिक ने पांच अनुत्तरविमान के देव रूप में भावेन्द्रियां

में अनन्त कीं, वर्तमानकाल में आठ हैं और भविष्य में आठ अथवा नौ यावत् संख्यात, असंख्यात, अनन्त होंगी।

संज्ञी मनुष्य के एक–एक जीव ने द्रव्येन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमानकाल में आठ हैं और भविष्य में किसी के होंगी, किसी के नहीं होंगी। जिसके होंगी उसके आठ अथवा नौ यावत् संख्यात, असंख्यात, अनन्त होंगी।

व्यन्तर, ज्योतिषी और पहले दूसरे देवलोक के एक–एक देवता ने द्रव्येन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमानकाल में आठ हैं और भविष्य में आठ अथवा नौ यावत् संख्यात, असंख्यात, अनन्त होंगी।

तीसरे देवलोक से नवग्रैवेयक के एक–एक देवता ने अतीत में द्रव्येन्द्रियां अनन्त कीं, वर्तमान में आठ हैं और भविष्य में आठ अथवा सोलह अथवा सत्रह यावत् संख्यात, असंख्यात, अनन्त करेंगे।

चार अनुत्तर विमान के एक–एक देवता ने द्रव्येन्द्रियां अतीत में अनन्त कीं, वर्तमान में आठ हैं और भविष्य में आठ अथवा सोलह अथवा चौबीस यावत् संख्यात करेंगे।

सर्वार्थसिद्ध के एक–एक देवता ने द्रव्येन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में आठ हैं और भविष्य में भी आठ होंगी।

नारकी के अनेक नैरयिकों ने अतीत में द्रव्येन्द्रियां अनन्त कीं, वर्तमान में असंख्यात हैं और भविष्य में अनन्त होंगी। मनुष्य और अनुत्तर–विमान के सिवा बहुत भवनपति, पांच स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय, तिर्यंचपंचेन्द्रिय, असंज्ञी मनुष्य, व्यन्तर, ज्योतिषी यावत् नवग्रैवेयक तक के देवों ने द्रव्येन्द्रियां अतीत में अनन्त कीं, वर्तमान में असंख्यात हैं और भविष्य में अनन्त होंगी। चार अनुत्तर विमान के बहुत देवों ने द्रव्येन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं,

अतीतकाल में नहीं कीं, वर्तमानकाल में नहीं हैं और भविष्य में किसी के होंगी और किसी के नहीं होंगी, जिसके होंगी, उसके चार, अनुत्तरविमान के देव रूप में ५, १० और सर्वार्थसिद्ध के देव रूप में पांच होंगी। एक–एक भवनपति, वाणव्यन्तर, ज्योतिषी, पांच स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय, असंज्ञी तिर्यंचपंचेन्द्रिय, संज्ञी तिर्यंचपंचेन्द्रिय, सम्मूर्छिम मनुष्य, नारकी की तरह कह देना चाहिए।

पहले देवलोक से लेकर नवग्रैवेयक तक के एक–एक देव ने पांच अनुत्तरविमान और संज्ञी मनुष्य को छोड़कर शेष सभी स्थानों में भावेन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में स्वस्थान में पांच हैं, परस्थान में नहीं हैं, भविष्य में किसी के होंगी, किसी के नहीं होंगी। जिसके होंगी, उसके एकेन्द्रिय में १, २, ३, द्वीन्द्रिय में २, ४, ६, त्रीन्द्रिय में ३, ६, ९, चतुरिन्द्रिय में ४, ८, १२ और पंचेन्द्रिय में ५, १०, १५ यावत् संख्यात, असंख्यात, अनन्त होंगी। पहले देवलोक से लेकर नवग्रैवेयक तक के एक–एक देवता ने पांच अनुत्तरविमान के देव रूप में भावेन्द्रियां अतीतकाल में किसी ने कीं, किसी ने नहीं कीं, जिसने कीं, उसने चार अनुत्तरविमान के देव रूप में ५ कीं, किन्तु सर्वार्थसिद्ध के देव रूप में नहीं कीं, वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में किसी के होंगी, किसी के नहीं होंगी। जिसके होंगी उसके चार, अनुत्तरविमान के देव रूप में पांच या दस होंगी और सर्वार्थसिद्ध के देव रूप में पांच होंगी। पहले देवलोक से नवग्रैवेयक तक के एक–एक देव ने संज्ञी मनुष्य रूप में भावेन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में नियमपूर्वक पांच, दस, पन्द्रह यावत् संख्यात, असंख्यात, अनन्त होंगी।

चार अनुत्तर विमान के एक–एक देव ने संज्ञी मनुष्य और पांच अनुत्तरविमान के सिवाय शेष सभी स्थानों में भावेन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में केवल

वैमानिकदेव की अपेक्षा किसी के होंगी, किसी के नहीं होंगी। जिसके होंगी, उसके ५, १०, १५, यावत् संख्यात होंगी। शेष स्थानों की अपेक्षा नहीं होंगी। चार अनुत्तरविमान के एक–एक देव ने स्वस्थान अर्थात् चार अनुत्तरविमान के देव रूप में भावेन्द्रियां अतीतकाल में किसी ने कीं, किसी ने नहीं कीं, जिसने की हैं, उसने पांच की हैं, वर्तमान में पांच हैं और भविष्य में किसी के होंगी, किसी के नहीं। जिसके होंगी, उसके पांच होंगी। चार अनुत्तरविमान के एक–एक देव ने सर्वार्थसिद्ध के देवता के रूप में भावेन्द्रियां अतीतकाल में नहीं कीं, वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में किसी के होंगी, किसी के नहीं होंगी। जिसके होंगी उसके पांच होंगी। चार अनुत्तरविमान के एक–एक देव ने संज्ञी मनुष्य के रूप में भावेन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में नियमपूर्वक पांच, दस यावत् संख्यात होंगी।

सर्वार्थसिद्ध के एक–एक देव ने संज्ञी मनुष्य और अनुत्तरविमान के सिवाय शेष सभी स्थानों में भावेन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में नहीं होंगी। सर्वार्थसिद्ध के एक–एक देव ने चार अनुत्तर के देव रूप में भावेन्द्रियां अतीतकाल में किसी ने कीं, किसी ने नहीं कीं, जिसने कीं, उसने ५ कीं। वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में नहीं होंगी। सर्वार्थसिद्ध के एक–एक देव ने सिद्ध देव के रूप में भावेन्द्रियां अतीतकाल में नहीं कीं, वर्तमान में पांच हैं और भविष्य में नहीं होंगी। सर्वार्थसिद्ध के एक–एक देव ने संज्ञी मनुष्य रूप में भावेन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में नियमपूर्वक पांच होंगी।

एक–एक संज्ञी मनुष्य ने संज्ञी मनुष्य के रूप में भावेन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में पांच हैं और भविष्य में किसी

उत्कृष्ट अनन्तकाल (वनस्पतिकाल) की। अवेदी के दो भंग होते हैं– सादि– अपर्यवसित और सादि–सपर्यवसित। दूसरे भंग की कायस्थिति– जघन्य एक समय की, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त की।

अंतर–संवेदी के पहले दूसरे भंग का और अवेदी के पहले भंग का अंतर नहीं। सवेदी के तीसरे भंग का अंतर जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त का। स्त्रीवेद का अंतर जघन्य अंतर्मुहूर्त का, पुरुषवेद का अंतर जघन्य एक समय का, दोनों का उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल (वनस्पतिकाल) का। नपुंसकवेद का अन्तर जघन्य एक समय का, उत्कृष्ट प्रत्येक सौ सागरोपम से कुछ अधिक का। अवेदी के दूसरे भंग का अंतर जघन्य अन्तर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट देशोन अर्द्धपुद्गलपरावर्तन का।

७ कषायपद–सकषायी के तीन भंग कहना–अनादि–अपर्यवसित, अनादि–सपर्यवसित और सादि–सपर्यवसित। तीसरे भंग की कायस्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट देशोन अर्द्धपुद्गलपरावर्तन की। क्रोधकषायी, मानकषायी, मायाकषायी की कायस्थिति जघन्य एक समय की, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की। लोभकषायी की कायस्थिति जघन्य एक समय की, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की, अकषायी के दो भंग–सादि–अपर्यवसित और सादि–सपर्यवसित। दूसरे भंग की कायस्थिति अवेदी की तरह जघन्य एक समय की, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त की कहना।

अंतर–सकषायी के पहले दूसरे और अकषायी के पहले भंग का अंतर नहीं। सकषायी के तीसरे भंग का अन्तर जघन्य एक समय का, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त का। क्रोधकषायी, मानकषायी और मायाकषायी का अंतर जघन्य एकसमय का, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त का। लोभकषायी का अंतर जघन्य, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त का। अकषायी के दूसरे भंग का अंतर जघन्य अंतर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट देशोन

के होंगी, किसी के नहीं होंगी, जिसके होंगी, उसके ५, १०, १५ यावत् संख्यात, असंख्यात, अनन्त होंगी। एक–एक संज्ञी मनुष्य ने पांच अनुत्तरविमान के सिवाय शेष सभी स्थानों में भावेन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में किसी के होंगी, किसी के नहीं होंगी, जिसके होंगी उसके एकेन्द्रिय में १, २, ३, द्वीन्द्रिय में २, ४, ६, त्रीन्द्रिय में ३, ६, ९, चतुरिन्द्रिय में ४,८,१२ और पंचेन्द्रिय में ५, १०, १५, यावत् संख्यात, असंख्यात, अनन्त होंगी। एक–एक संज्ञी मनुष्य ने पांच अनुत्तरविमान के देव रूप में भावेन्द्रियां अतीतकाल में किसी ने कीं, किसी ने नहीं कीं, जिसने कीं उसने चार अनुत्तरविमान के देव रूप में पांच अथवा दस और सर्वार्थसिद्ध के देव रूप में पांच कीं, वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में अतीतकाल की तरह कहना चाहिए।

बहुत से नारकी के नैरयिकों ने पांच अनुत्तरविमान के सिवाय शेष सभी स्थानों में भावेन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में स्वस्थान की अपेक्षा असंख्यात हैं, परस्थान की अपेक्षा नहीं हैं और भविष्य में अनन्त होंगी। बहुत से नारकी के नैरयिकों ने पांच अनुत्तरविमान के देव रूप में भावेन्द्रियां अतीतकाल में नहीं कीं, वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में असंख्यात होंगी। भवनपति, व्यन्तर, ज्योतिषी, पांच स्थावर, तीन विकलेन्द्रिय, असंज्ञी तिर्यंचपंचेन्द्रिय, संज्ञी तिर्यंचपंचेन्द्रिय और असंज्ञी मनुष्य के भावेन्द्रियां नारकी के नैरयिकों की तरह कहना चाहिए। इतनी विशेषता है कि वनस्पति के जीवों में पांच अनुत्तरविमान की अपेक्षा भविष्य में भावेन्द्रियां अनन्त कहनी चाहिए।

बहुत संज्ञी मनुष्यों ने संज्ञी मनुष्य रूप में भावेन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में संख्यात हैं और भविष्य में अनन्त होंगी। बहुत संज्ञी मनुष्यों ने पांच अनुत्तरविमान के सिवाय

अर्द्धपुद्गलपरावर्तन का।

८ लेश्यापद–सलेश्य (लेश्यापदवाले) जीव के दो भंग अनादि–अपर्यवसित और अनादि–सपर्यवसित। कृष्णलेश्या वाले और शुक्ललेश्या वाले की कायस्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट तेतीस सागरोपम अंतर्मुहूर्त अधिक। नीललेश्या वाले की कायस्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट दस सागरोपम पल्योपम के असंख्यातवें भाग अधिक। कापोतलेश्या वाले की कायस्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट तीन सागरोपम पल्योपम के असंख्यातवें भाग अधिक। तेजोलेश्या वाले की कायस्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट दो सागरोपम पल्योपम के असंख्यातवें भाग अधिक। पद्मलेश्या वाले की कायस्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट दस सागरोपम अंतर्मुहूर्त अधिक। अलेश्य (लेश्यारहित) में एक सादि– अपर्यवसित भंग पाया जाता है।

अंतर–सलेश्य और अलेश्य का अंतर नहीं है।कृष्णलेश्या, नीललेश्या और कापोतलेश्या वाले का अंतर जघन्य अंतर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट तेतीस सागरोपम अंतर्मुहूर्त अधिक।तेजोलेश्या, पद्मलेश्या और शुक्ललेश्या का अंतर जघन्य अंतर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट अनंतकाल यानी वनस्पतिकाल का।

९ सम्यक्त्वपद–सम्यग्दृष्टि के दो भंग–सादि–अपर्यवसित और सादि–सपर्यवसित। सम्यग्दृष्टि के दूसरे भंग के क्षयोपशम–सम्यक्त्व की कायस्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट ६६ सागरोपम से कुछ अधिक। सास्वादनसम्यक्त्व की कायस्थिति जघन्य एक समय की, उत्कृष्ट छह आवलिका की। उपशमसम्यक्त्व की कायस्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त की। वेदक (क्षायिक वेदक) सम्यक्त्व की कायस्थिति जघन्य, उत्कृष्ट एक समय की। क्षायिक सम्यक्त्व में एक सादि–अपर्यवसित भंग पाया जाता है।

शेष सभी स्थानों में भावेन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में अनन्त होंगी। बहुत संज्ञी मनुष्यों ने पांच अनुत्तरविमान के देव रूप में भावेन्द्रियां अतीतकाल में संख्यात कीं, वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में संख्यात होंगी।

पहले देवलोक से लेकर नवग्रैवेयक तक के बहुत देवों ने नारकी से लेकर नवग्रैवेयक तक के देव रूप में भावेन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमानकाल में स्वस्थान की अपेक्षा भावेन्द्रियां हैं, परस्थान की अपेक्षा नहीं हैं और भविष्य में अनन्त होंगी। पहले देवलोक से लेकर नवग्रैवेयक तक के बहुत देवों ने पांच अनुत्तरविमान के देव रूप में भावेन्द्रियां अतीतकाल में चार अनुत्तरविमान के देव रूप में असंख्यात कीं, सर्वार्थसिद्ध के देव रूप में नहीं कीं, वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में असंख्यात होंगी।

चार अनुत्तरविंमान के बहुत देवों ने स्वस्थान की अपेक्षा भावेन्द्रियां अतीतकाल में असंख्यात कीं, वर्तमान में असंख्यात हैं और भविष्य में असंख्यात होंगी। चार अनुत्तरविमान के बहुत देवों ने सर्वार्थसिद्ध के देव रूप में भावेन्द्रियां अतीतकाल में नहीं कीं, वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में संख्यात होंगी। चार अनुत्तरविमान के बहुत देवों ने वैमानिक देव और संज्ञी मनुष्य के सिवाय शेष सभी स्थानों में भावेन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में नहीं होंगी। चार अनुत्तरविमान के बहुत देवों ने संज्ञी मनुष्य एवं पहले देवलोक से लेकर नवग्रैवेयक तक के देव रूप में भावेन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में असंख्यात होंगी।

सर्वार्थसिद्धके बहुत देवों ने स्वस्थान की अपेक्षा भावेन्द्रियां अतीतकाल में नहीं कीं,वर्तमान में संख्यात हैं, भविष्य में नहीं होंगी। सर्वार्थसिद्ध के बहुत देवों ने संज्ञी मनुष्य के सिवाय शेष सभी स्थानों

मिथ्यादृष्टि में तीन भंग हैं – अनादि–अपर्यवसित, अनादि–सपर्यवसित और सादि–सपर्यवसित। तीसरे भंग की कायस्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट देशोन अर्द्धपुद्गलपरावर्तन की। मिश्रदृष्टि की कायस्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त की।

अंतर–सम्यग्दृष्टि के पहले भंग का अंतर नहीं है। दूसरे भंग का अंतर जघन्य अंतर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट देशोन अर्द्धपुद्गलपरावर्तन का। मिथ्यादृष्टि के तीसरे भंग का अंतर जघन्य अंतर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट ६६ सागरोपम से कुछ अधिक। मिश्रदृष्टि का अंतर जघन्य अंतर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट देशोन अर्द्धपुद्गलपरावर्तन का। उपशम, सास्वादन और क्षयोपशम सम्यक्त्व का अंतर जघन्य अंतर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट देशोन अर्द्धपुद्गलपरावर्तन का। वेदक और क्षायिक सम्यक्त्व का अंतर नहीं है।

१० ज्ञानपद–समुच्चय ज्ञानी के दो भंग–सादि–अपर्यवसित और सादि–सपर्यवसित। समुच्चय ज्ञानी के दूसरे भंग की एवं मतिज्ञानी और श्रुतज्ञानी की कायस्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट ६६ सागरोपम से कुछ अधिक। अवधिज्ञानी की कायस्थिति जघन्य एक समय की, उत्कृष्ट ६६ सागरोपम से कुछ अधिक। मनः पर्यवज्ञानी की कायस्थिति जघन्य एक समय की, उत्कृष्ट देशोन करोड़ पूर्व की। केवलज्ञानी में एक सादि–अपर्यवसित भंग होता है। समुच्चय अज्ञानी, मति–अज्ञानी, श्रुत–अज्ञानी में तीन भंग होते हैं– अनादि–अपर्यवसित, अनादि–सपर्यवसित और सादि–सपर्यवसित। तीसरे भंग की कायस्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट देशोन अर्द्धपुद्गलपरावर्तन की। विभंगज्ञानी की कायस्थिति जघन्य एक समय की, उत्कृष्ट तेतीस सागरोपम देशोन करोड़ पूर्व अधिक।

में भावेन्द्रियां अतीतकाल में चार अनुत्तरविमान के देव रूप से संख्यात कीं ,शेष स्थानों की अपेक्षा अनन्त कीं ,वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में नहीं होंगी। सर्वार्थसिद्ध के बहुत देवों ने संज्ञी मनुष्य रूप में भावेन्द्रियां अतीतकाल में अनन्त कीं, वर्तमान में नहीं हैं और भविष्य में संख्यात होंगी।

१०. कायस्थिति का थोकड़ा

(पन्नवणासूत्र, १८वां पद)

काय का अर्थ पर्याय है। पर्याय सामान्य, विशेष के भेद से दो प्रकार की है। जीव की जीवत्व रूप पर्याय सामान्य है और नरक, तिर्यंच आदि रूप पर्याय विशेषपर्याय है। सामान्य अथवा विशेषपर्याय की अपेक्षा जीव का निरन्तर होना कायस्थिति है। इस थोकड़े में बाईस पदों से कायस्थिति का वर्णन किया जाता है।

जीव गइ इंदिय काए, जोए वेए कसाय लेसा य।
सम्मत्त णाण दंसण, संजय उवओग आहारे॥
भासग परित्त पज्जत्त, सुहुम सण्णी भवऽत्थिचरिमे य।
एतेसिं तु पदाणं, कायठिई होइ णायव्वा॥

१ जीवपद, २ गतिपद, ३ इन्द्रियपद, ४ कायपद, ५ योगपद, ६ वेदपद, ७ कषायपद, ८ लेश्यापद, ९ सम्यक्त्वपद, १० ज्ञानपद, ११ दर्शनपद, १२ संयतपद, १३ उपयोगपद, १४ आहारपद, १५ भाषकपद, १६ परित्तपद, १७ पर्याप्तपद, १८ सूक्ष्मपद, १९ संज्ञीपद, २० भव्य (भवसिद्ध) पद, २१ अस्तिकायपद, २२ चरमपद।

१ जीवपद–समुच्चय जीव की कायस्थिति सर्वकाल (सव्वद्धा) की है।

२ गतिपद–नैरयिक और देवता की कायस्थिति जघन्य

अन्तर–समुच्चय ज्ञानी के पहले भंग और केवलज्ञानी का अंतर नहीं है। समुच्चय ज्ञानी के दूसरे भंग का, मतिज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी और मनःपर्यवज्ञानी, इन पांच बोलों का अंतर जघन्य अंतर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट देशोन अर्द्धपुद्गलपरावर्तन का। समुच्चय अज्ञानी, मति–अज्ञानी, श्रुत–अज्ञानी, इन तीनों के पहले, दूसरे भंग का अंतर नहीं होता। तीसरे भंग का अंतर जघन्य अंतर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट ६६ सागरोपम से कुछ अधिक। विभंगज्ञानी का अंतर जघन्य अंतर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट अनन्तकाल यानी वनस्पतिकाल का।

११ दर्शनपद – चक्षुदर्शन की कायस्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट एक हजार सागरोपम से कुछ अधिक। अचक्षुदर्शन के दो भंग–अनादि–अपर्यवसित और अनादि–सपर्यवसित। अवधिदर्शन की कायस्थिति जघन्य एक समय की, उत्कृष्ट १३२ सागरोपम से कुछ अधिक। केवलदर्शन में एक सादि–अपर्यवसित भंग पाया जाता है।

अंतर–चक्षुदर्शन और अवधिदर्शन का अंतर जघन्य अन्तर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट अनन्तकाल यानी वनस्पतिकाल का। अचक्षुदर्शन और केवलदर्शन का अन्तर नहीं होता।

१२ संयतपद–संयत (संयती) की कायस्थिति जघन्य एक समय की, संयतासंयती की कायस्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, दोनों की उत्कृष्ट कायस्थिति देशोन करोड़ पूर्व की। असंयती में तीन भंग हैं–अनादि–अपर्यवसित, अनादि–सपर्यवसित और सादि–सपर्यवसित। तीसरे भंग की कायस्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट देशोन अर्द्धपुद्गलपरावर्तन की। सामायिकचारित्र, छेदोपस्थापनीयचारित्र और यथाख्यातचारित्र की कायस्थिति जघन्य एक समय की, उत्कृष्ट देशोन करोड़ पूर्व की। परिहारविशुद्धिचारित्र की कायस्थिति जघन्य एक समय की, उत्कृष्ट

दस हजार वर्ष, उत्कृष्ट तेतीस सागरोपम की। देवी की कायस्थिति जघन्य दस हजार वर्ष की, उत्कृष्ट पचपन पल्योपम की। मनुष्य, मनुष्यस्त्री और तिर्यंचस्त्री की कायस्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट प्रत्येक कोटि (कोड़ी) पूर्व अधिक तीन पल्योपम की। तिर्यंच की कायस्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट अनन्तकाल की। काल की अपेक्षा अनन्त उत्सर्पिणी अवसर्पिणी की। क्षेत्र की अपेक्षा अनन्त लोक की। अर्थात् प्रतिसमय एक-एक आकाशप्रदेश निकालते हुए जितने काल में लोकप्रमाण अनन्त आकाशखण्ड खाली हों, उतने काल की यानी अनन्त लोकाकाश प्रमाण आकाशखंडों के प्रदेश प्रमाण समयों की। काल (पुद्‌गलपरावर्तनकाल) की अपेक्षा असंख्यात पुद्‌गलपरावर्तन आवलिका के असंख्यातवें भाग प्रमाण अर्थात् आवलिका के असंख्यातवें भाग में जितने समय होते हैं, उतने पुद्‌गलपरावर्तन की तिर्यंच की कायस्थिति है। तिर्यंच की यह कायस्थिति वनस्पति की अपेक्षा है। सिद्ध भगवान् सादि अपर्यवसित (साइया अपज्जवसिया) हैं। सिद्ध भगवान् के सिवाय सात अपर्याप्त बोलों (नरक, देव, देवी, मनुष्य, मनुष्यस्त्री, तिर्यंच, तिर्यंचस्त्री) की कायस्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त की। पर्याप्त नारकी और देवता की कायस्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त कम दस हजार वर्ष की, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त कम तेतीस सागरोपम की। पर्याप्त तिर्यंच, तिर्यंचस्त्री, मनुष्य और मनुष्यस्त्री की कायस्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त कम तीन पल्योपम की। पर्याप्त देवी की कायस्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त कम दस हजार वर्ष की, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त कम पचपन पल्योपम की।

अन्तर (आन्तरा)-सिद्ध भगवान् का अन्तर नहीं होता है। नारकी, तिर्यंचस्त्री, मनुष्य, मनुष्यस्त्री, देवी, देवता – ये छह समुच्चय का, छह के पर्याप्त, अपर्याप्त, तिर्यंचस्त्री, मनुष्य, मनुष्यस्त्री,

उनतीस वर्ष कम करोड़ पूर्व की। सूक्ष्मसंपरायचारित्र की कायस्थिति जघन्य एक समय की, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त की। नोसंयत–नोअसंयत–नोसंयतासंयत (सिद्ध) में सादि–अपर्यवसित भंग पाया जाता है।

अन्तर–संयत, संयतासंयत और पांच चारित्र, इन सात बोलों का अन्तर जघन्य अन्तर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट देशोन अर्द्धपुद्गलपरावर्तन का। असंयती के तीसरे भंग का अन्तर जघन्य एक समय का, उत्कृष्ट देशोन करोड़ पूर्व का। असंयती के पहले, दूसरे भंग का तथा नोसंयत–नोअसंयत–नोसंयतासंयत का अंतर नहीं होता।

१३ उपयोगपद–साकार–उपयोग (ज्ञान) वाले और अनाकार–उपयोग (दर्शन) वाले की कायस्थिति जघन्य उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की। दोनों का अन्तर भी जघन्य उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त का होता है।

१४ आहारकपद – आहारक के दो भेद – छद्मस्थ–आहारक और केवली–आहारक। छद्मस्थ–आहारक की कायस्थिति जघन्य दो समय न्यून क्षुल्लकभव (खुड्डागभव) ग्रहण की, उत्कृष्ट असंख्यातकाल की, काल की अपेक्षा असंख्यात उत्सर्पिणी–अवसर्पिणी की, क्षेत्र की अपेक्षा अंगुल के असंख्यातवें भाग में जितने आकाशप्रदेश हों उतने समयों की। केवली–आहारक की कायस्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट देशोन करोड़ पूर्व की। अनाहारक के दो भेद–छद्मस्थ–अनाहारक और केवली–अनाहारक। छद्मस्थ–अनाहारक की कायस्थिति जघन्य एक समय की, उत्कृष्ट दो समय की। केवली–अनाहारक के दो भेद–सिद्ध केवली–अनाहारक और भवस्थ केवली–अनाहारक। सिद्ध केवली अनाहारक में एक सादि–अपर्यवसित भंग होता है। भवस्थ केवली–अनाहारक के

इन पन्द्रह बोलों का अन्तर जघन्य अन्तर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट अनन्तकाल का। + अपर्याप्त नारकी, देवी तथा देवता का अन्तर जघन्य अन्तर्मुहूर्त अधिक दस हजार वर्ष का, उत्कृष्ट अनन्तकाल (वनस्पतिकाल) का, शेष समुच्चय तिर्यंच, पर्याप्त तिर्यंच और अपर्याप्त तिर्यंच का अन्तर जघन्य अन्तर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट प्रत्येक सौ सगरोपम से अधिक।

३ इन्द्रियपद—सेन्द्रिय (सइंदिया) काल की अपेक्षा अनादि-अपर्यवसित और अनादि—सपर्यवसित होते हैं। एकेन्द्रिय की कायस्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट अनन्तकाल (वनस्पतिकाल) की। तीन विकलेन्द्रिय की कायस्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट संख्यात काल की। पंचेन्द्रिय की कायस्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट एक हजार सागरोपम से अधिक की। अनिन्द्रिय में सादि—अपर्यवसित एक भंग कहना। अनिन्द्रिय के सिवाय छह बोल के अपर्याप्त की कायस्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की। सेन्द्रिय और पंचेन्द्रिय के पर्याप्त की कायस्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट प्रत्येक सौ सागरोपम से कुछ अधिक की। पर्याप्त एकेन्द्रिय की कायस्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट संख्यात हजार वर्षों की। पर्याप्त द्वीन्द्रिय की कायस्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट संख्यात वर्षों की। पर्याप्त त्रीन्द्रिय की कायस्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट संख्यात दिनरात की। पर्याप्त चतुरिन्द्रिय की कायस्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट संख्यात महीनों की।

अंतर—समुच्चय सेन्द्रिय और अनिन्द्रिय का अंतर नहीं है। एकेन्द्रिय का अंतर जघन्य अंतर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट दो हजार

+ ऊपर तिर्यंच की कायस्थिति में काल, क्षेत्र और पुद्गलपरावर्तन काल की अपेक्षा अनन्तकाल का परिमाण बताया है, तदनुसार यहां अनन्तकाल समझना।

दो भेद–सयोगी भवस्थ केवली–अनाहारक और अयोगी भवस्थ केवली–अनाहारक। सयोगी भवस्थ केवली–अनाहारक की कायस्थिति जघन्य, उत्कृष्ट तीन समय की। अयोगी भवस्थ केवली–अनाहारक की कायस्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त की।

अन्तर–छद्मस्थ–आहारक का अन्तर जघन्य एक समय का, उत्कृष्ट दो समय का। छद्मस्थ–अनाहारक का अंतर जघन्य दो समय न्यून क्षुल्लकभवग्रहण का, उत्कृष्ट असंख्यातकाल–बादर काल–का,काल से असंख्यात उत्सर्पिणी–अवसर्पिणी, क्षेत्र से अंगुल के असंख्यातवें भाग के आकाशप्रदेश प्रमाण। केवली–आहारक का अन्तर जघन्य,उत्कृष्ट तीन समय का। सयोगी केवली–अनाहारक का अंतर जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त का। अयोगी केवली और सिद्ध केवली का अंतर नहीं होता।

१५ भाषकपद–भाषक की कायस्थिति जघन्य एक समय की, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की। अभाषक के दो भेद – सिद्ध अभाषक और संसारी अभाषक। सिद्ध अभाषक सादि–अपर्यवसित है। संसारी अभाषक की कायस्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट अनन्तकाल (वनस्पतिकाल) की।

अंतर–भाषक का अन्तर जघन्य अंतर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट अनंतकाल यानी वनस्पतिकाल का, संसारी अभाषक का जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त का। सिद्ध अभाषक का अन्तर नहीं होता।

१६ परित्तपद–परित्त के दो भेद – संसारपरित्त और कायपरित्त। संसारपरित्त की कायस्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट देशोन अर्द्धपुद्गलपरावर्तन की। कायपरित्त की कायस्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट असंख्यातकाल (पृथ्वीकाल) की। अपरित्त के दो भेद–संसार–अपरित्त और काय–अपरित्त। संसार–

सागरोपम से कुछ अधिक। द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय का अंतर जघन्य अंतर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट अनंतकाल (वनस्पतिकाल) का।

४ कायापद–सकायिक काल की अपेक्षा अनादि–अपर्यवसित और अनादि–सपर्यवसित होते हैं। पृथ्वीकाय, अप्काय, तेजस्काय और वायुकाय, इन चारों की कायस्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट असंख्यात काल की, काल की अपेक्षा असंख्यात उत्सर्पिणी–अवसर्पिणी के समय प्रमाण, क्षेत्र की अपेक्षा असंख्यात लोकप्रमाण। वनस्पति की कायस्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट अनन्त काल की, काल की अपेक्षा अनन्त उत्सर्पिणी–अवसर्पिणी की, क्षेत्र की अपेक्षा अनन्त लोकप्रमाण, पुद्गलपरावर्तन की अपेक्षा असंख्यात पुद्गलपरावर्तन प्रमाण यानी आवलिका के असंख्यातवें भाग में जितने समय होते हैं उतने पुद्गलपरावर्तन की। त्रसकाय की कायस्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट दो हजार सागरोपम से कुछ अधिक। अकायिक (सिद्ध) सादि–अपर्यवसित होते हैं। अकायिक के सिवाय सात बोलों के अपर्याप्त की कायस्थिति जघन्य उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त की। सकायिक और त्रसकाय के पर्याप्त की कायस्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट प्रत्येक सागरोपम से कुछ अधिक। पर्याप्त पृथ्वीकाय, अप्काय, तेजस्काय, वायुकाय और वनस्पतिकाय की कायस्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट तेजस्काय की संख्यात दिनरात की, शेष चार की संख्यात हजार वर्षों की।

अंतर–सकायिक और अकायिक का अंतर नहीं होता है। पृथ्वीकाय, अप्काय, तेजस्काय, वायुकाय और त्रसकाय का अंतर जघन्य अन्तर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट अनन्त काल (वनस्पतिकाल) का। वनस्पतिकाय का अन्तर जघन्य अन्तर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट असंख्यात

अपरित्त के दो भंग होते हैं–अनादि–अपर्यवसित और अनादि–सपर्यवसित। काय–अपरित्त की कायस्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट अनन्तकाल (वनस्पतिकाल) की। नोपरित्त–नोअपरित्त में सादि–अपर्यवसित भंग पाया जाता है।

अन्तर – संसारपरित्त का अन्तर नहीं। कायपरित्त का अन्तर जघन्य अन्तर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट अनन्तकाल (वनस्पतिकाल) का। संसार–अपरित्त का अन्तर नहीं। काय–अपरित्त का अन्तर जघन्य अन्तर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट असंख्यातकाल (पृथ्वीकाल) का। नोपरित्त–नोअपरित्त का अन्तर नहीं होता।

१७ पर्याप्तपद–पर्याप्त की कायस्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट प्रत्येक सौ सागरोपम से कुछ अधिक। अपर्याप्त की कायस्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की। नोपर्याप्त–नोअपर्याप्त (सिद्ध) में सादि–अपर्यवसित भंग पाया जाता है।

अन्तर–पर्याप्त का अन्तर जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त का। अपर्याप्त का अन्तर जघन्य अन्तर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट प्रत्येक सौ सागरोपम से कुछ अधिक का। नोपर्याप्त–नोअपर्याप्त का अन्तर नहीं है।

१८ सूक्ष्मपद–सूक्ष्म की कायस्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट असंख्यातकाल–पृथ्वीकाल की। बादर की कायस्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट असंख्यातकाल बादर काल की। नोसूक्ष्म–नोबादर में सादि–अपर्यवसित भंग मिलता है।

अन्तर–सूक्ष्म का अन्तर जघन्य अन्तर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट असंख्यातकाल यानी बादर काल का। बादर का अन्तर जघन्य अन्तमुहूर्त का, उत्कृष्ट असंख्यातकाल यानी पृथ्वीकाल का। नोसूक्ष्म–नोबादर का अन्तर नहीं।

१९ संज्ञीपद–संज्ञी की कायस्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की,

काल (पृथ्वीकाल) का।

सूक्ष्म के सात बोल—समुच्चय सूक्ष्म, सूक्ष्म पृथ्वीकाय, सूक्ष्म अप्काय, सूक्ष्म तेजस्काय, सूक्ष्म वायुकाय, सूक्ष्म वनस्पतिकाय और सूक्ष्म निगोद। सूक्ष्म के इन सातों बोलों की कायस्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट असंख्यातकाल (पृथ्वीकाल) की। सूक्ष्म के इन सात बोलों के अपर्याप्त और पर्याप्त – चौदह बोलों की कायस्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की।

अन्तर—समुच्चय सूक्ष्म, सूक्ष्म वनस्पति और सूक्ष्म निगोद का अन्तर जघन्य अन्तर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट असंख्यातकाल का, काल की अपेक्षा असंख्यात उत्सर्पिणी—अवसर्पिणी का, क्षेत्र की अपेक्षा अंगुल के असंख्यातवें भाग क्षेत्र में जितने आकाशप्रदेश हों उतने समय का। सूक्ष्म पृथ्वीकाय, सूक्ष्म अप्काय, सूक्ष्म तेजस्काय और सूक्ष्म वायुकाय, इन चार का अन्तर जघन्य अन्तर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट अनन्तकाल (वनस्पतिकाल) का।

बादर के दस बोल—समुच्चय बादर, पांच बादर स्थावर, प्रत्येक शरीर बादर वनस्पतिकाय, बादर निगोद, बादर त्रस, समुच्चय निगोद। समुच्चय बादर और बादर वनस्पतिकाय की कायस्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट असंख्यात काल की, काल की अपेक्षा असंख्यात उत्सर्पिणी— अवसर्पिणी प्रमाण, क्षेत्र की अपेक्षा अंगुल के असंख्यातवें भाग के आकाशप्रदेश प्रमाण। बादर पृथ्वीकाय, बादर अप्काय, बादर तेजस्काय, बादर वायुकाय, प्रत्येक शरीर बादर वनस्पतिकाय, बादर निगोद, इन छह बोल की कायस्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट ७० कोड़ाकोड़ी (कोटि-कोटि) सागरोपम की। समुच्चय निगोद की कायस्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट अनन्तकाल की, काल की अपेक्षा अनन्त उत्सर्पिणी—अवसर्पिणी की, क्षेत्र की अपेक्षा ढाई पुद्गलपरावर्तन

उत्कृष्ट प्रत्येक सौ सागरोपम से कुछ अधिक। असंज्ञी की कायस्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट अनन्तकाल यानी वनस्पतिकाल की। नोसंज्ञी–नोअसंज्ञी में सादि–अपर्यवसित भंग होता है।

अन्तर–संज्ञी का अन्तर जघन्य अन्तर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट अनन्तकाल (वनस्पतिकाल) का। असंज्ञी का अन्तर जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट प्रत्येक सौ सागरोपम से कुछ अधिक काल का। नोसंज्ञी–नोअसंज्ञी का अन्तर नहीं है।

२० भव्यपद–भव्य में एक भंग होता है–अनादि–सपर्यवसित। अभव्य में एक भंग होता है– अनादि–अपर्यवसित। नोभव्य–नोअभव्य में एक सादि–अपर्यवसित भंग होता है। तीनों का अन्तर नहीं है।

२१ अस्तिकायपद–धर्मास्तिकाय आदि छह द्रव्य सदा सर्वदा मिलते हैं।

२२ चरमपद–जिसका चरम भव होगा वह चरम यानी भव्य। जिसका चरम भव नहीं होगा वह अचरम अर्थात् अभव्य। चरम में अनादि–सपर्यवसित भंग होता है। अचरम में अभव्य की अपेक्षा अनादि–अपर्यवसित भंग पाया जाता है और सिद्ध की अपेक्षा सादि–अपर्यवसित भंग पाया जाता है। चरम, अचरम का अन्तर नहीं होता।

११. शरीर का थोकड़ा

(पन्नवणासूत्र, २१ वां पद)

इस थोकड़े में पन्द्रह द्वारों से शरीर का वर्णन किया जाता है। पन्द्रहद्वार – १. नामद्वार, २. अर्थद्वार, ३. स्वामीद्वार, ४. संस्थानद्वार, ५. अवगाहनाद्वार, ६. शरीरसंयोगद्वार, ७. द्रव्यार्थ की

की। बादर त्रसकाय की कायस्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट दो हजार सागरोपम, संख्यातवर्ष अधिक की। बादर के दस बोलों के अपर्याप्त की कायस्थिति जघन्य उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त की। समुच्चय बादर और बादर त्रसकाय के पर्याप्त की कायस्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट प्रत्येक सौ सागरोपम से अधिक की। बादर पृथ्वीकाय, बादर अप्काय, बादर वायुकाय, बादर वनस्पतिकाय, प्रत्येकशरीर बादर वनस्पतिकाय, इन पांच बोलों के पर्याप्त की कायस्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट संख्यात हजार वर्षों की। बादर तेजस्काय के पर्याप्त की कायस्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट संख्यात अहोरात्रि की। समुच्चय निगोद और बादर निगोद के पर्याप्त की कायस्थिति जघन्य, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त की।

अंतर – समुच्चय बादर, बादर वनस्पतिकाय, बादर निगोद और समुच्चय निगोद – इन चार बोलों का अंतर जघन्य अंतर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट पृथ्वीकाल का। बादर पृथ्वीकाय, बादर अप्काय, बादर तेजस्काय, बादर वायुकाय, प्रत्येकशरीर बादर वनस्पतिकाय, बादर त्रसकाय–इन छह बोलों का अन्तर जघन्य अन्तर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट अनन्तकाल अर्थात् वनस्पतिकाल का + है।

५ योगपद–सयोगी दो तरह के होते हैं – अनादि – अपर्यवसित और अनादि–सपर्यवसित। जो कभी मोक्ष नहीं जायेगा वह सदैव योग वाला है। इसलिए वह अनादि–अपर्यवसित योग वाला कहा जाता है। जो कभी न कभी मोक्ष जाने वाला है वह अनादि–सपर्यवसित योग वाला है, क्योंकि मोक्ष जाने पर योग का अभाव

+ समुच्चय बादर, बादर वनस्पतिकाय, समुच्चय निगोद, बादर निगोद, इन चार का अन्तर पृथ्वीकाल का। समुच्चय सूक्ष्म, सूक्ष्म वनस्पतिकाय, सूक्ष्म निगोद, इन तीन का अन्तर बादर काल का। शेष सभी का अन्तर वनस्पतिकाल का।

अपेक्षा (दव्वट्ठयाए) अल्पबहुत्वद्वार, ८. प्रदेशार्थ की अपेक्षा (पएसट्ठयाए) अल्पबहुत्वद्वार, ९. द्रव्यार्थ और प्रदेशार्थ शामिल की अपेक्षा अल्पबहुत्वद्वार, १०. सूक्ष्म–बादरद्वार, ११. अवगाहना का अल्पबहुत्वद्वार, १२. प्रयोजनद्वार, १३. विषयद्वार, १४. स्थितिद्वार, १५. अन्तर (आंतरा) द्वार।

(१) नामद्वार–शरीर पांच होते हैं–औदारिकशरीर, वैक्रियशरीर, आहारकशरीर, तैजसशरीर और कार्मणशरीर।

(२) अर्थद्वार–उदार अर्थात् प्रधान शरीर को औदारिकशरीर कहते हैं। तीर्थंकर, गणधरों के शरीर की अपेक्षा यह शरीर प्रधान कहा गया है। उदार अर्थात् महान् प्रमाणवाला होने से भी यह शरीर औदारिक कहा गया है। भवधारणीय स्वाभाविक वैक्रियशरीर की अपेक्षा औदारिकशरीर अधिक प्रमाण वाला कहा गया है। औदारिकशरीर कमल की अपेक्षा हजार योजन से अधिक प्रमाण वाला होता है। जिस शरीर में विविध अथवा विशिष्ट क्रियाएं होती हैं, उसे वैक्रियशरीर कहते हैं। इस शरीर वाला एक, अनेक, अणु, महान, दृश्य, अदृश्य, आकाशचारी तथा भूमिचर आदि अनेक रूप वाला होता है। वैक्रियशरीर दो तरह का होता है–औपपातिक और लब्धिप्रत्यय। उपपातजन्म वाले देव और नैरयिक के औपपातिक वैक्रियशरीर होता है। मनुष्य और तिर्यंच के लब्धिप्रत्यय वैक्रियशरीर होता है। विशिष्ट लब्धि वाले चौदह पूर्वधारी विशेष प्रयोजन उत्पन्न होने पर केवली भगवान के पास भेजने के लिये स्फाटिक के समान निर्मल जिस शरीर को बनाते हैं, उसे आहारकशरीर कहते हैं। प्राणीदया, ऋद्धिदर्शन, विशिष्ट पदार्थ समझना एवं संशयनिवारण, ये विशिष्ट प्रयोजन हैं। तैजसपुद्गलों का विकार तैजसशरीर है। उष्णता इस शरीर का चिन्ह है। तैजसशरीर आहार को पचाता है। तैजसलब्धि का निमित्त भी यही शरीर है। आत्मप्रदेशों के साथ क्षीर–

हो जाता है। मनयोगी और वचनयोगी की कायस्थिति जघन्य एक समय की, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त की। काययोगी की कायस्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट अनन्तकाल (वनस्पतिकाल) की। अयोगी में सादि– अपर्यवसित भंग पाया जाता है।

अन्तर–सयोगी और अयोगी का अन्तर नहीं है। मनयोगी, वचनयोगी का अन्तर जघन्य अंतर्मुहूर्त का, उत्कृष्ट अनन्तकाल (वनस्पतिकाल) का। काययोगी का अन्तर जघन्य एक समय, उत्कृट अंतर्मुहूर्त का।

६ वेदद्वार–सवेदी तीन तरह के होते हैं–अनादि–अपर्यवसित, अनादि–सपर्यवसित, सादि–सपर्यवसित। जो कभी भी उपशमश्रेणी अथवा क्षपकश्रेणी नहीं करेगा, वह अनादि–अपर्यवसित है। जो उपशमश्रेणी अथवा क्षपकश्रेणी करेगा, वह अनादि–सपर्यवसित है। जो उपशमश्रेणी कर अवेदक होता है और फिर उपशमश्रेणी से गिरकर सवेदक होता है, वह सादि–सपर्यवसित है। सादि–सपर्यवसित सवेदी की कायस्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट देशोन अद्धपुद्गलपरावर्तन की। स्त्रीवेद की कायस्थिति जघन्य एक समय की, उत्कृष्ट पांच प्रकार की (१) ११० पल्योपम प्रत्येक करोड़ पूर्व अधिक (दूसरे देवलोक की अपरिग्रहीता देवी की अपेक्षा), (२) सौ पल्योपम प्रत्येक करोड़ पूर्व अधिक (पहले देवलोक की अपरिग्रहीता देवी की अपेक्ष), (३) अठारह पल्योपम प्रत्येक करोड़ पूर्व अधिक (दूसरे देवलोक की परिग्रहीता देवी की अपेक्षा), (४) चौदह पल्योपम प्रत्येक करोड़ पूर्व अधिक (पहले देवलोक की परिग्रहीता देवी की अपेक्षा), (५) प्रत्येक पल्योपम प्रत्येक करोड़ पूर्व अधिक (मनुष्यस्त्री और तिर्यंचस्त्री की अपेक्षा)। पुरुषवेद की कायस्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त की, उत्कृष्ट प्रत्येक सौ सागरोपम से कुछ अधिक। नपुंसकवेद की कायस्थिति जघन्य एक समय की,

नीर की तरह मिले हुए कर्म ही कार्मणशरीर हैं। यह शरीर आठ कर्मों से बना हुआ है एवं सभी शरीरों का कारण है।

(३) स्वामीद्वार–औदारिकशरीर के स्वामी मनुष्य और तिर्यंच हैं, नैरयिक और देव वैक्रियशरीर के स्वामी हैं। चौदह पूर्वधारी लब्धिधारी मुनिराज आहारकशरीर के स्वामी होते हैं। तैजस और कार्मण शरीर के स्वामी चारों ही गति के जीव होते हैं।

(४) संस्थानद्वार–औदारिक, तैजस और कार्मण शरीर में छहों संस्थान पाये जाते हैं। वैक्रियशरीर में समचतुरस्र (समचउरंस) और हुंडक, ये दो संस्थान पाये जाते हैं। आहारकशरीर में एक समचतुरस्र संस्थान पाया जाता है।

(५) अवगाहनद्वार–औदारिकशरीर की अवगाहना जघन्य अंगुल के असंख्यातवें भाग, उत्कृष्ट एक हजार योजन से कुछ अधिक, कमल की अपेक्षा। वैक्रियशरीर की अवगाहना जघन्य अंगुल के असंख्यातवें भाग, उत्कृष्ट एक लाख योजन से कुछ अधिक उत्तरवैक्रिय की अपेक्षा। आहारकशरीर की अवगाहना जघन्य कुछ कम एक हाथ (मुंड हाथ) की, उत्कृष्ट एक हाथ की। तैजस कार्मण शरीर की अवगाहना जघन्य अंगुल के असंख्यातवें भाग, उत्कृष्ट लोकान्त से लोकान्त तक अर्थात् सम्पूर्ण लोक प्रमाण।

(६) शरीरसंयोगद्वार–औदारिकशरीर में वैक्रियशरीर और आहारकशरीर की भजना है अर्थात् औदारिकशरीर के साथ वैक्रियशरीर कभी होता है, कभी नहीं होता तथा औदारिकशरीर के साथ आहारकशरीर भी कभी होता है, कभी नहीं होता। औदारिकशरीर के साथ तैजस कार्मण शरीर नियमपूर्वक होते हैं। वैक्रियशरीर में औदारिकशरीर की भजना है, वैक्रियशरीर में आहारकशरीर नही होता तथा वैक्रियशरीर में तैजस कार्मण शरीर नियमपूर्वक होते हैं। आहारकशरीर में औदारिक, तैजस और कार्मण शरीर नियमपूर्वक

होते हैं। आहारकशरीर में वैक्रियशरीर नहीं होता। तैजस शरीर में कार्मणशरीर नियमपूर्वक होता है। औदारिक, वैक्रिय और आहारक शरीर की भजना है। कार्मणशरीर में तैजसशरीर नियमपूर्वक होता है, औदारिक, वैक्रिय और आहारक शरीर की भजना है।

(७) द्रव्यार्थ की अपेक्षा (दव्वट्ठयाए) अल्पबहुत्वद्वार–सबसे थोड़े आहारकशरीर द्रव्यार्थ की अपेक्षा, उससे वैक्रियशरीर द्रव्यार्थ की अपेक्षा असंख्यातगुणा, उससे औदारिकशरीर द्रव्यार्थ की अपेक्षा असंख्यातगुणा, उससे तैजस कार्मण शरीर द्रव्यार्थ की अपेक्षा अनन्तगुणा हैं, परस्पर तुल्य हैं। यहां द्रव्यार्थ का आशय शरीर रूप द्रव्य की संख्या से है।

(८) प्रदेशार्थ की अपेक्षा (पएसट्ठयाए) अल्पबहुत्वद्वार–सबसे थोड़े आहारकशरीर प्रदेश की अपेक्षा,उससे वैक्रियशरीर प्रदेश की उपेक्षा असंख्यातगुणा, उससे औदारिकशरीर प्रदेश की अपेक्षा असंख्यातगुणा, उससे तैजस शरीर प्रदेश की अपेक्षा अनन्तगुणा, उससे कार्मणशरीर प्रदेश की अपेक्षा अनन्तगुणा।

(९) द्रव्यार्थ प्रदेशार्थ शामिल की अपेक्षा अल्पबहुत्वद्वार–सबसे थोड़े आहारकशरीर द्रव्यार्थ की अपेक्षा, उससे वैक्रियशरीर द्रव्यार्थ की अपेक्षा असंख्यातगुणा, उससे औदारिकशरीर द्रव्यार्थ की अपेक्षा असंख्यातगुणा, उससे आहारकशरीर प्रदेश की अपेक्षा अनन्तगुणा, उससे वैक्रियशरीर प्रदेश की अपेक्षा असंख्यातगुणा, उससे औदारिकशरीर प्रदेश की अपेक्षा असंख्यातगुणा, उससे तैजस कार्मण शरीर द्रव्यार्थ की अपेक्षा अनन्तगुणा परस्पर तुल्य, उससे तैजस शरीर प्रदेश की अपेक्षा अनन्तगुणा, उससे कार्मणशरीर प्रदेश की अपेक्षा अनन्तगुणा।

(१०) सूक्ष्मबादरद्वार–सबसे सूक्ष्म पुद्‌गल कार्मण शरीर के, उसकी अपेक्षा तैजसशरीर के बादर, उसकी अपेक्षा आहारकशरीर

